



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 332 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.10 2081 रविवार, 23 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## मोदी के नए मुख्य सचिव शक्तिकांत दास




नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'प्रधान सचिव-2' नियुक्त हुए हैं।

सरकारी सूचना के अनुसार, यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के साथ उनके कार्यकाल जितनी रहेगी। या फिर जब तक कोई नया आदेश ना आये। प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी।'

# टनल हादसा, 8 मजदूर फंसे

### एंट्री पॉइंट से 14 किमी दूर 3 मीटर हिस्सा गिरा; 4 दिन पहले काम शुरू हुआ था




हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन हिस्से में छत का एक हिस्सा ढह गया। हादसे में कम से कम आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम आकलन के लिए अंदर गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को फोन करके बचाव कार्य की जानकारी ली। पीएम मोदी ने बचाव प्रयासों में सभी मदद और सहायता का आश्वासन दिया।

अधिकारियों के मुताबिक, छत का करीब तीन मीटर हिस्सा ढहा है। टनल का काम काफी समय से रुका हुआ था। चार दिन पहले ही दोबारा काम शुरू किया गया। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी की 2 रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई हैं। कंपनी के मुताबिक, घटना के दौरान 50 मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे। इनमें से 43 सुरक्षित बाहर आ गए हैं।

टनल में फंसे मजदूरों के नाम हैं मनोज कुमार,श्री निवास, संदीप साहू, जगता एक्सेस, संतोष साहू, अनुज साहू, सनी सिंह , गुरप्रीत सिंह।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने सीएम रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को सुरंग दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

इससे पहले अगस्त 2024 में सुनकीशाला में रिटेनिंग वॉल गिरने की घटना हुई थी और अब यह हादसा। यह साफ तौर पर कांग्रेस सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के हादसे ठेकेदारों से मिलीभगत और खराब क्वालिटी के काम की वजह से हो रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कालेश्वरम प्रोजेक्ट के दौरान एक बैराज के पिलर गिरने पर खूब हंगामा किया था, अब जब उनकी सरकार में लगातार ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं, तो वे क्या कहेंगे?

इससे पहले 1 अगस्त 2024 को तेलंगाना में नागार्जुनसागर बांध के पास स्थित सुनकीशाला में रिटेनिंग वॉल गिर गई थी। भारत राष्ट्र समिति ने इस हादसे के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया था और न्यायिक जांच की मांग की थी।

### सीएम बोले- अफसरों को मौके पर भेजा है




तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, उन्होंने जिला कलेक्टर, फायर ब्रिगेड और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य में लगे हुए हैं।

सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने एक बयान में कहा, 'यह दुर्घटना श्रीशैलम से देवरकोंडा जाने वाली सुरंग के 14वें किलोमीटर के इनलेट (डोमलपेंटा के पास) पर सीपेज पर लगी कंक्रीट के फिसलने के कारण हुई।'

# पीएम मोदी-शरद पवार की गर्मजोशी से चढ़ा सियासी पारा?

### चर्चा के केंद्र में सुप्रिया सुले

मुंबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। क्या महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा खेला होने वाला है? नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार की मुलाकात के बाद राज्य की राजनीति का पारा चढ़ गया है। महाराष्ट्र में इसको लेकर बयानबाजी भी शुरू हो गई है। विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए)में शामिल शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने पीएम मोदी द्वारा शरद पवार को पानी देने पर कहा है कि पीएम मोदी कैमरे में आने के लिए इस तरह के काम करते हैं। राउत ने कहा कि एनसीपी (एसपी) के नेता शरद पवार एक वरिष्ठ नेता है। इन्हीं पवार साहब को एक बार पीएम ने भटकी आत्मा कहा था और अब भटकती आत्मा को पानी दिया है। तो क्या हो गया? राउत ने पीएम मोदी का राजनीतिक व्यापारी बताया है। 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन




समारोह में पीएम मोदी और शरद पवार के बीच गर्मजोशी दिखाई दी थी।

**दोनों का होगा फायदा**

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि पवार अभी तक जो कहते आए हैं उसके उलट करते आए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अगर पवार बीजेपी के साथ चले जाएं तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। केंद्र में बीजेपी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार को अपने नंबर मजबूत करना चाहती है। शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के पास आठ सांसद हैं। इसमें छह सांसदों के कभी भी साथ छोड़ने की स्थिति खड़ी हो सकती है। एनसीपी की राजनीति पर नजर रखने वाले जानकार कहते हैं कि अगर ये सांसद बीजेपी में जाएंगे तो राजनीतिक तौर पर हंगामा खड़ा हो सकता है लेकिन अगर अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी में जाते हैं तो वे यह कह सकते हैं कि वे असली एनसीपी में आ गए हैं क्योंकि पिछले साल विधानसभा स्पीकर और कोर्ट ने अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी को असली एनसीपी माना था। महाराष्ट्र में चर्चा है कि अगर शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी को अपने सांसद बचाने हैं तो सत्ता के करीब जाना होगा। सत्ता पर दोनों जगह बीजेपी काबिज है। अगर केंद्र में शरद पवार पीएम मोदी की अगुवाई वाली सरकार को समर्थन देते हैं तो उनके सांसद न सिर्फ सुरक्षित रहेंगे बल्कि टूट का खतरा टल जाएगा।

**सुप्रिया बन सकती हैं मंत्री**

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पवार कौन सी गुगली फेंकने वाले हैं। इसका अनुमान लगाना कठिन है। पिछले दिनों एक उद्योगपति की पहल पर शरद पवार के बीजेपी के करीब जाने की अटकलें लगी थीं। चर्चा हुई थी कि मोदी सरकार 3.0 में सुप्रिया सुले मंत्री बन सकती हैं। इतना ही नहीं उन्हें महत्वपूर्ण विभाग दिया जा सकता है। ऐसे में शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी को पावर भी मिल जाएगी। नई दिल्ली में पीएम मोदी और शरद पवार की गर्मजोशी ने इस चर्चा को फिर से छेड़ दिया है। सुप्रिया सुले चौथी बार बारामती से जीतकर लोकसभा पहुंची हैं। अब देखना है कि मुंबई से लेकर दिल्ली के बीच राजनीति किस करवट से आगे बढ़ती है। पिछले दिनों जब आदित्य ठाकरे दिल्ली के दौरे पर गए थे तब उन्होंने शरद पवार से भेंट नहीं की थी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है अगर पवार साथ आते हैं तो इंडिया गठबंधन कमजोर पड़ेगा। इतना ही नहीं बीजेपी की नीतीश और नायडू पर निर्भरता भी कम हो जाएगी।

### हैदरबाद से आ रही फ्लाइट में यात्री की बिगड़ी तबीयत

चेन्नई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। हैदराबाद से आने वाली एक निजी एयरलाइन के विमान को शनिवार को चेन्नई में आपात लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में एक यात्री की तबीयत बिगड़ने के बाद यह कदम उठाना पड़ा। शहर के हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि यात्री की स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद आपातकालीन लैंडिंग करने पड़ी। उन्होंने बताया कि चेन्नई जाने वाली फ्लाइट में सवार एक पुरुष यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलटों ने आपातकालीन लैंडिंग की प्रक्रिया शुरू की। लैंडिंग के बाद मेडिकल टीम यात्री को देखने के लिए पहुंची और उसका इलाज किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुसार आपातकालीन लैंडिंग के लिए एयरलाइन को प्राथमिकता देने के लिए कुछ समय के लिए किसी भी अन्य फ्लाइट को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद की फ्लाइट की आवाजाही भी प्रभावित नहीं हुई।

### अवैध धार्मिक निर्माण को लेकर बवाल के बाद कर्फ्यू

नासिक , 22 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को द्वारका के काठे गली इलाके में उस वक्त कर्फ्यू लगा दिया गया। जब कथित तौर पर अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण को विवाद बढ़ गया। वहीं विवादित ढांचे को हटाने के लिए पहुंची अतिक्रमण टीम का विरोध किया गया। इसके बाद पुलिस ने इलाके में कर्फ्यू लगा दिया।

काठे गली से नागजी चौक की ओर जाने वाली सड़क पर एक अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर विरोध शुरू हुआ। धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने के लेकर हिंदुत्व संगठन आक्रामक हो गए। इसे लेकर संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। वहीं हिंदूवादी संगठनों ने अवैध धार्मिक ढांचे को हटाए जाने तक अपना आंदोलन जारी रखने की कसम भी खाई है।

वहीं इस मामले में पुलिस ने कुछ साधु-संतों को गिरफ्तार करना भी शुरू कर दिया है। जिसके बाद से मौके पर स्थिति और खराब हो गई और पुलिस-प्रशासन को एहतियातन कर्फ्यू लगाना पड़ा। इस मामले में शुक्रवार रात से कई सड़कें बंद कर दिए गए और आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं।

# पीएम से मिलीं दिल्ली की सीएम

### मोदी 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लॉन्च कर सकते हैं

### आतिशी बोलीं-पहली मीटिंग में क्यों नहीं पास की



नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के विकास को लेकर पार्टी मैनिफेस्टो और विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक सीएम ने महिला सम्मान योजना 8 मार्च से लागू करने की घोषणा की है। संभवत: पीएम के हाथों इसकी शुरुआत हो सकती है।

इधर, दिल्ली में यमुना की सफाई का काम शुरू होने के बाद अब सड़कों पर पड़े कचरे को हटाने का काम शुरू हो गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी। उन्होंने अफसरों से साफ पानी की सप्लाई, सड़कों की स्थिति और बिजली ठीक करने का निर्देश दिया था।

वहीं, दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के दौरान महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन कैबिनेट की पहली मीटिंग में इस पर फैसला क्यों नहीं लिया गया।

आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 31 जनवरी को द्वारका में एक चुनावी रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में सम्मान योजना पर मुहर लगाई जाएगी। महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही हैं। भाजपा ने कहा है कि 8 मार्च से योजना लागू की जाएगी।

दिल्ली में विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 2% फरवरी तक चलेगा। भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर बनाया जा सकता है। वे निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

# बाजार में अधिक तेल होने से ईंधन की कीमतों में कमी संभव

### पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में विश्वास जताया है कि भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के मोर्चे पर भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। पुरी के अनुसार, भारत अर्जेंटीना सहित 40 देशों से तेल खरीदरता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में पर्याप्त तेल है, इसलिए तेल उत्पादक देश जो कटौती कर रहे हैं, उन्हें भी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि तेल खरीद में डॉलर के इस्तेमाल को खत्म करने का इरादा कभी नहीं था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि "अधिकांश लेनदेन डॉलर में होते हैं और हमेशा से होते आए हैं।' पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, अमेरिका में, उन्होंने (ट्रंप ने) कहा, ड्रिल, बेबी, ड्रिल। जो अधिक ड्रिलिंग करने और अधिक तेल निकालने का संकेत है। उन्होंने आधिकारिक रूप से कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को कम करना चाहते हैं।

पुरी ने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले समय में वैश्विक ऊर्जा की स्थिति में सुधार होगा। बाजार में अधिक ऊर्जा आएगी और उम्मीद है कि इससे कीमतों में कमी लाने में मदद मिलेगी। जब ऊर्जा कम कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होती है, तो इससे महंगाई को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का प्राथमिक उद्देश्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए "कम कीमतों पर' पर्याप्त तेल खरीदना है।

# 'ब्राह्मण की बेटी हूं'

### बीजेपी के हिंदू कार्ड पर ममता बनर्जी का सबसे बड़ा जाति कार्ड



नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने में अभी एक साल से भी कम समय बचा है। इस हफ्ते बंगाल में राजनीतिक माहौल गर्म है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा ने एक-दूसरे पर जमकर निशाना साधा है। सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में सरस्वती पूजा में बाधा डाली जा रही है।

**सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर हिंदू विरोधी होने का लगाया आरोप**

भाजपा ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव की मांग की, लेकिन जब स्पीकर बिमान बनर्जी ने इस पर बहस की अनुमति नहीं दी, तो भाजपा विधायकों ने विरोध में विधानसभा से वॉकआउट कर दिया। चार भाजपा विधायकों को निलंबित किए जाने के बाद सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी सरकार पर हिंदू विरोधी होने और मुसलमानों का तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया। अगले दिन टीएमसी ने सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया।

**मैं एक ब्राह्मण परिवार की बेटी हूं- ममता**

ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए चुनौती दी कि वह अपने इस आरोप को साबित करे कि टीएमसी के बांग्लादेशी आतंकवादियों से संबंध हैं। उन्होंने सदन में कहा, अगर वे (भाजपा) यह साबित कर दें कि मेरे बांग्लादेश और जम्मू-कश्मीर के आतंकवादियों से संबंध हैं, तो मैं तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगी। मैं धर्म, जाति या पंथ के बारे में चर्चा नहीं करती। मैं एक ब्राह्मण परिवार की बेटी हूं और मेरे पिता, जो स्वतंत्रता सेनानी थे, उनका निधन बचपन में ही हो गया था। मैंने उनसे चंडी पाठ सीखा है और मैं इन मूल्यों को बहुत मानती हूं।

ममता ने कहा, मैंने हिंदुओं के लिए अपनी सरकार की पहलों को भी गिनाया, जिसमें उन्होंने पूर्वी मेदिनीपुर में जगन्नाथ मंदिर और कोलकाता के पास दक्षिणेश्वर में काली मंदिर में स्काईवॉक का जिक्र किया। प्रयागराज में महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं, लेकिन उन्होंने इसे जिस रूप में बदल दिया है, वह दुखद है। वे कह रहे हैं कि 30 लोग मारे गए, लेकिन हजारों शव बह गए। उन्होंने मृतकों की संख्या कम करने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया।

भाजपा शासन में महाकुंभ "मृत्यु कुंभ' में बदल गया है।

# फंडिंग पर बीजेपी-कांग्रेस में बढ़ी रार

### एक-दूसरे के खिलाफ पेश कर रहे सबूत

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच यूएसऐड (यूएस एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डेवलपमेंट) फंड को लेकर तीखी बहस छिड़ी हुई है। बीजेपी ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि 2022 में 21 मिलियन डॉलर का आवंटन बांग्लादेश के लिए था, न कि भारत के लिए। दूसरी तरफ, कांग्रेस का आरोप है कि सत्तारूढ़ दल इस बात का इस्तेमाल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए कर रहा है।

**यूएसऐड की फंडिंग पर थम नहीं रहा विवाद**

बीजेपी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि फंड भारत के मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए था। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने




एक अंग्रेजी अखबार की खबर का हवाला देते हुए बीजेपी से माफी मांगने की मांग की है। कांग्रेस का दावा है कि बीजेपी का यह बयान सिर्फ ध्यान भटकाने की कोशिश है। पार्टी का आरोप है कि बीजेपी ने खुद पहले विदेशी फंड का इस्तेमाल कांग्रेस सरकारों को अस्थिर करने के लिए किया था।

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलोन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी) की एक एक्स पोस्ट का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि फंड आवंटन (जिसे बाद में रद्द कर दिया गया) का उद्देश्य भारत में वोटर टर्नआउट के लिए था। उन्होंने कहा, 'सुबह से गांधी परिवार से जुड़े तथाकथित फैक्ट चेकर, जिन्हें भी फंड दिया जा रहा है, दावा कर रहे हैं कि 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग भारत से जुड़ी नहीं है... उनका काम राहुल गांधी के झूठ को सच के रूप में प्रचारित करना है।'

भाटिया ने गांधी को देशद्रोही करार देते हुए कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी पर देश की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए भारत विरोधी ताकतों की मददगार के रूप में कार्य करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'ऐसा इसलिए क्योंकि मोदी जी के प्रति उनकी नफरत भारत के प्रति, यहां के नागरिकों के प्रति नफरत में बदल गई है। वे चुनावी तौर पर मोदी जी को हरा नहीं सकते, इसलिए वे विदेशी ताकतों पर निर्भर हैं। मोदी जी में देश को एक मजबूत नेतृत्व मिला है, जो गांधी को पसंद नहीं है।'

बीजेपी प्रवक्ता ने कहा, '2004 से 2013 तक, कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार को 2,115 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग मिली। और, मोदी जी के कार्यकाल के दौरान सिर्फ 1.5 मिलियन डॉलर आए। ऐसा इसलिए क्योंकि वे जानते हैं कि नरेंद्र मोदी भारत के हितों को किसी विदेशी ताकत को नहीं बेचेंगे।

**विदेश मंत्रालय बोला- हो रही है जांच**

वहीं, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'भारत में वोटर टर्नआउट' के लिए 21 मिलियन अमरीकी डॉलर की फंडिंग के बारे में टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा, 'हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ अमेरिकी गतिविधियों और फंडिंग के संबंध में दी गई जानकारी देखी है। ये स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाले हैं।

>14

### अमित शाह का राहुल गांधी को जवाब

# पीएम मोदी एक क्लिक पर धनराशि लोगों के खाते में भेजते हैं

पुणे, 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जवाब दिया। पुणे में जनता सहकारी बैंक लिमिटेड के अमृत महोत्सव के समापन समारोह में अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने जनधन खाते खोले, तो राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि पीएम मोदी खाते में क्या ट्रांसफर करेंगे? मैं आपको बताना चाहता हूं राहुल गांधी कि पीएम मोदी एक क्लिक से लाखों लाभार्थियों के खाते में धनराशि ट्रांसफर करते हैं।

उन्होंने सहकारिता को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत के लिए दो लक्ष्य तय किए हैं। पहला 2047 तक विकसित भारत और पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था। ये दोनों लक्ष्य सहकारी क्षेत्र के योगदान से हासिल किए जा सकते हैं।

अमित शाह ने कहा कह पीएम मोदी ने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की शुरुआत की है। इस मंत्रालय के जरिये देश में कई चीजों में क्रांति आई है। मंत्रालय सहकार से समृद्धि के आदर्श वाक्य पर काम करता है। जनता सहकारी बैंक भी उसी तर्ज पर काम करता है। उन्होंने कहा कि देश में 1465 शहरी सहकारी बैंक हैं और 400 से अधिक अकेले महाराष्ट्र में हैं। हम एक विशेष संगठन को सक्रिय कर रहे हैं। जो सभी सहकारी बैंकों की हर संभव तरीके से मदद करेगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है।

# भूटान के प्रधानमंत्री की शानदार हिंदी ने जीता सभी का दिल

## पीएम मोदी को बताया अपना मार्गदर्शक और बड़ा भाई





नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बड़ा भाई और मार्गदर्शक बताया। प्रधानमंत्री तोबगे ने पीएम मोदी से उनका मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया, ताकि वह अपने देश की सार्वजनिक सेवा में परिवर्तन लाने में योगदान दे सकें।

नई दिल्ली में 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' (एसओयूएल) सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान तोबगे ने हिंदी का खुलकर इस्तेमाल किया। इस पर भी दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। उन्होंने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं आपमें एक बड़े भाई की छवि देखता हूं, जो हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते हैं और मेरी मदद करते हैं।' शेरिंग ने एसओयूएल पहल का श्रेय पीएम मोदी को देते हुए कहा कि यह प्रामाणिक नेताओं को विकसित करने और उन्हें भारत के महान गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। अपने संबोधन में भूटानी प्रधानमंत्री ने विनम्रतापूर्वक कहा कि वह इस कार्यक्रम में नेतृत्व का पाठ पढ़ाने नहीं बल्कि 'एक छात्र के रूप में सीखने' आए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, 'नेतृत्व का मतलब उपाधियों से नहीं है, पदों से नहीं है, यह दूरदृष्टि, साहस और बदलाव के लिए प्रेरित करने की क्षमता से है। नेतृत्व का मतलब परिवर्तन से है, यह समाज को उस स्थान से ले जाने से है जहां वह आज खड़ा है, और इसे ऐसे भविष्य की ओर ले जाने से है जो सभी के लिए अधिक समृद्ध, अधिक शांतिपूर्ण और खुशहाल हो।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक नेता वह देखता है जो दूसरे अभी तक नहीं देख पाए हैं, वह उस पर विश्वास करता है जिस पर दूसरे संदेह कर सकते हैं, और जहां दूसरे हिचकिचाते हैं वह वहां कार्रवाई करता है। तोबगे ने कहा, 'आदरणीय प्रधानमंत्री, मेरे बड़े भाई, आपने अपनी बुद्धिमता, साहस और करुणा से भरे नेतृत्व से भारत को 10 वर्षों में ही प्रगति के पथ पर अग्रसर कर दिया है।' पीएम मोदी ने भूटानी प्रधानमंत्री द्वारा की गई प्रशंसा को हाथ जोड़कर स्वीकार किया। तोबगे ने 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्वच्छ भारत' जैसी सरकार की पहलों को पीएम मोदी का 'राष्ट्र को उपहार' बताया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व ने बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकाला और इसने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'नई ऊंचाइयों' पर पहुंचाया है।

*दिल्ली वालों का आभार जताते हुए बोलीं सीएम*

# 'कुछ दिनों की दिक्कत है फिर सब ठीक हो जाएगा'



नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अपने आवास से ही जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमने जो भी वादे किए हैं, उसे हर कीमत पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने लोगों की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहूंगी कि आपने मेरा समर्थन किया। इस वजह से मुझे आप लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पीएम मोदी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री का ही आशीर्वाद है कि दिल्ली की बेटी को इतना बड़ा सम्मान मिला।

इसके बाद उन्होंने लोगों की ओर इशारा करते हुए सवालिया लहजे में कहा कि आप लोगों का आशीर्वाद मेरे साथ है ना? तो इस पर लोगों ने हां कहते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि समस्या कुछ दिनों की है जो खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी। मैं चाहती हूं कि एक-एक दिन दिल्ली वालों की भलाई में लगाऊं। सीएम ने शपथ के बाद कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की बात भी कही। बोलीं, परसों हमने शपथ ली। इसके बाद उसी दिन कैबिनेट की बैठक की। शपथ ग्रहण के बाद अपनी पहली ही बैठक में हमने आयुष्मान योजना को लागू किया। इस योजना को पिछली सरकार ने रोककर रखा था, लेकिन हमने इसे लागू किया, ताकि दिल्ली के हर व्यक्ति की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आगे कहा कि आज तीसरा दिन है। मैं लगातार सचिवालय में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रही हूं और यह सुनिश्चित कर रही हूं कि कोई भी काम न रुके। मैं आश्वस्त करती हूं कि दिल्ली की जनता का एक भी दिन बर्बाद नहीं होने दूंगी। हर दिन का उपभोग दिल्ली की जनता के हित में किया जाएगा। हमारा बस एक ही मिशन है।

## खबरें जरा हटके

### 1000 कब्रों पर मिले क्यूआर कोड वाले स्टीकर, कोड स्कैन करने से उलझी पहेली, पुलिस का भी घूमा दिमाग!




कब्रिस्तान एक शांत इलाका ही होता है. अक्सर वहां होने वाली कुछ असामान्य सी गतिविधियां कई तरह की अफवाहों और किवदंतियों को पैदा कर देती हैं. कई बार इसी वजह से लोग यहां दहशत में भी आ जाता हैं. यहां जमीन दफन लाशों से इंसानी हड्डियों का फॉस्फोरस भी कई बार हवा में आ जाता है. जिससे लोगों को अलग अलग तरह की आकृतियों का भ्रम हो जाती है और कब्रिस्तान के भूतों की कहानियां बनने लगती हैं. लेकिन जर्मनी के शहर म्यूनिख में अलग ही कहानी ने पुलिस तक को हैरान कर रखा है. वहां की कई कब्रों के ऊपर एक क्यूआर कोड के आने से सनसनी फैल गई है. शहर में के 3 कब्रिस्तान में करीब एक हजार कब्रों और लकड़ी के क्रॉस के ऊपर स्टीकर्स चिपके हुए हैं जिनमें बाकायदा एक क्यूआर कोड लगा हुआ है और यह क्यूआर कोड चल भी रहा है. इस कोड़ के स्टीकर नई और पुरानी सभी कब्रों के पत्थरों पर चिपके मिले हैं. रोचक बात ये है कि क्यूआर कोड को स्कैन करने पर कब्रिस्तान में दफनाए गए शख्स का नाम और उसके कब्र की लोकेशन तक मिल जाती है.

**केवल 3 कब्रस्तानों में, कहीं और नहीं**

5×3.5 सेमी के ये स्टीकर हाल के दिनों में वाल्डफ्रीडहोफ, सेंडलिंगर फ्रीडहोफ और फ्रीडहोफ सोल्न कब्रिस्तानों में सामने आए हैं. वहीं पुलिस के प्रवक्ता क्रिस्चियन ड्रेक्सेलर का कहना है की इस तरह के पैटर्न को कहीं और नहीं पाया गया है. स्टीकर को पुरानी और नई कब्रों दोनों पर लगाया गया है. इनमें वे नई कब्र भी शामिल हैं जिन पर अभी केवल लकड़ी का क्रॉस लगा हुआ है.


**छानबीन जारी :** जिन लोगों ने किसी को इस तरह के स्टीकर लगाते हुए देखा है उन्हें कब्रिस्तान के प्रशासन को जानकारी देने को कहा गया है. फिलहाल अधिकारियों को यह पता नहीं चल सका है कि ये स्टीकर किसने और कैसे लगाए थे. इसके अलावा पुलिस इसकी भी छानबीन कर रही है कि इसके साथ ही किसी सम्पत्ति को किसी तरह का नुकसान तो नहीं हुआ है. हां, स्टीकर को निकालने से भी कब्र को नुकसान हो रहा है.

### 'गुनाह कबूल है!' इस 'जेल' में लोग खुद को कैद करवाने के लिए लाइन में खड़े हैं, हथकड़ी पहन खानी पड़ती है बिरयानी



अब तक आपने सुना होगा कि लोग जेल जाने से डरते हैं, लेकिन सिद्दीपेट में एक होटल ऐसा है, जहां लोग खुशी-खुशी खुद को 'कैद' करवा रहे हैं. जी हां, तेलंगाना के मैत्री वनम इलाके में खुला 'जेल मंडी' होटल हर किसी की जुबान पर है. यहां खाने से ज्यादा माहौल चर्चा में है—जेल जैसी कोठरियां, हथकड़ियां, पुलिस की लाठियां और वर्दियां. अब सोचिए, कोई आपको कहे कि चलो जेल चलते हैं और आप मना करने के बजाय खुशी-खुशी तैयार हो जाएं. यही तो हो रहा है मल्लिकार्जुन के इस अनोखे होटल में, जिसने अपने अनोखे अंदाज से लोगों को लुभा लिया है. इस होटल की सबसे खास बात यह है कि यहां खाने का मजा लेने के लिए आपको एक जेल सेल में बैठना पड़ेगा. वैसे कोई जबरदस्ती नहीं है, लेकिन जेल जैसी कोठरियों में बैठकर गरमा-गरम बिरयानी खाने का जो मजा है, वो शायद किसी बड़े रेस्तरां में भी न मिले और हां, यहां के मेन्यू की सबसे चर्चित डिश 'चिकन जूसी बिरयानी' है, जो ग्राहकों को इतनी पसंद आई है कि लोग दोबारा-तिबारा लौटकर आ रहे हैं. आज के सोशल मीडिया के जमाने में सिर्फ खाना ही काफी नहीं, जब तक उसमें कुछ अलग हटकर न हो. इसीलिए होटल में सिर्फ खाने का नहीं, बल्कि मजेदार फोटोशूट का भी पूरा इंतजाम है. लोग पुलिस की वर्दी पहनकर, हथकड़ी लगाकर और जेल की कोठरी में बैठकर तस्वीरें खिंचवा रहे हैं. इस अनोखे होटल के पीछे दिमाग है मल्लिकार्जुन का, जो अपने नवाचार से लोगों को चौंकाने में माहिर हैं. उन्होंने होटल खोलते वक्त सिर्फ खाने पर ही नहीं, बल्कि उसके एक्सपीरियंस पर भी फोकस किया. नतीजा? दो महीने में ही ये होटल लोगों की फेवरेट जगह बन चुका है.

### साइंटिस्ट्स ने दूर के ग्रह के वायुमंडल का बनाया नक्शा, जो दिखा वो सपने में भी नहीं सोचा था!



हमारे सौरमंडल के बाहर भी दूर हमारी ही गैलेक्सी में कई तारे हैं जिनके अपने ग्रह हैं. इन ग्रहों की खोज के अलावा वैज्ञानिक इनके वायुमडंल की पड़ताल भी करते हैं, जो कि एक बहुत ही मुश्किल काम होता है. नई स्टडी में वैज्ञानिकों ने अरबों खरबों की दूर पर मौजूद एक ग्रह के वायुमंडल का अध्ययन कर उसका 3 डी नक्शा बनाने में सफलता हासिल की है. लेकिन हैरानी बात उसके नतीजे हैं जिनसे वहां हवा में धातु की धाराएं बहने का पता चला है, जिसकी किसी साइंस फिक्शन तक में कल्पना नहीं की थी. चिली के यूरोपियन साउदर्न ऑबजर्वेटरी और अन्य टेलीस्कोपों की मदद से वैज्ञानिकों ने बाह्यग्रह वास्प-121b जिसे टायलोस भी कहते हैं, कहा अध्ययन किया. यह अति गर्म बृहस्पति ग्रह पृथ्वी से 900 प्रकाश वर्ष की दूरी पूप्पिस तारामंडल की ओर स्थित है. इसके अध्ययन में जो नतीजे मिले हैं वो अभूतपूर्व हैं, यानी पहली बार मिले हैं और काफी चौंकाने वाले हैं.अध्ययन के मुख्य लेखिका और ईएसओ की शोधकर्ता जूलिया विक्टोरिसाय साइडेल ने बताया कि ग्रह का वायुमंडल सीधे तौर पर हमारी मौसम के काम करने समझ को चुनौती दे रहा है. ऐसा लगता है कि यह तो साइंस फिक्शन से भी बाहर की चीज़ है. यह ग्रह 30 घंटे में अपने तारे का चक्कर लगाता है, जिसकी एक तरफ बहुत ही ज्यादा गर्म और दूसरी तरफ बहुत ही ठंडी है. तापमान के इस अंतर की वजह से वहां बहुत ही ज्वलंत किस्म का वायुमंडल है. वहां एक जेट धारा ग्रह की भूमध्य रेखा केपास पदार्थ को घुमा रही है जिसमें, निचले सतर पर गैस गर्म तरफ से ठंडी तरफ की ओर जाती है. ऐसा पहले किसी भी ग्रह में देखने को नहीं मिला है.शोधकर्ताओं को टायलोस के आसमान में अलग अलग ऊंचाइयों पर लोहे और अन्य गैसों की मौजूदगी मिली है. उससे उन्हें बहुत ही तेजी से बहने वाली हवाओं का पता चला है.

# कमल हासन ने केंद्र की भाषा नीति का विरोध किया

## तमिलों ने भाषा के लिए जान गंवाई, इसके साथ मत खेलो



चेन्नई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में ट्राई लैंग्वेज विवाद को लेकर मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) पार्टी के प्रमुख कमल हासन ने कहा- तमिल भाषा उनकी सांस्कृतिक पहचान है। लोगों ने इसके लिए जान गंवाई है। इसके साथ खिलवाड़ न करें। एक्टर से नेता बने हासन चेन्नई में अपनी पार्टी की आठवें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। हासन ने कहा- भाषा के मुद्दों को हल्के में न लिया जाए। तमिलनाडु के बच्चे भी जानते हैं कि उन्हें कौन सी भाषा चाहिए। उनके पास अपनी भाषा चुनने की समझ है। हासन ने यह बयान केंद्र और राज्य के बीच जारी ट्राई लैंग्वेज विवाद को लेकर दिया है। 2019 में लागू न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत हर राज्य के छात्रों को तीन भाषा सीखनी होंगी। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जा सकती है। तमिलनाडु में हमेशा से दो भाषा नीति रही है। यहां के स्कूलों में तमिल और अंग्रेजी पढ़ाई जाती है।

# थरूर ने राहुल से पूछा-कांग्रेस में मेरा क्या रोल

## महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने नहीं दिया जाता, पार्टी इग्नोर कर रही है; असमंजस में हूं



नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के सीनियर लीडर और केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने पार्टी नेतृत्व से अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने राहुल गांधी से पूछा, कांग्रेस में मेरा क्या रोल है।

शशि थरूर ने 18 फरवरी को दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पार्टी में किनारे किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें संसद के महत्वपूर्ण बहसों में बोलने का मौका नहीं मिलता और पार्टी में उन्हें इग्नोर किया जा रहा है। थरूर ने कहा कि वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर असमंजस में हैं और चाहते हैं कि राहुल गांधी उन्हें उनकी भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से बताएं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल गांधी ने थरूर की शिकायतों का कोई खास जवाब नहीं दिया और न ही उनकी कोई गंभीर समस्याओं को सुलझाया। थरूर को यह महसूस हुआ कि राहुल गांधी इस मामले में कोई भी खास वादा करने को तैयार नहीं थे।

**पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा की तारीफ की थी**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) शशि थरूर से नाराज है क्योंकि उन्होंने पार्टी की आधिकारिक रुख से हटकर थरूर ने कई बयान दिए हैं।

हाल ही में थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा की तारीफ की थी जिसे पार्टी के एक ने गलत तरीके से लिया।

**केरल सरकार की नीति की तारीफ भी कर चुके हैं**

इसके अलावा थरूर ने एलडीएफ सरकार के तहत औद्योगिक नीति की प्रशंसा करने वाले उनके लेख ने केरल कांग्रेस में असंतोष बढ़ा दिया।

# शिवराज की शिकायत के बाद एअर इंडिया ने केंद्रीय मंत्री से मांगी माफी



नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की शिकायत के बाद विमानन कंपनी एअर इंडिया ने माफी मांगी है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर विमानन कंपनी के खिलाफ असंतोष जाहिर किया था। दरअसल, शिवराज ने विमान यात्रा के दौरान एअर इंडिया पर टूटी हुई सीट आवंटित करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद विमानन कंपनी को केंद्रीय मंत्री से माफी मांगनी पड़ी। एअर इंडिया ने केंद्रीय मंत्री की शिकायत के जवाब में कहा, आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। कृपया निश्चिंत रहें कि हम भविष्य में ऐसी किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए इस मामले को ध्यान से देख रहे हैं।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, आज मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्‌घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के माननीय प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है। मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक AI436 में टिकिट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि जब मैंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की? उन्होंने जवाब दिया प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं।

# मणिपुर में प्रतिबंधित गुट के छह कार्यकर्ता गिरफ्तार

## वसूली के आरोप में भी दो को दबोचा गया



इंफाल, 22 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले से एक प्रतिबंधित संगठन के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है और इंफाल पूर्व में जबरन वसूली में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में एक समूह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (इबुंगो नगांगोम) के छह सदस्यों को शुक्रवार को इंफाल पश्चिम के कोत्रुक माखा लेइकाई चर्च से गिरफ्तार किया गया।

**जबरन वसूली गैंग के दो गुर्गे भी गिरफ्तार**

इस दौरान पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के अचनबिगेई मानिंग लीकाई से जी5 संगठन के दो सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है, जिन पर सेकमाई, इरिलबंग, कोइरेंगेई और पटसोई इलाकों में रेत से लदे ट्रकों से जबरन वसूली करने का आरोप है। वे सेकमाई इलाके में ट्रक ड्राइवरों से चाबियां छीनने की घटनाओं में भी कथित रूप से शामिल थे। मामले में अधिकारी ने बताया कि उनकी पहचान निंगथौजम यंबा सिंह और उषाम नेताजी सिंह के रूप में हुई है।

**राज्यपाल के निर्देश के बाद पुलिस की कार्रवाई**

मणिपुर पुलिस ने यह भी कहा कि इस दौरान कम से कम दो आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद काकचिंग और कांगपोकपी जिलों में प्रशासन को सौंपे गए हैं। यह घटनाक्रम राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की तरफ से लोगों से अवैध हथियार और गोला-बारूद सरेंडर करने की अपील के बाद हुआ है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने काकचिंग वैरी इलाके से कम से कम 12 आग्नेयास्त्र भी बरामद किए और उन्हें काकचिंग पुलिस स्टेशन को सौंप दिया।

# खोरधा में एनएच-16 पर दर्दनाक सड़क हादसा, तीन की मौत

खोरधा, 22 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के खोरधा जिले में नेशनल हाईवे-16 (एनएच-16) पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना शुक्रवार देर रात इंफो वैली पुलिस सीमा के अंतर्गत पिटापल्ली स्क्वायर के पास हुई।

बताया जा रहा है कि हाईवे पर कार तेज रफ्तार में जा रही थी, तभी अचानक वह एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया, जबकि कार वहीं फंसी रही। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। हादसे में कार चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को तुरंत एम्स भुवनेश्वर ले जाया गया।

# उत्तराखंड में फॉरेस्ट फंड से आईफोन खरीदे गए

## कैग रिपोर्ट में खुलासा-फंड का इस्तेमाल लैपटॉप खरीदी दफ्तर की सजावटी चीजों में हुआ

देहरादून, 22 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में फॉरेस्ट कंजर्वेशन फंड का इस्तेमाल आई फोन और लैपटॉप खरीदने में किया गया। कैग रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। फॉरेस्ट एंड हेल्थ डिपार्टमेंट और वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की 2021-22 की रिपोर्ट में बताया गया कि फंड का इस्तेमाल बिना योजना और इजाजत के किया गया था।

यह रिपोर्ट उत्तराखंड विधानसभा के बजट सेशन के दौरान 21 फरवरी को सदन में रखी गई। उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि उन्होंने अपने विभाग से संबंधित मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**रिपोर्ट में वृक्षारोपण पर चिंता**

रिपोर्ट में कहा गया कि 2017 से 2022 तक जो वृक्षारोपण किया गया, उसमें से सिर्फ 33% वृक्ष ही जीवित रह पाए। यह फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट की गाइडलाइंस के मानकों से बहुत नीचे हैं। इंस्टिट्यूट के मुताबिक वृक्षा रोपण के बाद 60-65% तक वृक्ष जीवित रहने चाहिए।

**सरकारी अस्पतालों में एक्सपायर दवाएं, डॉक्टर्स की कमी**

कैग रिपोर्ट में कहा गया कि कम से कम 3 सरकारी अस्पतालों में 34 एक्सपायर दवाइयों का स्टॉक था। इसमें से कुछ दवाइयां तो 2 साल पहले ही एक्सपायर हो गई थीं। उत्तराखंड में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर की कमी है और इसकेक लिए नए रूल बनाए जाने की जरूरत है।रिपोर्ट में कहा गया पहाड़ी इलाकों में ऐसे डॉक्टर्स की 70% और मैदानी इलाकों में 50% पोस्ट खाली है। 250 डॉक्टर्स को लॉकडाउन का वॉयलेशन करने के बाद भी काम करने की इजाजत दी गई।

# सीएम संग मंत्री भी एक्शन में : प्रवेश वर्मा ने पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं का किया निरीक्षण, पंकज सिंह ने किया अस्पताल का दौरा




नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह नजफगढ़ में जाफरपुर स्थित राव तुलाराम अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अस्पताल की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पंकज कुमार सिंह ने कहा, 'यहां के हालात बेहद खराब हैं। यहां डॉक्टरों की कमी है।

एक बिल्डिंग जो 2020 से पहले बन जानी चाहिए थी, वह अभी भी अधर में लटकी हुई है। हमने सांसद कमलजीत सहरावत के साथ मिलकर तय किया है कि 3 महीने के अंदर हम इस अस्पताल को पूरी तरह बदल देंगे और यहां जो भी सुविधाएं नहीं हैं, वो मिलेंगी। हम 3 महीने बाद फिर यहां आएंगे और आपको दिखाएंगे कि यह अस्पताल कितना अच्छा काम कर रहा है।

उधर, दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा ने बारापुला रोड पर पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं का निरीक्षण किया। परवेश वर्मा ने कहा, यहां फेज 3 का काम चल रहा है। मुझे बताया गया कि इतने समय से काम चल रहा है लेकिन कोई दौरा करने नहीं आया था। इनकी पेमेंट की दिक्कत है और वन विभाग से मंजूरी चाहिए। दोनों दिक्कतों को हम जल्द-जल्द दूर करेंगे। जिसके बाद 12 महीने में पूरा रोड चालू हो जाएगा। फेज 4 भी प्रस्तावित है। यहां पर क्या-क्या कमियां है हम वो देखने आए थे। वहीं, मंत्री प्रवेश वर्मा ने मूलचंद अंडरपास पंप के उन्नयन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा, दिल्ली में कई स्थान हैं जहां बारिश में पानी भर जाता है ऐसा ही एक स्थान है मूलचंद फ्लाईओवर के नीचे जहां पानी भराव की शिकायत हमेशा मिलती थी। मैंने अधिकारियों से कहा है कि दिल्ली में जहां भी पानी भरता है वहां अभी मौसम से पहले काम होना चाहिए। पंप लगने चाहिए। पानी निकासी की व्यवस्था होनी चाहिए।

सुविचार

हर छोटा बदलाव बड़ी सफ़लता का कारण होता है इसलिए बदलाव से भयभीत नहीं होना चाहिए।

## मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी दुर्घटनास्थल डोमलापेंटा पहुंचे

### सुरंग में फंसे लोगों को निकालने का काम जारी





हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी नागरकर्नूल जिले के डोमलापेंटा में श्रीशैलम बायीं तट नहर के दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी डोमलापेंटा के एक गेस्ट हाउस में साथी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे हैं।

समीक्षा बैठक में शामिल सिंचाई विभाग के सलाहकार आदित्य दास नाथ, आईजी सत्यनारायण, अग्निशमन विभाग के महानिदेशक जी.वी. नारायण राव, नागर कर्नूल जिला कलेक्टर, एसएलबीसी कार्य एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। मंत्री उत्तम और जुपल्ली ने घटना पर दुख जताया है। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने घायलों और उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को राहत प्रयास तेज करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी मंत्रियों के आदेशानुसार राहत कार्यों में तेजी ला रहे हैं। जिन लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है, उन्हें बाहर निकालने के लिए अधिकारी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मी ऑक्सीजन के साथ अग्निशामक और बचाव दल जो मैदान में प्रवेश कर चुके हैं। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और जुपल्ली कृष्ण राव समय-समय पर घटना स्थल पर बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

## एसएलबीसी सुरंग हादसे पर सीएम लगातार कर रहे हैं निगरानी

हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी एसएलबीसी सुरंग की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं, जहां नागरकर्नूल जिले के डोमलापेंटा के पास छत का एक हिस्सा गिर गया। सुरंग में आठ मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक बचाव अभियान में तेजी लाने और फंसे हुए मजदूरों को बचाने के निर्देश दिए। सीएम के निर्देश पर, मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, जुपल्ली कृष्ण राव, डीआईजी, आईजी और सिंचाई के वरिष्ठ अधिकारी पहले ही दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए थे। जिला कलेक्टर, एसपी और अन्य अधिकारी बचाव कार्यों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। सीएम रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को घटना में घायलों को बेहतर चिकित्सा उपचार प्रदान करने का आदेश दिया और प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि सरकार हर तरह की सहायता देगी।

## नियमों का पालन सड़क सुरक्षा को बढ़ाता है : पी. विश्व प्रसाद

### व्यापारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने काली फिल्म, सायरन, म्यूजिकल और मल्टी-टोन हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर, नंबर प्लेट और वाहन में बदलाव और संशोधन करने वाले व्यापारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जागरूकता सत्र में पी. विश्व प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) ने भाग लिया, जिन्होंने व्यापारियों को अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को अंजाम देते समय सभी कानूनी नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश जारी किए और गैर-अनुपालन के निहितार्थों पर जोर दिया।

उन्होंने विभिन्न क्या करें और क्या न करें के बारे में बताया और इस संबंध में उनका सहयोग मांगा। उन्होंने उनसे कहा कि वे अपने पास आने वाले ग्राहकों को शिक्षित करें और किए गए काम का रिकॉर्ड रखें। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर इस तरह के उल्लंघन पाए जाते हैं, तो संबंधित व्यापारियों को उल्लंघन/अवैधता के लिए उकसाने वाला माना जाएगा। उन्होंने कहा कि इन नियमों का अनुपालन सड़क सुरक्षा को बढ़ाता है, दुर्घटनाओं को कम करता है, कमजोर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा करता है और जिम्मेदारी और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि काली फ़िल्में, केंद्रीय मोटर वाहन नियम 100 के अनुसार, वाहन निर्माताओं को आगे और पीछे की विंडस्क्रीन के लिए न्यूनतम 70% दृश्य प्रकाश संचरण सुनिश्चित करना चाहिए, और साइड विंडो के लिए कम से कम 50% सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षा चिंताओं के कारण काली फ़िल्मों का उपयोग सख्त वर्जित है, क्योंकि वे दृश्यता में बाधा डाल सकते हैं और दुर्घटना के जोखिम को बढ़ा सकते हैं, साथ ही अपराधियों की मदद भी कर सकते हैं।मल्टी-टोन्ड हॉर्न, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 52, वाहन के मूल विनिर्देशों से अलग किसी भी तरह के बदलाव को प्रतिबंधित करती है। मल्टी-टोन्ड हॉर्न या किसी भी अनधिकृत ध्वनि-उत्पादक डिवाइस की स्थापना अवैध है। इसी क्रम में पंजीकरण संख्या प्लेट, केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 50 और 51 के अनुसार, नंबर प्लेट पर अंग्रेजी अक्षर और अरबी अंक प्रदर्शित होने चाहिए। संशोधित साइलेंसर, केंद्रीय मोटर वाहन नियम के नियम 120 के अनुसार सभी मोटर वाहनों में ऐसे उपकरण होने चाहिए जो निकास शोर को कम से कम करें, जिससे ध्वनि प्रदूषण मानकों का अनुपालन सुनिश्चित हो। कार्यक्रम के दौरान, व्यापारियों और मैकेनिकों को उपरोक्त पहलुओं से संबंधित मोटर वाहन अधिनियम और नियमों के बारे में शिक्षित किया गया, जिसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र हुआ।

बैठक में बी.के. राहुल हेगड़े, डीसीपी ट्रैफिक-I, एन. अशोक कुमार, डीसीपी ट्रैफिक-II, अतिरिक्त डीसीएसपी, एसीएसपी, हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक और कार डेकोर, ऑटो मोबाइल शॉप, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप, पंजीकरण संख्या प्लेट के निर्माता और मैकेनिक के लगभग 250 दुकान मालिक शामिल हुए।

## आंगनवाड़ी शिक्षकों और सहायिकाओं के 14,236 पदों पर भर्ती होगी

हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंगनवाड़ी शिक्षकों और सहायिकाओं के पदों को भरने के लिए राज्य सरकार की मंजूरी के बाद महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने एक नौकरी मेला शुरू किया है। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सीताक्का ने भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आगामी अधिसूचना में 6,399 आंगनवाड़ी शिक्षकों और 7,837 सहायिकाओं की भर्ती की घोषणा की जाएगी। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद यह अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है, जिसमें जिला कलेक्टर भर्ती प्रक्रिया के बारे में विवरण प्रदान करेंगे। कुल मिलाकर, राज्य सरकार का लक्ष्य 14,236 पदों को भरना है, जो इस पैमाने पर तेलंगाना में आंगनवाड़ी शिक्षकों और सहायिकाओं की पहली महत्वपूर्ण भर्ती है। यह पहल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रणाली की प्रभावशीलता को और बढ़ाएगी।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से जुबली हिल्स आवास पर पीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, कुसुम कुमार, पूर्व मंत्री सुदर्शन रेड्डी, इंद्रकरण रेड्डी, सीएम के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी, पूर्व विधायक कोनेरू कोनप्पा ने मुलाकात कर ताजी राजनीति पर चर्चा की।

## पीएसीएस पर यूरिया के लिए किसानों में झड़प



करीमनगर, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को थिम्मापुर मंडल के मल्लापुर गांव में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) में यूरिया खरीदने के लिए एकत्र हुए किसानों के बीच झड़प हो गई।

शुक्रवार को जब पता चला कि सोसायटी में यूरिया का स्टॉक आ गया है तो बड़ी संख्या में किसान पैक्स पर उमड़ पड़े। हालांकि कई किसान सोसायटी कार्यालय के सामने कतार में खड़े थे, लेकिन यूरिया का वितरण एक घंटे के भीतर पूरा हो गया। कई किसानों को यूरिया नहीं मिल पाया क्योंकि सोसायटी को केवल 350 बैग ही दिए गए थे। किसानों के बीच हाथापाई हुई और वे जबरन पीएसीएस कार्यालय में घुसने की कोशिश करने लगे। कुछ किसानों ने सोसायटी अधिकारियों से भी बहस की।

## भुगतान में देरी को लेकर सरकार के खिलाफ गुस्सा

### सड़क पर रास्ता रोको आंदोलन



मंचेरियल, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया है क्योंकि सरकार ने बढ़िया किस्म के धान के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने में देरी की है। उन्होंने शनिवार को दांडेपल्ली मंडल केंद्र में लक्सेटीपेट-जन्नारम सड़क पर रास्ता रोको आंदोलन किया। मंचेरियल के पूर्व विधायक नादिपेल्ली दिवाकर राव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपने विरोध प्रदर्शन के तहत कुछ समय के लिए व्यस्त सड़क पर यातायात को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने बोनस के भुगतान में देरी के लिए राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए, जिससे किसानों को असुविधा हो रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द वित्तीय सहायता जारी करे।

राव ने सरकार पर अपना वादा पूरा न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंचेरियल विधानसभा क्षेत्र के 98 प्रतिशत किसानों को अभी तक बोनस नहीं मिला है।

उन्होंने खेद व्यक्त किया कि एक भी गांव के किसान को अभी तक सहायता नहीं मिली है। वह चाहते हैं कि किसान कांग्रेस को धोखा देने और चुनावी वादों को पूरा न करने के लिए सबक सिखाएं। पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यकर्ताओं को अपना विरोध प्रदर्शन खत्म करने के लिए राजी किया।

नादिपेल्ली ट्रस्ट के अध्यक्ष विजिथ राव, बीआरएस दांडेपल्ली मंडल अध्यक्ष चुंचु श्रीनिवास, नेता के लिंगन्ना, अक्कला रवि, अनिल, पोडेटी श्रीनिवास, पदम श्रीनिवास और कई अन्य लोगों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

## करीमनगर के इंदुर्थी में तनाव

### 400 किसानों के लिए 200 बैग यूरिया!



करीमनगर, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चिगुरुमामिडी मंडल के इंदुर्थी में शनिवार को यूरिया की खरीद को लेकर किसानों के बीच बहस के बाद तनाव व्याप्त हो गया। प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) के सामने कतार में जूते-चप्पल रखकर सुबह से ही यूरिया का इंतजार कर रहे किसान, यूरिया का स्टॉक आते ही मौके पर पहुंच गए। हालांकि, यूरिया के केवल 200 बैग ही पहुंचे, जबकि पीएसीएस गोदाम पर 400 किसान जमा थे। सभी किसानों को यूरिया नहीं मिलने पर उनके बीच बहस शुरू हो गई, जबकि अधिकारी मूकदर्शक बने रहे।

## डॉ. नवाब मीर नासिर अली खान कजाकिस्तान के मानद महावाणिज्यदूत फिर से नियुक्त

हैदराबाद, फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कजाकिस्तान गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने डॉ. नवाब मीर नासिर अली खान का कार्यकाल हैदराबाद में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश, भारत के लिए कजाकिस्तान गणराज्य के मानद महावाणिज्यदूत के रूप में जनवरी 2030 तक पाँच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। यह प्रतिष्ठित नियुक्ति कजाकिस्तान और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में डॉ. खान के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देती है। उनका नेतृत्व व्यापार, निवेश, शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग को आगे बढ़ाने, दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक रहा है। डॉ. नवाब मीर नासिर अली खान ने कजाकिस्तान गणराज्य के विदेश मंत्रालय और भारत में कजाकिस्तान के राजदूत महामहिम नूरलान झालगासबायेव को उनके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## लोग मोदी का विकास एजेंडा चाहते हैं: के. लक्ष्मण



हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। भाजपा के राज्यसभा सदस्य डॉ. के. लक्ष्मण ने आज कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकास एजेंडा और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन चाहते हैं। यहां भाजपा के राज्य कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी शासन में भाजपा लगातार जीत का स्वाद चख रही है। लक्ष्मण ने राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, "चाहे आम चुनाव हो या उपचुनाव, भाजपा चुनाव जीतने जा रही है। दिल्ली में कांग्रेस तीन बार डक आउट हो चुकी है। लेकिन क्रिकेट में अगर कोई तीन बार डक आउट देखता है तो उसे किनारे कर दिया जाता है। रेवंत जैसे नेता निवर्तमान कांग्रेस पर इतना प्यार बरसाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं।" लक्ष्मण ने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी गारंटी के नाम पर सत्ता में आई थी। उन्होंने मजाक उड़ाया कि एमएलसी चुनावों में बीआरएस पार्टी का पत्ता गायब है और कहा कि बीआरएस पार्टी द्वारा उम्मीदवार खड़े करने की कोई स्थिति नहीं थी। उन्होंने यह भी मजाक उड़ाया कि कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार उधार लिया और उसे मैदान में उतारा। "बिना किसी प्रतिबंध के गारंटी के नाम पर धोखा देने वाली कांग्रेस को खत्म करने की जरूरत है। तेलंगाना का भविष्य मतदाताओं पर निर्भर है। आप सुरक्षित रहेंगे या नहीं, यह आपके हाथ में है। रेवंत ने पहले कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को त्याग की देवी कहा था, लेकिन अब वह उनके लिए सोने की देवी बन गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत केसीआर के पदचिन्हों पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेवंत पर राज्य सरकार के कर्मचारियों के पांच डीए बकाया हैं और कहा कि डीए के नाम पर कांग्रेस पार्टी ने कर्मचारियों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा उम्मीदवार जीतते हैं तो रेवंत से सवाल किए जाएंगे और समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का वादा किया है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन चुनावों का सामना करने में सक्षम नहीं है और जाति सर्वेक्षण के नाम पर इसे स्थगित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर ईमानदारी है तो कांग्रेस को सर्वेक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। गुजरात में कांग्रेस के शासन के दौरान ही मुसलमानों को पिछड़ी जाति की सूची में शामिल किया गया था। क्या मुसलमानों को 10 प्रतिशत और पिछड़ी जातियों को केवल 32 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा? अगर आप शासन नहीं कर सकते, तो बैठ जाइए। लेकिन सब कुछ मत कीजिए। उन्होंने दावा किया कि अल्पसंख्यकों के नाम पर और 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण के नाम पर मुसलमानों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

## हरीश ने एसएलबीसी सुरंग ढहने की घटना की एनडीएसए जांच की मांग की

हैदराबाद, 22 फरवरी (एनएसएस)। पूर्व मंत्री और बीआरएस पार्टी के विधायक हरीश राव ने आज मांग की कि एसएलबीसी सुरंग ढहने की घटना की एनडीएसए जांच होनी चाहिए क्योंकि यह सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की अक्षमता का सबूत है। हरीश राव ने अपने ट्विटर हैंडल पर उस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें सात श्रमिक फंस गए थे। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की जनता के पैसे से बन रही एसएलबीसी सुरंग के एक हिस्से का ढहना कांग्रेस पार्टी की अक्षमता और निष्क्रियता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दिन पहले सुनकीशाला में रिटेनिंग वॉल का गिरना और आज एसएलबीसी सुरंग का गिरना कांग्रेस की आयोग सरकार की विफलता का सबूत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के लिए पूरी तरह से सरकार



जिम्मेदार है और कहा कि पिछले चार दिनों में मिट्टी थोड़ी-थोड़ी गिर रही थी, इसके बावजूद कोई एहतियाती कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में सात श्रमिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कुछ और श्रमिक सुरंग के अंदर बताए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने और घायलों को बेहतर उपचार प्रदान करने और उनकी जान बचाने के लिए युद्ध स्तर पर बचाव अभियान चलाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि पानी निकाला जाना चाहिए और बिजली तुरंत बहाल की जानी चाहिए। राव ने मांग की, "हम मांग करते हैं कि राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) तुरंत घटना की जांच करे।"

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वा.से.शि. बेगमपेट
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA AFS BEGUMPET
Bowenpally Road, New Bowenpally Hyderabad - 11
Website: https://begumpetafs.kvs.ac.in
Email: kvafsbegumpet@gmail.com

साक्षात्कार / WALK-IN INTERVIEW

शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए अंशकालिक/ संविदा शिक्षकों का पैनल तैयार करने हेतु निम्नलिखित पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन पीएम श्री के.वि. वा.से.शि. बेगमपेट में दिनांक 04-03-2025 और 06-03-2025 को किया जाएगा।

Walk-In-Interviews for the following posts will be conducted on 04-03-2025 and 06-03-2025 to prepare panel of Part time/ Contractual Teachers for the Academic Year 2025 -26 purely on Part time / Contractual basis.

| Sl. No | Post & Subject | Reporting Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर शिक्षक, संगणक विज्ञान / Post Graduate Teacher Computer Science, कंप्यूटर प्रशिक्षक / Computer Instructor / कृत्रिम बुद्धिमत्ता / Artificial Intelligence, डॉक्टर / Doctor, नर्स / Nurse, सलाहकार / Counselor, विशेष शिक्षक / Special Educator, खेल प्रशिक्षक / Sports Coach, कला / हस्त कला / Art / Craft, योग प्रशिक्षक / Yoga Instructor, नृत्य / Dance, तेलुगु / Telugu, व्यावसायिक शिक्षा / Vocational Education, कार्य अनुभव / Work Education | 04.03.2025 09:00 AM To 02:00 PM |
| 2 | स्नातकोत्तर शिक्षक (गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थ शास्त्र एवं वाणिज्य शास्त्र) / Post Graduate Teachers (Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, English, Hindi, Economics & Commerce) प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान) Trained Graduate Teachers (English, Hindi, Sanskrit, Mathematics, Science & Social Science), प्राथमिक शिक्षक / Primary Teacher | 06.03.2025 09:00 AM To 02:00 PM |

योग्य उम्मीदवार पूर्ण बायो-डाटा, मूल दस्तावेज तथा स्वयं प्रामाणित प्रतिलिपियों के दो सेट के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट https://begumpetafs.kvs.ac.in पर उपलब्ध है।

- Eligible candidates may attend walk-in interviews with complete Bio-Data, Original documents and two sets of self-attested qualification certificates.
- No TA/ DA will be admissible for attending the interviews.
- Detailed information and application form are available on school website: https://begumpetafs.kvs.ac.in in the announcement section.

Sd/-
प्राचार्य/PRINCIPAL

# तेजस्वी मैट्रिक फेल, लेकिन मेडिकल स्पेलिस्ट बने हैं: दिलीप जायसवाल

## नीतीश के बेटे की राजनीतिक एंट्री पर कसा तंज



पटना, 22 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने की अटकलें सुर्खियां बटोर रही हैं। उनको लेकर कई तरह की बातें की जा रही हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर कई लोग नीतीश के बेटे के राजनीति में आने का स्वागत कर रहे हैं। इस बीच बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव पर हमला बोला है।

दिलीप जायसवाल ने कहा कि असल में तेजस्वी जी बीच में डॉक्टर का डिग्री ले लिए कहीं, पढ़ाई कर लिए, असली का पढ़ाई कर नहीं पाए मैट्रिक फेल रह गए, लेकिन इस बीच लगता है वह डॉक्टर का डिग्री लिए हैं। उनको कुछ चीज डॉक्टर पर छोड़ना चाहिए। बहुत ज्यादा मेडिकल एक्सपर्ट नहीं बनना चाहिए।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने नीतीश कुमार लगातार 4 डिग्री से लेकर 44 डिग्री के तापमान पर बिहार के लिए काम करते हैं, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। मुख्यमंत्री का काम ही उनकी पहचान बन चुकी है। इस संदर्भ में ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान होगा। उन्होंने कहा कि विकास की जो आंधी बह रही है उसी से विपक्ष हताश है।

सीएम नीतीश के बेटे निशांत की राजनीति में आने का सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि अगर नीतीश जी के पुत्र राजनीति के लायक हैं, और वह राजनीति में आना चाहे तो मैं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के नाते उनका स्वागत करूंगा। लेकिन परिवारवाद की जो परिभाषा है चांदी का चम्मच मुंह में लेकर 18 साल की उम्र में राजा बनने की तैयारी करने लगते हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने कहा था नीतीश जी एक अच्छे पिता हैं। 40 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं और उनके बेटे की उम्र भी 40 वर्ष से ऊपर है। अगर वह चाहते तो 20- 21 की उम्र में उन्हें ले आते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मैं चाहता हूं कि अब उन्हें राजनीति में आना चाहिए।

# जिला परिषद की बैठक में हंगामा

### धरने पर बैठे सदस्य, अध्यक्ष पर पक्षपात करने का लगाया आरोप, कहा- काम करा लिया, लेकिन भुगतान बाकी

समस्तीपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। समस्तीपुर में जिला परिषद की बैठक पूसा के विद्यापति भवन सभागार में आयोजित हुई। बैठक शुरू होते ही उपाध्यक्ष ठाकुर उदय शंकर के नेतृत्व में सदस्यों ने गड़बड़ी का आरोप लगाकर बैठक का बहिष्कार किया। सदस्य, नारेबाजी करते हुए हॉल से बाहर निकल गए और बैठक स्थल के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान सदस्यों ने जिला परिषद अध्यक्ष पर पक्षपात करने का भी आरोप लगाया। सदस्यों ने कहा कि योजनाओं में समानरूपता नहीं रखी जा रही है। कई सदस्यों ने काम तो करा लिया है, लेकिन पैसे भुगतान नहीं हुआ है। इसके क्षेत्र में उनकी स्थिति खराब हो रही है।

# मिड-डे मील का वीडियो बनाने पर बवाल

### शिक्षिका और हेडमास्टर के बीच फोन को लेकर छीना-झपटी, दोनों ने एक दूसरे पर लगाया आरोप

मोतिहारी, 22 फरवरी (एजेंसियां)। मोतिहारी के कोटवा प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीपीएससी शिक्षिका बबिता यादव और प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप कुमार के बीच मिड-डे मील की वीडियोग्राफी को लेकर विवाद हो गया। दरअसल शिक्षिका बबिता यादव ने मिड-डे मील खाते हुए बच्चों का वीडियो बना लिया। इसके बाद स्कूल की महिला रसोइया ने उन्हें पहले रोका फिर शोर मचाया।

हंगामे की आवाज सुनकर प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने शिक्षिका का मोबाइल छीन लिया और अपने कार्यालय में चले गए। शिक्षिका ने जब मोबाइल वापस मांगा तो प्रधानाध्यापक ने मना कर दिया। इसके बाद शिक्षिका ने प्रधानाध्यापक की जेब से मोबाइल निकालने की कोशिश की। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दोनों के बीच काफी देर तक छीना-झपटी होती रही। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, लेकिन शिक्षिका ने अपना मोबाइल लेकर रही माना। इसके बाद शिक्षिका वहां से चली गई।

उत्तर प्रदेश की रहने वाली शिक्षिका बबिता यादव फरवरी 2024 से इस स्कूल में नियुक्त है। इस स्कूल में कुल 23 शिक्षक है। इसमें 9 महिला शिक्षिका है। शिक्षिका बबिता यादव ने मामले को लेकर कहा कि उन्होंने मिड-डे मील में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर डीईओ और थाने में शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल में जो खाना बच्चों को खिलाया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है। इसके साथ ही जो मेन्यू तय किया गया है, उसे नहीं माना जाता है। इसी को लेकर वह वीडियो बना रही थी। इस बीच विवाद हो गया और मामला बढ़ गया।

आरोप को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप कुमार ने कहा कि बबिता यादव एक साथ कई दिनों तक छुट्टी पर चली जाती है। वह एसएल और सीएल दोनों लगा देती है। इसको लेकर कई बार मना किया गया था। इसी के विरोध में वह मिड-डे मील का वीडियो बनाने चली जाती थी। उनको कई बार मना भी किया गया, लेकिन वह नहीं मानती थी। वह शुक्रवार को फिर से बच्चों का वीडियो खाना खाते हुए बना रही थी। जब महिला रसोइया ने मना किया तो विवाद हो गया।

# 12 बुलडोजर पर बारात की विदाई

### दुल्हन की कार आगे, पीछे बुलडोजर पर नाचते बाराती

झांसी, 22 फरवरी (एजेंसियां)। झांसी में अनोखे अंदाज में दुल्हन की विदाई हुई। बारात में आगे दूल्हा-दुल्हन की कार चल रही थी, पीछे 12 बुलडोजर पर नाचते-गाते बाराती। बारात देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ जुट गई। बारात कार, बग्घी और डीजे के साथ गई थी, लेकिन जब सुबह विदाई हुई तो यह शहर में चर्चा का विषय बन गई। लोग बारात की विदाई को अपने मोबाइल में कैद करने लगे।शुक्रवार सुबह बिहारी मैरिज गार्डन से बारात विदाई हुई। परिजनों ने कहा कि बुलडोजर उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा फेमस है। इसलिए हम लोग बारात में बुलडोजर लेकर आए हैं। दूल्हे का भी मन था कि बारात में बुलडोजर आए।

सिजवाह गांव आजाद नगर निवासी मुन्नीलाल ठेकेदार हैं। मुन्नीलाल पांच भाई हैं। सभी के पास बुलडोजर हैं। मुन्नीलाल के छोटे बेटे राहुल की शादी खोड़न गांव के आजाद यादव की बेटी से तय हुई। गुरुवार को बारात शिवपुरी रोड स्थित बिहारी मैरिज गार्डन गई थी। यहां धूमधाम से शादी हुई।सुबह विदाई के दौरान दुल्हन की कार के अलावा 12 बुलडोजर गेट पर खड़े थे। यह देख सभी लोग दंग रह गए। बारात विदा हुई तो बुलडोजर पर सवार बाराती रास्ते भर नाचते-गाते चल रहे थे।अनोखी बारात को देखने के लिए सड़क पर भीड़ लग गई। मैरिज गार्डन दूल्हे के घर से 7 किमी दूर है। राहुल यादव भी पिता के साथ ठेकेदारी करता है। वहीं, दुल्हन करिश्मा ग्रेजुएट है। दुल्हन के पिता किसान हैं।राहुल यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सभी लोग बुलडोजर को बाबा का बुलडोजर के नाम से जानते हैं, जो अवैध निर्माण पर चलता है। ऐसे में मैंने सोचा कि क्यों न बुलडोजर को विदाई में शामिल किया जाए। कुछ बुलडोजर हमारे परिवार के ही हैं। वहीं, कुछ मिलने वालों के थे। बारात सामान्य तरीके से गई थी। जब सुबह विदाई हुई तो पूरे शहर शादी की चर्चा होने लगी।

# 24 फरवरी को पूर्णिया-कटिहार में सांकेतिक बंद का ऐलान

### सांसद पप्पू यादव की मांग- मखाना बोर्ड का कार्यालय पूर्णिया में ही हो, रेल चक्का जाम करने की कही बात



पूर्णिया, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया और कटिहार में सांकेतिक बंद का ऐलान किया है। उनकी मांग है कि मखाना बोर्ड का मुख्य कार्यालय पूर्णिया में ही हो। इसे लेकर निर्दलीय सांसद ने लेकर 24 फरवरी को कटिहार और पूर्णिया में सांकेतिक बंद बुलाया है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो सीमांचल-कोसी को बंद किया जाएगा। इसके बाद भी सरकार के कान में जू नहीं रेंगा, तो वो खुद अनिश्चितकाल के लिए रेलवे ट्रैक पर बैठेंगे। रेल चक्का जाम किया जाएगा। एक भी गाड़ी सीमांचल कोसी में नहीं चलेगी। चाहे इसके लिए जितनी गोली हो सरकार उनपर चलवा दे।पप्पू यादव ने कहा कि- सीमांचल कोसी के लोगों से उनकी अपील है कि आप अपने क्षेत्र के मुद्दे को लेकर मूक दर्शन न बनें, वरना यह लोग आपका सब कुछ छीनकर यहां से ले जाएंगे। हमें अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ना होगा। इनकी गंदी राजनीति ने बिहार का सर्वनाश कर दिया। बिहार का इस्तेमाल किया है। 11 साल पहले और अब एक बार फिर से ये गद्दार लोग एक साथ जुट रहे हैं। इन्होंने गद्दारी की है। बिहार के साथ धोखा किया है। बिहारी को अपमानित किया। इन लोगों ने पूर्वांचल के लोगों को मारा है। दिल्ली में भी पूर्वांचल के एक भी मंत्री नहीं बने।निर्दलीय सांसद ने आगे कहा कि मैं कोसी-सीमांचल के एमएलए-एमपी से आग्रह करूंगा कि अगर आप वाकई में चाहते हैं कि यहां के लोग बाहर न जाएं, तो आप विशेष पैकेज लें। पूर्णिया को उपराजधानी बनाने की घोषणा करवाएं और हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की लड़ाई के लिए मेरे साथ आएं। इसके लिए जमीन दिलवाएं और एम्स के लिए घोषणा करवाएं। मखाना के लिए आईएफए की तर्ज पर खरीदारी की व्यवस्था कायम करें। 5 फैक्ट्री स्थापित हो। बहुत हो गई बातचीत। अब कोई सौदा-समझौता नहीं। अब आर-पार की लड़ाई होगी। मैं कोसी-सीमांचल के सभी सांसदों से आग्रह करता हूं कि मखाना बोर्ड के गठन के लिए जनता के सवाल पर 10 मार्च को सदन में एक साथ खड़े हों। धोखा मत दें। पप्पू यादव ने कृषि मंत्री शिवराज चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि वो पेंडुलम हैं। कृषि मंत्री ट्वीट कर बताते हैं कि मखाना किसानों से बात करने दरभंगा पहुंचा हूं, जबकि मखाना की खेती करने से लेकर इसकी फोड़ी करने और इसे भुंजने मजदूर पूर्णिया और कटिहार आते हैं। इससे साफ जाहिर है कि बीजेपी वाले सीमांचल और कोसी के मखाना किसानों मजदूरों से दुर्भावना रखते हैं।

यह लोग पिछड़े, माइनॉरिटीज, एससी-एसटी के साथ नाइंसाफी कर रहे हैं। यहां के ईबीसी के साथ धोखा हो रहा है। इनके पीठ में खंजर घोप रहे हैं। दलालों को खुश करने के लिए पहले एम्स और अब मखाना बोर्ड को सीमांचल से शिफ्ट करने की साजिश रच रहे हैं।

# ज्यादा कैश न मिलने पर डकैत नाराज

### मुजफ्फरपुर में जेडीयू नेता के घर हथियार के साथ पहुंचे 6 डकैत, 1,200 रुपए कैश और सामान ले गए

मुजफ्फरपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में शुक्रवार की रात जेडीयू जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार ओझा के घर डकैती हुई। 6 डकैत दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। 4 डकैत, घर की महिलाओं को गन प्वाइंट पर रखकर मोबाइल, सोने का झुमका, आर्टिफिशियल पायल, 1,200 रुपए कैश और घर का सामान ले गए।वहीं घर में ज्यादा कैश न मिलने पर डकैत नाराज हो गए। 40 लाख रुपए की डिमांड करने लगे। दोनों ने पैसे नहीं होने की बात कही तो डकैत सामान तोड़ने लगे। घटना के वक्त रमेश ओझा अपने बेटे के साथ महाकुंभ स्नान करने गए थे।घर में जेडीयू नेता की पत्नी विभा देवी और छोटे भाई की पत्नी श्वेता भारती ही मौजूद थी। घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के मुशहरी प्रखंड के खबरा गांव की है। इस गांव में पहले भी फ्लिपकार्ट के ऑफिस में डकैती हो चुकी है। इस दौरान अपराधियों ने डिलीवरी बॉय को गोली मार दी थी।

घटना की सूचना पाकर सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। एसएचओ अश्मित कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। एफएसएल टीम को जानकारी दी गई है।

2012 में भी मेरे घर में इस तरह की घटना हो चुकी है। उस मामले में भी पुलिस अब तक अपराधी को नहीं पकड़ सकी। अब एक बार फिर से हमारे घर को निशाना बनाया गया है। मैं बेटे के साथ महाकुंभ स्नान करने गया हुआ था। इसी दौरान जानकारी मिली कि मेरे घर में डकैती हुई है। मेरे कैंपस के अंदर एक किराएदार के घर को भी निशाना बनाया गया है। घर में मेरी पत्नी और छोटे भाई की पत्नी मौजूद थी। इसी दौरान डकैतों ने पहले रेकी कर मेरे बारे में जानकारी लिया फिर डकैती की। इस घटना से पूरा परिवार दहशत में है।

# पोस्टमॉर्टम-हाउस के कर्मचारियों ने डेडबॉडी से चुराई ज्वेलरी

### छात्रा की चैन-टॉप्स उतारकर नकली गहने थमाए, पिता की शिकायत पर एफआईआर

वाराणसी, 22 फरवरी (एजेंसियां)। वाराणसी में छात्रा की मौत के बाद ज्वेलरी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है, कर्मचारियों ने असली जेवरात चुराकर नकली जेवर रख दिए। शव का अंतिम संस्कार करते समय पिता ने देखा तो इसका पता चला। पुलिस ने शिकायत मिलने पर पोस्टमार्टम हॉउस के तीन कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। कर्मचारियों ने इसे भूल बताते हुए पुलिस को ज्वेलरी वापस कर दिए है। उनसे पूछताछ की जा रही है।स्नेहा सिंह बिहार के सासाराम की रहने वाली थी। वह वाराणसी के जवाहर नगर एक्सटेंशन के हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी करती थी। 1 फरवरी को उसके शव कमरे में फंदे से लटकता मिला था।

# स्वामी नरेंद्रानंद ने अखिलेश पर साधा निशाना

### बोले- 144 साल की तिथि को साधु-संतों ने निकाला, कुछ धर्म विरोधियों को बात पच नहीं रही



वाराणसी, 22 फरवरी (एजेंसियां)। जगद्गुरु नरेंद्रानंद सरस्वती ने सपा प्रमुख पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा- 144 की तिथि को साधु-संतों ने बैठकर निकाला है। जनता को बरगलाया नहीं गया है। कुछ धर्म विरोधियों को यह बात पच नहीं रही है। जो साधु-संतों पर लाठी चार्ज कराता हो, धर्मद्रोही हो उससे मिलन नहीं चाहिए।उन्होंने कहा- कुंभ एकता का परिचय है। वहां पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एक दिन के दौरे पर श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती वाराणसी पहुंचे।उन्होंने कहा- सनातन के ज्वार को कोई रोक नहीं सकता है। कुंभ की भीड़ को देखकर विपक्षी घबरा गए हैं। राष्ट्रद्रोही मानसिकता वाले कितनी भी चाल चल लें वह कुछ नहीं कर पाएंगे।मांस-मदिरा मुक्त हो काशी की पंचक्रोशी मार्गस्वामी नरेंद्रानंद ने कहा- महाकुंभ में हुई बैठक में काशी को धार्मिक नगरी की तर्ज पर सनातन धर्म नगर घोषित करने की मांग की गई है। साथ ही पंचक्रोशी परिक्रमा मार्ग के साथ चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को व्यवस्थित करने की मांग की गई है। काशी की पंचक्रोशी मार्ग को मांस और मदिरा से मुक्त रखा जाए।स्वामी नरेंद्रानंद ने कहा- 5 बड़ी मांगों को महाकुंभ की बैठक में उठाया गया है। जिस पर आगे काम किया जाएगा।काशी को धार्मिक नगरों की तर्ज पर सनातन धर्म नगर घोषित किया जाए। पंचक्रोशी परिक्रमा मार्ग के साथ-साथ चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को व्यवस्थित किया जाए। संपूर्ण क्षेत्र से मांस, मछली, अंडा के उपयोग, उपभोग और क्रय विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। ज्ञानवापी सहित मुगल आक्रांताओं के क्षतिग्रस्त किए गए बिंदु माधव मंदिर, कृतिवासेश्वर मंदिर, लाट भैरव, अविमुक्तेश्वर मंदिर, वक्रार्क कुंड मंदिर, शुष्केश्वर महादेव मंदिरों को शीघ्र मुक्त कराने के लिए कदम उठाएं।आनंद कानन वन अर्थात पंचक्रोशी परिक्रमा मार्ग की विधर्मियों की ओर से अपवित्र की जा रही भूमि से कब्र, मजार, मस्जिद, बूचड़खाना को मुक्त कराने के लिए संवैधानिक तरीके से कदम उठाए जाएं।काशी की सभी शत्रु संपत्तियों की जांच कराकर तत्काल सरकार अपने कब्जे में ले। उस जमीन पर स्कूल, अस्पताल तथा पार्क का निर्माण कराया जाए।नगर निगम की सीमा के अंदर एवं पंचक्रोशी सीमा के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

# मम्मी-पापा को जहर खाता देख मैंने भी खा लिया

### मेरठ में आरएएफ जवान की बेटी बोली- एक फोन आया और पापा ने कहा सब खत्म हो गया

मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पापा के पास एक कॉल आई, उन्होंने फोन काटते ही कहा कि सब कुछ खत्म हो गया। अब हम लोग जेल जाएंगे। फिर पापा ने शीशी निकाली। मम्मी-पापा ने जहर खा लिया। मैंने कहा कि आप लोग मुझे छोड़कर जा रहे हो, मैं जी कर क्या करुंगी। मैंने भी शीशी में बचा जहर खा लिया। फिर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर रोने लगे। 10 से 15 मिनट बाद हम लोग बेहोश हो गए। इसके बाद अस्पताल में मेरी आंख खुली।'ये कहना है मेरठ में पत्नी संग सुसाइड करने वाले आरएएफ जवान की बेटी नव्या का। बच्ची ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा- 2 महिला अफसर पापा को टॉर्चर कर रही थीं। इससे परेशान होकर मेरे परिवार ने यह कदम उठाया।16 फरवरी को परिवार सहित खाया था जहर कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के गणपति इनक्लेव निवासी आरएएफ जवान केशपाल ने 16 फरवरी को पत्नी प्रियंका और बेटी नव्या के साथ जहर खा लिया था। मोहल्ले वाले सभी को लेकर अस्पताल पहुंचे थे।जहां केशपाल की मौत हो गई, जबकि 17 फरवरी को पत्नी प्रियंका ने भी दम तोड़ दिया। बेटी नव्या बच गई थी। उसने महिला अफसर पर पापा को टॉर्चर करने का आरोप लगाया है। 'हम तीनों ने साथ जहर खाया' नव्या ने कहा- मेरे पापा की बटालियन में 2 लेडीज थीं। उन दोनों ने मेरे पापा को काफी टॉर्चर किया था। खाने में डोज डलवाते थे। पापा को ये सब करने के लिए उन्होंने मजबूर किया।रात को पापा ड्यूटी से घर आए थे। फिर सुबह उन दोनों की कॉल आई थी पापा के पास। इसके बाद पापा काफी परेशान हो गए थे। उन्होंने बोला कि हम सब जेल में जाएंगे। अब सब कुछ खत्म हो गया और फिर हम सबके साथ जहर खा लिया।पापा ने मुझसे कुछ नहीं कहा था, मैंने अपनी मर्जी से जहर खाया था। मैंने कहा कि जब आप दोनों मुझे छोड़कर जा ही रहे हो तो मैं जीकर क्या करूंगी, मैं भी जहर खा लेती हूं। पापा तभी जहर लेकर आए । हम तीनों ने साथ ही जहर खाया था।केशपाल की भाभी यानी बड़े भाई महेशपाल की पत्नी ने कहा- मेरे देवर-देवरानी कायर नहीं थे। वो हमेशा सुसाइड को गलत बताते थे। वो कहते थे कि सुसाइड करना गलत काम है, यह तो कायरता है। हम कभी ऐसी कायरता नहीं करेंगे। फिर पता नहीं उन दोनों ने ऐसा क्यों किया। मुझे आज भी भरोसा नहीं हो रहा। उन दोनों पति-पत्नी में बहुत प्यार था। वो एक दूसरे के बिना नहीं रहते थे, इसलिए अंतिम समय में भी उन दोनों ने मौत को एक साथ चुना।बड़े भाई महेशपाल ने कहा- मेरे भाई केशपाल का दो महिला अधिकारी मानसिक उत्पीड़न कर रही थीं। उसे यूनिट के सामने गाली देती थीं। खाने में नशीली डोज दी जाती थी। उसे नौकरी से निकालने और परिवार को जेल में डालने की धमकी दी जा रही थी।उसे मरने के लिए उकसाया जा रहा था, जिससे तंग आकर उसने ऐसा कदम उठाया। महिला अधिकारी उससे कहती थीं कि तुझे कहीं का नहीं छोडूंगी। तेरा जीना मुश्किल कर दूंगी। इससे परेशान होकर भाई केशपाल व उसकी पत्नी प्रियंका, भतीजी नव्या ने जहर खा लिया। नव्या इलाज के दौरान बच गई।आरएएफ अफसरों के बयान दर्ज हुएपुलिस ने आरएएफ जवान की बेटी नव्या, भाई महेशपाल और बेटे किट्टू को बयान के लिए बुलाया था। शुक्रवार को उनसे पूछताछ की गई। वहीं, दोनों महिला अफसरों को भी बुलाकर पूछताछ हुई।

# बिकरू कांड के शहीद सीओ की संपत्ति विवाद ने पकड़ा तूल

### पत्नी-बहनें और देवर सब भिड़ गए




बांदा, 22 फरवरी (एजेंसियां)। कानपुर के चर्चित बिकरू कांड में शहीद सीओ देवेंद्र मिश्रा की संपत्ति को लेकर पारिवारिक विवाद गहराता जा रहा है। शहीद की पत्नी आशा मिश्रा ने अपने दोनों देवरों राजीव मिश्रा और रामाधिदत्त मिश्रा के खिलाफ चोरी और जबरन कब्जे का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, दोनों भाइयों ने इस आरोप को गलत बताते हुए दावा किया कि मकान में सात बहनों सहित सभी का कानूनी अधिकार है। अब बहनों ने भी अपनी भाभी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भाइयों के पक्ष में शपथ पत्र देने की बात कही है। शहीद सीओ के पिता स्वर्गीय महेश मिश्रा के नाम बांदा शहर के सिविल लाइंस इलाके में ढाई विश्वा का मकान है, जिसे लेकर पारिवारिक संघर्ष जारी है। बलिदानी देवेंद्र मिश्रा की पत्नी आशा मिश्रा का कहना है कि उन्हें इस संपत्ति में एक-तिहाई हिस्सा मिलना चाहिए। वहीं देवरों का तर्क है कि मकान पर सात बहनों सहित सभी का हक बनता है और प्रत्येक को बराबर का हिस्सा मिलना चाहिए।

**भाभी-देवरों के बीच कानूनी जंग**

आशा मिश्रा ने 12 फरवरी को नगर कोतवाली में अपने देवरों के खिलाफ तहरीर दी, जिसमें उन पर मकान का ताला तोड़ने और सामान चोरी करने का आरोप लगाया गया। दूसरी ओर, रामाधिदत्त मिश्रा ने इस आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनकी भाभी ने पहले ही अपनी हिस्से की संपत्ति बेच दी है और अब मकान पर एक तिहाई अधिकार जता रही हैं।

**बहनें भाभी के खिलाफ देंगी शपथ पत्र**

परिवार की सात बहनें-विमला, सावित्री, पूर्णा देवी, रामा, श्यामा, गायत्री और मनीषा इस विवाद में भाइयों के समर्थन में उतर आई हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति पर उनका भी कानूनी अधिकार है और वे इस संबंध में न्यायालय में शपथ पत्र देंगी। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि मामले में एक पक्ष का बयान दर्ज कर लिया गया है और दूसरे पक्ष को जल्द ही बुलाया जाएगा। वहीं, आशा मिश्रा का कहना है कि वे केवल अपने हिस्से की मांग कर रही हैं और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।

# बीजेपी एमएलए को 3 महीने की सजा, 500 का जुर्माना

### 2019 में मारपीट कर शख्स को किया था घायल विधायक बोले- सजा के खिलाफ अपील करूंगा

दरभंगा, 22 फरवरी (एजेंसियां)। दरभंगा के अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव को कोर्ट ने तीन महीने की सजा और 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। विधायक के साथ-साथ गोसाईं टोल, पचाढ़ी निवासी सुरेश यादव को भी कोर्ट ने यही सजा सुनाई है। जिले के एकमात्र एमपी-एमएलए कोर्ट के स्पेशल जस्टिस करुणा निधि प्रसाद आर्य की अदालत ने मारपीट के एक मामले में सिटिंग भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव और सुरेश यादव को दोषी करार दिया है और 3 महीने की सजा सुनाई है। मामला 2019 का है।

दरअसल, समैला के रहने वाले उमेश मिश्र ने 29 जनवरी 2019 को हुई मारपीट को लेकर दूसरे दिन 30 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच करने वाले ने 12 अक्टूबर 2019 को चार्जशीट दाखिल किया था। कोर्ट ने 17 अप्रैल 2020 को इस पर संज्ञान लिया था।विधायक ने इस केस को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया है।

उन्होंने कहा, 'मुझे भरोसा है कि ऊपरी अदालत में मैं बरी हो जाऊंगा।'

पीड़ित उमेश मिश्र का आरोप था कि, '29 जनवरी 2019 की सुबह 6 बजे मैं मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला। जब मैं गोसाईं टोल पहुंचा, तो पूर्व दिशा से आ रहे मिश्री लाल यादव, सुरेश यादव और करीब 20-25 लोगों ने हरवे-हथियार से लैस होकर कदम चौक पर मुझे रोका। घेर कर गाली-गलौज करने लगे।'

'जब विरोध किया तो मिश्रीलाल यादव ने सिर पर फरसा से हमला किया। जिसमें मैं घायल हो गया।'

सुरेश यादव ने रॉड और लाठी से मारकर उमेश मिश्र के पॉकेट से 2300 रुपए निकाल लिए थे। जख्मी उमेश मिश्र का इलाज पहले केवटी पीएचसी और बाद में डीएमसीएच में हुआ।

# 31 पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज, जांच में लापरवाही का मामला

### मधेपुरा में एसपी ने की कार्रवाई, डीजीपी के निर्देश पर की गई समीक्षा



मधेपुरा, 22 फरवरी (एजेंसियां)। मधेपुरा में पुलिस विभाग ने कार्रवाई करते हुए अपने ही विभाग के 31 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सालों तक लंबित पड़े मामलों की अनदेखी और जांच में लापरवाही बरतने वाले इन अधिकारियों पर गाज गिरी है। राज्य के डीजीपी के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

डीजीपी ने आपराधिक मामलों की जांच में देरी पर नाराजगी जताते हुए जिलों के सभी एसपी को निर्देश दिया था कि वे उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। जो मामलों की जांच अधूरी छोड़कर फाइलें दबाकर बैठे है। डीजीपी के आदेश के बाद मधेपुरा एसपी ने विभागीय समीक्षा की। इसमें कई अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है।

इसमें पाया गया कि जिले के सदर थाना की समीक्षा में ही 31 पुलिस अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। इसमें से कई अधिकारियों ने 10 से 12 साल पुराने मामलों की जांच अधूरी छोड़ दी थी। मधेपुरा सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार के अनुसार पुलिस पदाधिकारियों को बार-बार पत्र लिखकर जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

इसके बाद केस संख्या 230/25 दर्ज किया गया। इस कार्रवाई की जद में आने वाले 31 पुलिस अधिकारियों में एसआई महेश कुमार यादव, एसआई रविश रंजन, गणेश प्रसाद, एएसआई बिंदेश्वर राम, एसआई गोपाल कृष्ण, एएसआई प्रेमचंद्र पासवान, एसआई सियावर मंडल, एसआई किशोर कुमार, एसआई उमेश पासवान, एएसआई अनिल कुमार सिंह, एसआई अनंत कुमार, एसआई पशुपति सिंह, एएसआई विनोद कुमार मिश्रा शामिल है।

इसके साथ ही एसआई राजेश चौधरी, एसआई रामाश्रय शर्मा, एएसआई सुभाष चंद्र नारायण, एसआई लक्ष्मण राम, एसआई अशोक कुमार साह, एसआई प्रवीण ठाकुर, एएसआई मदन मोहन सिंह, एसआई नितेश कुमार, एएसआई नंदकिशोर सिंह, एएसआई चंदेश्वर राम, एसआई सत्येंद्र नारायण सिंह, एसआई सुरेश राम, एसआई महेश कुमार रजक, एसआई पशुराम दास, एसआई गंगा सागर, एसआई रविंद्र प्रसाद सिंह, एसआई नवीन कुमार सिंह और एसआई महेश कुमार यादव शामिल है।

# हरियाणा में भ्रष्टाचार किया तो 50 साल में ही रिटायरमेंट

## अधिकारियों-कर्मचारियों पर नया नियम लागू; चीफ सेक्रेटरी ने ग्रुप-बी अधिकारी की एक्सटेंशन रोकी

चंडीगढ़, 22 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी ने भ्रष्टाचार किया तो सरकार उसे 50 साल में ही रिटायर कर देगी। सरकार ने यह नियम लागू कर दिया है। जिसके बाद राजस्व विभाग के ग्रुप-B के अधिकारी की एक्सटेंशन पर सरकार ने रोक लगा दी है। अधिकारी के जल्द जबरन रिटायरमेंट के आदेश जारी कर दिए जाएंगे। प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल, सरकारी नौकरी के लिए उम्र की सीमा 58 साल तक है।


हालांकि हरियाणा सरकार पहले 55 साल की उम्र में अधिकारी के भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करती थी। अगर सब ठीक हुआ तो अधिकारी या कर्मचारी को 58 साल तक नौकरी के लिए एक्सटेंशन दे दी जाती थी। अब सरकार ने इस उम्र सीमा को 50 साल कर दिया है। हालांकि 55 साल में भी रिव्यू की प्रक्रिया जारी रहेगी।

**गोपनीय रिपोर्ट को बनाया जाएगा आधार**

सरकार के मुताबिक किसी अधिकारी और कर्मचारी को जबरन रिटायर करने के लिए उसकी गोपनीय रिपोर्ट को आधार बनाया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों की एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट (एसीआर) की भी जांच की जाएगी। अगर वह भ्रष्टाचार के केस में पकड़ा गया या किसी तरह से इन्वॉल्व रहा है तो फिर उसे 50 साल से आगे सरकारी नौकरी करने की छूट नहीं दी जाएगी।

**एचसीआर अफसर रीगन को जबरन रिटायर कर चुकी है सरकार**

पिछले दिनों सरकार ने हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीआर) के अधिकारी रीगन कुमार को जबरन रिटायर कर दिया था। रीगन पर कई तरह के आरोप लगे थे। वह




2011 बैच के एचसीएस थे। उन पर लगे आरोपों में उत्पीड़न और अनुशासनहीनता भी शामिल थी। जिस वजह से सरकार ने उनको रिटायर करने का कड़ा फैसला ले लिया।

**2024 में 86 लोगों पर एफआईआर, इनमें 86 अधिकारी शामिल**

बता दें कि हरियाणा में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 2024 में रिश्वतखोरी के 155 मामले दर्ज किए। जिनमें 104 ट्रैप लगाए गए। इन केसों 88.29 लाख रुपए की रिश्वत जब्त की गई। पकड़े गए लोगों में 6 गजटेड, 80 नॉन गजटेड और 31 निजी व्यक्ति शामिल थे। इनमें से 86 को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया था।

**भ्रष्ट पटवारियों और दलालों की लिस्ट जारी कर चुकी सरकार**

भ्रष्टाचार को लेकर हरियाणा सरकार ने पहले 370 भ्रष्ट पटवारियों की लिस्ट जारी की थी। लिस्ट में यह भी बताया गया था कि किस जिले का कौन सा पटवारी किस काम के लिए कितनी रिश्वत लेता है। इसके अलावा 170 पटवारी ऐसे थे, जिन्होंने निजी सहायक रखे हुए थे। कुछ पटवारी अपने घर या प्राइवेट जगह पर ऑफिस चला रहे थे।

इसके बाद सरकार ने सरकारी दफ्तरों में सक्रिय 404 दलालों की लिस्ट जारी की। दलाल तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नाम पर काम कराने के बदले पैसे ले रहे हैं। सरकार ने कहा था कि दलालों की एंट्री रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके बाद सरकार ने 47 तहसीलदारों की लिस्ट फाइनल की। हालांकि, अभी तक लिस्ट सामने नहीं आई है।

**चीफ सेक्रेटरी रस्तोगी बोले- भ्रष्टाचार मिटाना पहली प्राथमिकता**

नए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि सरकारी सिस्टम को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके तहत भ्रष्टाचार में संलिप्त अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब अफसरों की 50 वर्ष में होने वाली एक्सटेंशन को रिव्यू किया जा रहा है। इसके तहत ग्रुप-B के एक अफसर की एक्सटेंशन को खारिज कर दिया गया है। जल्द ही उक्त अफसर को रिटायर करने के आदेश जारी किए जाएंगे।

# पीएम मोदी ने शरद पवार को सम्मान के साथ कुर्सी पर बैठाया

## > फिर गिलास में बोतल से पानी भरा

मुंबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार के बीच शानदार जुगलबंदी देखने को मिली। इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक अहम बातचीत हुई। पीएम मोदी ने सम्मानपूर्वक शरद पवार को कुर्सी पर बैठाया। उन्होंने पवार के लिए कुर्सी पीछे की और फिर उन्हें आराम से उस पर विराजमान किया। इसके बाद उन्होंने बोतल से पानी निकालकर शरद पवार के सामने रखे गिलास को भरा। इसे देखकर वहां मौजूद गणमान्य अतिथियों ने जमकर तालियां बजाईं।




प्रधानमंत्री मोदी की ओर से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार को सीट पर बैठने में मदद करने और उन्हें एक गिलास पानी देकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने पर शुक्रवार को नई दिल्ली में 98वें अखिल भारतीय मराठी सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित दर्शकों ने तालियां बजाईं। पीएम मोदी को दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरुआत करनी थी, लेकिन उन्होंने समारोह की स्वागत समिति के अध्यक्ष शरद पवार से भी दीप प्रज्वलन में शामिल होने का आग्रह किया। बाद में जब शरद पवार अपना भाषण खत्म करके पीएम मोदी के बगल वाली सीट पर बैठने के लिए पहुंचे, तो प्रधानमंत्री ने 84 वर्षीय नेता को बैठने में मदद की और स्वयं बोतल से गिलास में भरकर उन्हें पानी पीने को दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना भाषण शुरू करते हुए कहा कि शरद पवार के निमंत्रण पर ही उन्होंने इस समारोह का उद्घाटन करने के लिए सहमति दी। उन्होंने कहा कि आज शरद पवार जी के निमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिला है। पूरे समारोह के दौरान मोदी और पवार एक-दूसरे से बातचीत करते नजर आए।

# मराठी में बात न करने पर बस कंडक्टर से मारपीट मामले में बवाल, हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार

बेलगावी, 22 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक में राज्य परिवहन निगम की बस के कंडक्टर (परिचालक) पर मराठी में यात्री को जवाब न देने पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार को महाराष्ट्र की सीमा से लगे बेलगावी जिला मुख्यालय शहर के बाहरी इलाके में हुई। कंडक्टर पर भी पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इससे पहले आंखों में आंसू लिए 51 वर्षीय कंडक्टर महादेवप्पा मल्लप्पा हुक्केरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि सुलेभवी गांव में अपने पुरुष साथी के साथ बस में चढ़ी एक लड़की मराठी में बोल रही थी। हुक्केरी ने कहा कि उसने उससे कहा कि उसे मराठी नहीं आती और उसने उससे कन्नड़ में बात करने को कहा। कंडक्टर ने कहा, 'जब मैंने कहा कि मुझे मराठी नहीं आती, तो लड़की ने मुझे गाली देते हुए कहा कि मुझे मराठी सीखनी चाहिए। अचानक बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और मुझ पर हमला कर दिया।' पुलिस ने बताया कि घायल बस कंडक्टर को बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। उसे मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हमने कंडक्टर पर हमला करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। 14 वर्षीय लड़की की शिकायत के आधार पर कंडक्टर के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिचालक पर लड़की के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।' उन्होंने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। हमें आरोपों की जांच करनी है और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोलकाता तिहरे हत्याकांड में महिलाओं के पतियों के गिरफ्तारी की तैयारी

कोलकाता, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में तिहरे हत्याकांड से हर कोई स्तब्ध रह गया था, लेकिन इस मामले में उस वक्त लोग और हैरान रह गए। जब परिवार के तीन पुरुष एक सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गए थे। वहीं इस मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोलकाता में जिस घर में जिन दो महिलाओं के साथ एक लड़की का शव मिला था, उनके पतियों को गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पतियों को गिरफ्तार करने का फैसला पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद लिया गया, जिसमें बताया गया कि दोनों महिलाओं और लड़की की हत्या की गई थी, जिससे यह अटकलें खारिज हो गईं कि तीनों ने आत्महत्या की है।

# सीआरपीएफ की बड़ी कार्रवाई : हवलदार व उसकी पत्नी की मौत के केस में कमांडेंट, डीसी व इंस्पेक्टर पर गिरी गाज

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। सीआरपीएफ हवलदार केशपाल सिंह, जो 108 'रेपिड एक्शन फोर्स' का जवान था, ने अपनी पत्नी और बेटी के साथ मिलकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। बाद में केशपाल सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका देवी की मौत हो गई। बेटी नव्या की जान बचा ली गई है। सीआरपीएफ मुख्यालय ने इस मामले में कठोर एक्शन लिया है। सीआरपीएफ की 108 रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के कमांडेंट नरेंद्र सिंह को नार्थ ईस्ट जोन मुख्यालय भेजा गया है। उक्त अधिकारी को 21 फरवरी को दोपहर तक रिलीव करने के आदेश जारी किए गए हैं।




इनके साथ ही 108 रेपिड एक्शन फोर्स की डिप्टी कमांडेंट तुलसी डुगरियाल और इंस्पेक्टर जीडी (महिला) गुरमीत कौर का भी तुरंत प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। तुलसी डुगरियाल को असम के बोंगईगांव स्थित डीआईजी (ऑप्स) कार्यालय में लगाया गया है, जबकि गुरमीत कौर को असम स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर खटखटी में तैनाती दी गई है। मृतक हवलदार के भाई महेशपाल सिंह ने सीआरपीएफ की महिला डीसी व इंस्पेक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। बता दें कि 16 फरवरी को सीआरपीएफ हवलदार केशपाल सिंह (45) ने अपनी पत्नी प्रियंका देवी (36) और बेटी नव्या (13) के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया था। इस घटना में केशपाल सिंह और उसकी पत्नी की मौत हो गई। डॉक्टरों ने केशपाल सिंह की बेटी को बचा लिया है। केशपाल सिंह के भाई महेशपाल सिंह ने अमर उजाला डॉट के साथ बातचीत में कहा था, यह कोई छोटा मोटा केस नहीं है। सीआरपीएफ की महिला अधिकारी पर आरोप लगे हैं। हमने मेरठ जिले के कंकरखेड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दी है। एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया गया है। साथ ही सीआरपीएफ के आईजी ने भी यह भरोसा दिया है कि इस मामले की तह तक पहुंचा जाएगा। सीआरपीएफ द्वारा इस मामले की 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' के आदेश जारी किए गए हैं। कमांडेंट विनोद कुमार के नेतृत्व में गठित बोर्ड इस केस की जांच कर रहा है। मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में गत रविवार को यह हृदय विदारक घटना सामने आई थी। केशपाल सिंह के भाई महेशपाल सिंह ने बताया, उनके पास सुबह ही फोन आया था। उस वक्त केशपाल सिंह जहरीला पदार्थ निगल चुके थे।

# चिट्टा तस्करी में भी संलिप्त थे तहसील कल्याण अधिकारी और महिला वकील, पुलिस जांच में खुलासा

शिमला, 22 फरवरी (एजेंसियां)। चिट्टे के मामले में गिरफ्तार जिला शिमला के एक तहसील कल्याण अधिकारी और महिला वकील पर अब पुलिस ने नशा तस्करी की धाराएं लगाई हैं। इसके मुताबिक समाज में सफेदपोश की जिंदगी जीने वाले यह सभ्य और प्रतिष्ठित व्यक्ति तस्करी के आरोपी हैं।

चिट्टा तस्कर के बैंक खातों के साथ इन लोगों के लेनदेन के सबूत मिलने पर एक बार के लिए पुलिस भी हैरत में पड़ गई, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, यह साबित होने लगा कि यह भी इस कृत्य में शामिल हैं। आरोप है कि तहसील कल्याण अधिकारी मुकुल चौहान ने अपनी परिवार के सदस्यों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था।

संदीप शाह चिट्टा तस्कर गिरोह के मामले में गिरफ्तार कई युवाओं ने पूछताछ में सामने आया है कि नशे की लत लगने के बाद आरोपी शाह के संपर्क में आए



और इसके बाद इसकी पूर्ति के लिए उन्होंने अन्य लोगों को भी नशा उपलब्ध करवाया। प्रारंभिक जांच में बैंक खातों में सरगना के साथ लगातार लेनदेन की बात सामने आने के बाद पुलिस ने इसमें नशा तस्करी की धाराएं भी लगाई हैं। पुलिस के मुताबिक अभी बैंक खातों का छह महीने का रिकॉर्ड ही खंगाला गया है। अब इसमें पुराने रिकॉर्ड की भी जांच की जाएगी। पुलिस जांच में सामने आया है कि शाह ने जिले में नशा तस्करी का ऐसा मॉडल तैयार किया था, जिसमें युवाओं के साथ ही कई कर्मचारी, अधिकारी भी शामिल थे। अभी तक पुलिस इस मामले में पुलिस कर्मचारी, तहसील कल्याण अधिकारी, महिला वकील और बेरोजगार युवाओं को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि गिरोह से 400 के करीब लोग जुड़े हुए हैं, जिनका शाह के साथ लगातार लेनदेन चलता था।

**25 साल तक के युवा नशे की चपेट में, कर रहे तस्करी**

संदीप शाह गिरोह ने चिट्टे का नशा फैलाकर जिले की युवा पीढ़ी को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। अभी तक इस मामले में जितने भी लोगों की गिरफ्तारी की गई है, उसमें ज्यादातर की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच है। इसमें बड़ी संख्या में लड़कियां भी शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि ये युवा पहले अपने परिचितों और दोस्तों के जरिये नशे के आदी बने। इसके बाद उन्होंने आगे नशे की सप्लाई भी की है। सभी आरोपी संपन्न परिवारों से संबंध रखते थे। इसमें 25 के करीब लड़कियों की संलिप्तता बताई जा रही है, जिन्हें पुलिस ने चिह्नित कर लिया है। अब उनके खिलाफ सुबूत जुटाकर उनकी गिरफ्तारी को लेकर औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने अपने परिजनों के बैंक खातों से भी शाह को पैसे ट्रांसफर किया है।


## चोरी के शक में युवक को बेरहमी से पीटा, हालत बिगड़ी तो अस्पताल ले गए, जहां हो गई मौत

अहमदाबाद, 22 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में एक युवक को चोर समझकर तीन लोगों ने बेहरमी से पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया. कुछ देर बाद युवक की हालत गंभीर हो गई तो उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया. इस मामले में पुलिस ने युवक को पीटने वाले तीन लोगों के खिलाफ हत्या और एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस दर्ज उन्हें अरेस्ट कर लिया है. जानकारी के अनुसार, बोपल पुलिस का कहना है कि घुमा गांव में रहने वाले इंद्रवदन परमार विभूषा बंगलो के पास से गुजर रहा था. उसी दौरान केतन पटेल, सुभाष पटेल और कंदर्प पटेल ने उसे पकड़कर जमकर पीटा था. तीनों को संदेह था कि इंद्रवदन परमार ने लोहे की पाइप और सरिया चोरी की है. इंद्रवदन को चोर समझकर पीटने वाले तीनों लोग बोपल पुलिस स्टेशन ले गए थे.

# 'युगांडा की जेल में खाने-पीने को तरसाया गया, नहाने से भी रोका गया'

**वसुंधरा ने सुनाई आपबीती**

मुंबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय मूल के अरबपति पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने शुक्रवार को युगांडा में दी गई यातनाओं की आपबीती सुनाई। उन्होंने दावा किया कि उन्हें युगांडा में तीन सप्ताह से अधिक समय तक सलाखों के पीछे रख यातनाएं दी गईं, जो मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन था। 26 वर्षीय वसुंधरा को अपने पिता पंकज के पूर्व कर्मचारी मुकेश मेनारिया के अपहरण और हत्या के आरोप में एक अक्तूबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में मेनारिया तंजानिया में जीवित पाया गया। जिसके बाद, 21 अक्तूबर 2024 को उन्हें जमानत दे दी गई।



**बुनियादी जरूरतों के लिए पुलिस को देनी पड़ी रिश्वत**

वसुंधरा ने शुक्रवार को पीटीआई को दिए साक्षात्कार में बताया कि मुझे पांच दिनों तक हिरासत में रखा गया। फिर दो सप्ताह के लिए जेल में डाल दिया गया। वसुंधरा ने दावा किया कि युगांडा के पुलिस अधिकारियों ने मुझे नहाने तक नहीं दिया। साथ ही भोजन-पानी देने से भी इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि मेरे माता-पिता को मेरे लिए भोजन, पानी और बुनियादी जरूरतों के लिए वकीलों के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को रिश्वत देनी पड़ी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें किसी सजा के तौर पर शौचालय का इस्तेमाल तक करने की अनुमति नहीं दी गई। वसुंधरा ने दावा किया कि पुलिस ने बिना वारंट उनके परिसर की तलाशी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि जब मैंने पुलिस अधिकारियों से तलाशी वारंट दिखाने के लिए कहा, तो उन्होंने मुझसे कहा कि हम युगांडा में हैं। यहां हम कुछ भी कर सकते हैं। तुम अब यूरोप में नहीं हो। वसुंधरा ने आरोप लगाया कि युगांडा के अधिकारियों ने मुझे उनके निदेशक से मिलने के बहाने इंटरपोल जाने के लिए मजबूर किया।

# सो रहे श्रमिकों के शेड पर ट्रक से गिराई रेत, पांच मजदूरों की मौत; नासिक में राजमार्ग पर भी हादसा

नासिक, 22 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के जालना में शनिवार को एक निर्माण स्थल पर बने श्रमिकों के अस्थायी 'शेड' पर ट्रक से गिराए गए रेत के कारण उसमें सो रहे पांच मजदूरों की दबकर मौत हो गई। जान गंवाने वालों में एक नाबालिग भी शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जाफराबाद तहसील के पासोडी-चंदोल में एक पुल परियोजना स्थल पर तड़के हुई।

**ट्रक चालक घटनास्थल से भाग गया**

उन्होंने बताया कि मजदूर निर्माण स्थल पर बने एक अस्थायी शेड में सो रहे थे कि तभी चालक रेत से भरा 'टिपर' ट्रक लेकर वहां पहुंचा और उसने अनजाने में वहीं शेड पर ही पूरा रेत गिरा दिया, जिससे मजदूर उसके नीचे दब गए। सूत्रों के मुताबिक, रेत के भार से शेड ढह गया, जिसके बाद ट्रक चालक घटनास्थल से भाग गया।

**मलबे से एक लड़की और एक महिला को बचा लिया गया**

अधिकारी ने बताया कि मलबे से एक लड़की और एक महिला को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और चालक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। मृतकों की पहचान सिल्लोड तहसील के गोलेगांव निवासी गणेश धनवाई (60) और उनके बेटे भूषण धनवाई (16) तथा जाफराबाद तहसील के पद्मावती निवासी सुनील सपकाल (20) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि अन्य दो पीड़ितों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

**नासिक में राजमार्ग पर ट्रक ने वाहनों को टक्कर मारी**

नासिक जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के घाट खंड पर एक ट्रक के वाहनों को टक्कर मार देने से एक महिला की मौत हो गई और पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना चांदवड के पास मुंबई-आगरा राजमार्ग पर राहुड घाट पर शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई की ओर जा रहे एक ट्रक के ब्रेक ढलान पर खराब हो गए और वह कारों व ट्रकों सहित सात से आठ वाहनों से टकरा गया।

## पंजाब सरकार ने धालीवाल से छीना 'अस्तित्व विहीन विभाग'

चंडीगढ़, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब की 'आप' सरकार ने अपने लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर ली है। मामला एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल से जुड़ा है। मंत्री करीब 20 महीने से एक ऐसे विभाग का नेतृत्व कर रहे थे, जो केवल कागजों पर ही था और जिसमें स्टाफ का आवंटन नहीं था। यह तथ्य शुक्रवार को मुख्य सचिव द्वारा जारी गजट अधिसूचना में सामने आया, जिसमें कहा गया कि धालीवाल को आवंटित प्रशासनिक सुधार विभाग अस्तित्व में ही नहीं है। अब धालीवाल केवल एनआरआई मामलों के विभाग का प्रभार संभालेंगे।

# गैंगस्टर की लेडी डॉन पत्नी बोली : मैं बचपन से बदमाश थी

## > अपने किए पर पछतावा नहीं > आनंदपाल गैंग की मेंबर नहीं थी > लॉरेंस से कभी नहीं मिली

सोनीपत, 22 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी की लेडी डॉन पत्नी अनुराधा चौधरी ने कहा कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। वह सिस्टम के हर दरवाजे पर गई लेकिन जब मदद नहीं मिली तो बगावत कर दी। अनुराधा ने खुद को बचपन से बदमाश बताते हुए कहा कि लेडी डॉन, रिवॉल्वर रानी और मैडम मिंज जैसे नाम उसे मीडिया ने दिए हैं।

अनुराधा ने यह भी दावा किया कि वह कभी राजस्थान के गैंगस्टर आनंदपाल की गैंग की मेंबर नहीं रही। उसकी जमीन का झगड़ा था, जिसमें लैंड माफिया के तौर पर आनंदपाल गैंग ने उससे संपर्क किया। अनुराधा ने यह भी कहा कि वह न कभी गैंगस्टर लॉरेंस से मिली और न ही कभी कोई बात हुई है। यह बात अलग है कि काला जठेड़ी इसी लॉरेंस सिंडिकेट का मेंबर है। अनुराधा ने एक निजी चैनल से बातचीत में अपने बचपन से लेकर काला जठेड़ी से शादी तक की सभी बातें शेयर कीं।




**बचपन में थोड़ी बदमाश थी, मुझे मेल बच्चे जैसे आजादी मिली**

अनुराधा चौधरी ने कहा– बचपन में मैं थोड़ी बदमाश रही हूं। जैसा मीडिया में कहते हैं कि मेरी मां नहीं थी, ऐसा नहीं है। मेरी मां आज भी जिंदा है। मुझे मेरे पिता ने लैविस लाइफ (शानदार जीवन) दी। मुझे एक मेल बच्चे जैसी फ्रीडम दी गई। मैंने शानदार बचपन जिया है। परिवार में मेरे मम्मी–पापा, भाई–बहन, एक बेटा और पति हैं। अनुराधा ने कहा-मेरा एलएलबी का लास्ट सेमेस्टर कंप्लीट नहीं हो पाया। मेरे और संदीप के ऊपर केस हैं, वकीलों को डील करना पड़ता है, फैमिली की भी जिम्मेदारी है। इस वजह से मैं इसे पूरा नहीं कर सकी। मैंने एमबीए किया, मैं यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडलिस्ट रही, मेरी बिजनेस करने की सोच थी, जो शेयर मार्केट में लिस्टेड हो। मगर, जिंदगी मुझे यहां ले आई।

**पहली शादी लव मैरिज नहीं अरेंज थी, वहीं से मैडम मिंज नाम पड़ा**

अनुराधा ने पहली शादी के बारे में बताया, 'मैंने लव मैरिज नहीं की थी। शादी करनी थी। जिस तरीके से मैं रही, जो फ्रीडम थी, बोल्ड डिसीजन लेना, मुझे यह लगता था कि जाट फैमिली मुझे कभी ये अलाउ नहीं करेगी। मुझे हमेशा इससे डर लगता था। वह मेरी अरेंज मैरिज थी।' अनुराधा चौधरी ने मैडम मिंज नाम पड़ने के बारे में बताया कि वह उसके पहले पति का सरनेम है। वह क्रिश्चियन थे। वह बोली, 'मीडिया ने मुझे काफी नाम दे दिए।'

# सृष्टि के सर्वशक्तिमान : भगवान शिव



अतुल कुमार

आस्था के रूप में शीर्ष नाम भगवान शिव का आता है . शिव का अर्थ है कल्याणकारी , कुशल क्षेम और कर्मशील बने रहने के लिये शक्ति के प्रदाता . प्राणों पर शासन करते हैं इसलिये शिवात्मा हैं , वायु को वश में रखते हैं इसलिये सदाशिव हैं , जीवन को वश में रखते हैं अतः परमेश्वर शिव हैं . शंभु के शांतिमय ,क्षमाशील और कल्याण रूप को सदैव चिदानंद माना गया . त्र्यंबक अर्थात तीन नेत्र वाले हैं जो सत्यम शिवम और सुंदरम का प्रतीक हैं . जीवन ,मृत्यु और मोक्ष तीनों के परमात्मा जो समस्त लोकों का उद्धार कर सभी प्राणियों पर कृपाशील बने रहते हैं इसलिये वह सर्वेश्वर माने गये . उनको वैराग्य, त्याग, ध्यान और तपस्या के रूप में भी माना जाता है . लय और प्रलय उन्हीं के अधीन हैं अतः संसार का भरण पोषण वही करते हैं .इसलिये शिव और शक्ति को अभिन्न माना गया .सबसे पहले शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार प्रसार की कोशिश की इसलिये उनको आदि देव कहा गया .उनका एक नाम आदिनाथ भी है .

वास्तव में शिव पर्यावरण के मूल सूत्रधार हैं . वेदों ने उनको पर्यावरण वत्सल कहा और ऐसे नाम दिये कि जिनको जान कोई भी एनवायरलिस्ट खुश होगा . जैसे गिरीश ( पर्वत ) हरिकेश ( हरे हरे पत्तों से सुशोभित ) और वृक्षपति कहे गये . धरती को भगवान शिव का शरीर माना गया शिव के पृथ्वी रूप का नाम " शर्व " है मनुष्यों के शरीर में जो कुछ भी ठोस पदार्थ हैं सब इसी पृथ्वी रूप से उत्पन्न होते हैं . जिस प्रकार वृक्ष की जडों को सींचने पर उसकी डालें ,फूल और फल आदि को पोषण मिलता है . पर्यावरण के सभी घटको को नुकसान से बचाने और प्रदूषण से दूर रख उनको सुखी रखने वालों से भगवान शिव प्रसन्न रहते हैं शास्त्रों ने उनकी आठ मूर्तियां मानी जो सूर्य , चंद्र , अग्नि ,वायु ,जल ,पृथ्वी आकाश और आत्मा हैं . इसलिये रीति रिवाज़ से उनकी पूजा होती है क्यों कि वह ही सबके एकमात्र घटक हैं जो इस सृष्टि के संचालनकर्ता हैं .

पर्यावरण संरक्षण आज पूरे संसार की सबसे बडी ज़रूरत है .पर्यावरण के असंतुलित होने की समस्या से दुनिया जूझ रही है , इसे बचाने के लिये चारों ओर से आवाज़ें उठ रही है. सभी इसको जानते मानते और समझते हैं लेकिन आगे आ इसको बचाने के लिये कोई सीरीयस एफर्ट्स दिखायी नहीं देते वही उदासीन रवैया बना है जो सालों से चला आ रहा है ऐसा क्यों ? शिव ने जल की एक एक बूंद को प्रसाद स्वरूप माना और जलाभिषेक को अपनी पूजा के महत्वपूर्ण भाग के रूप में स्वीकारा .ध्यान रहे ! जल को जितना महत्व ,मान और महिमा भगवान शिव ने दी उतनी किसी और देवता ने नहीं . जल को जीवन तुल्य बना " जल ही जीवन है " के विचार को अपनी आराधना में शामिल किया . कांवड यात्रा इसका सर्वोत्तम रूप है .

शिव पुराण में उल्लेख है कि भगवान शिव स्वयं ही जल हैं . कहा भी गया कि " संजीवनं समस्तस्य जगत सलिलात्मकम / भव इत्युचिते रूप भवस्य परमात्मनः // जल से ही धरती का ताप दूर होता है .जल को बचाना सबसे बडी शिव पूजा है .एक अध्ययन के अनुसार धरती पर कुल जल भंडार का पीने योग्य पानी सिर्फ 27% है इस पीने लायक पानी का केवल 4% हमारे हिस्से में है जबकि दुनिया की 16% आबादी भारत में बसती है . अनुपात तो गडबडाया हुआ है लेकिन इन मुश्किलों के लिये हम किसी और को ज़िम्मेदार नहीं ठहरा सकते . खेतों ,उद्योगों तथा वनों के लिये व पशु पक्षियों के लिये सबके लिये पानी ज़रूरी है .



.समुद्र मंथन में कई अनमोल रत्न ,हीरे और जवाहरात निकले तब देवों और असुरों में उनको पाने की लालसा और लिप्सा की होड लग गयी लेकिन भगवान शिव ने उसी मंथन से निकले संसार को नष्ट करने वाले विष को कंठ में धारण कर मानव ,जगत , वनों और पशु पक्षियों के हित में सर्वोत्कृष्ट समर्पित भाव को प्रस्तुत किया इसलिये विश्वात्मा और विश्वेश्वर माने गये

उक्त प्रसंग बताता है कि व्यक्तिगत कीमत पर भी जीवन और प्रकृति के संरक्षक के रूप में उन्होंने विष धारण किया. शिव कला के देवता हैं जो भ्रम और अज्ञान को दूर करते हैं .कला, योग, नृत्य और संगीत से उनका गहरा नाता माना गया .शास्त्रों के अनुसार ध्वनि और प्रकाश से

ब्रह्मांड की रचना हुई और भगवान शिव संसार के तारणहार बने . गायन, नृत्य , वादन के प्रथम आचार्य वही माने गये स्वभाव ,समर्पण और सहजता इतनी कि भोले भंडारी कहलाये भरत मुनि के नाट्य शास्त्र को नृत्य कला का सबसे पहला व प्रामाणिक ग्रंथ माना गया इसको पंचम वेद भी कहते हैं इसमें शिव पार्वती के नृत्य का वर्णन मिलता है . ऐसी मान्यता है कि जब भी तांडव नृत्य करते हैं अपने क्रोध में बिना डमरू के तांडव नृत्य करते हैं जिससे सृष्टि में भय और रोष छा जाता है .वहीं डमरू की धुन में तांडव नृत्य करते हैं तो प्रकृति में आनंद ,उल्लास और उमंग की बारिश होती है ऐसे समय में वह परम आनंद से पूर्ण होते हैं सृष्टि को खुशियों से भर देते हैं .कहा भी गया " जिसका मन भोलेनाथ की भक्ति में लग गया उसे फिर किसी और सहारे की ज़रूरत नहीं होती "

योगी हैं इसलिये वह आदियोगी कहे गये .योग के सबसे पहले गुरु या योग के प्रवर्तक हैं अपने सप्त ऋषियों को योग का ज्ञान दिया .इससे मनुष्य अपनी सीमाओं से पार जा सबसे ऊंची क्षमताओं तक पहुंच सकता है सरल रूप में कहें तो योग इस जीवन की मूलभूत रचना को जानने और इसे अपनी परम संभावना तक ले जाने का एक विज्ञान और तकनीक है जिसके जनक भगवान शिव ही हैं . आज की भाग दौड और स्ट्रेसफुल लाइफ के लिये योग को सबसे अच्छा साइंस माना गया . जो मनुष्य के अंतर्मन को स्वस्थ और खुश रखता है हर समस्या से उभरने की शक्ति देता है . कई असाध्य रोगों के लिये यह रामबाण इलाज माना गया . इसमें अनंत शक्तियों का वास है .

मान्यतानुसार भगवान शिव सभी दोषों को हर लेते हैं और उनको पवित्र कर देते हैं उनकी आराधना मात्र से ही सभी कष्टों का निवारण हो जाता है इसलिये भक्तों द्वारा " हर हर महादेव " का जाप किया जाता है .इसका एक आशय यह भी है कि कण कण में महादेव का वास है मनुष्य के चित्त में वह विराजते हैं हर हर का मतलब नष्ट करना अर्थात शिव जी भक्तों के कष्टों को हरने वाले माने गये .

शिव एक विराट दर्शन हैं दुनिया के दिखावे ,साजो श्रृंगार में कभी कोई रुचि नहीं रखी सदैव अपने रूप में मग्न रहते हुए मानव मात्र के कल्याण के लिये कार्य में लीन रहते हैं उदाहरण के लिये कौन श्मशान का निवासी बनना चाहेगा ? कौन भूतों के साथ रहना चाहेगा ? या फिर कौन ज़हर पीना चाहेगा ? यह सब शिव ही कर सकते हैं . भस्म को शरीर पर लगा संदेश दिया कि किसी भी स्थिति में मन को शांत रखो भस्म बताती है कि जगत नश्वर है और अंत में सिर्फ मुट्ठी भर भस्म ( राख ) ही शेष रहती है यही जीवन का सबसे बडा सच है .

किसी ने खूब लिखा " तुझ मे ,मुझ में रोम रोम में ,कण कण में, शिव ही शिव / भोर सांझ में ,हर एक सांस में हर आखर में शिव ही शिव / मौन देखूं ,शोर देखूं और अंतर में शिव ही शिव

# काव्य कुंज

## लोक-सेवकों के यहां भरा भण्डार है...?



संजय एम. तराणेकर, इंदौर

'लोक-सेवकों' के यहां भरा भण्डार है,
सरकारी नौकरी की महिमा अपार है।
भ्रष्टतंत्र की दीमक करती अपना काम,
जमा होती धन-सम्पदा होता है नाम।
कुबेर मानों स्वयं भर देते है खजाना,
यहीं जानता आम आदमी को बजाना।
'लोक-सेवकों' के यहां भरा भण्डार है,
सरकारी नौकरी की महिमा अपार है।
ऑफिस समय पर न जाना व्यापार है,
हाँ, लक्ष्मी प्रसन्न खरीद ली कार है।
देवी-देवता, पीर-फकीरों का आशीष,
दे जो मिली-भगत से झुकाते हैं शीष।
'लोक-सेवकों' के यहां भरा भण्डार है,
सरकारी नौकरी की महिमा अपार है।
कार में कई किलो सोना,नगदी माया,
विदेशों में भी मस्ती बेड़ा पार लगाया।
अनुकंपा नियुक्ति पर भी हैं मालामाल,
भ्रष्टाचार की जननी का सपूत लाल।

## व्यवस्था पीकर है पड़ी मदहोश देखिए



डॉ टी महादेव राव

न जाने कब अचानक भड़के आक्रोश देखिए
और व्यवस्था पीकर है पड़ी मदहोश देखिए
खुदगज़ी का आलम है कोई असर ही नहीं
उनमें है सिर्फ सत्ता हथियाने का जोश देखिए
तब से जला रहे हैं लाशों को ज्यों लावारिस हों
चेहरे जुबान और जज़्बात हैं खामोश देखिये
आहिस्ता चल रहा है शासन कछुए की चाल में
बढ़ गया अब समस्याओं का खरगोश देखिए
मुफलिसी का पैबंद चिपक गया है जिस्म से
सारे खामियों का यह बड़ा सा आगोश देखिए
इनकी करतूतों को नहीं मिल रहे हैं सही लफ़्ज़
इस जमात के लिए यारों नया शब्दकोश देखिये
भटकने को मजबूर है इंसान यहां दर बदर
खुद के ही वतन में है अब खानाबदोश देखिए
हवा पानी रोटी मकान से है महरूम आदमी
पड़ा है अश्क़ पीकर सड़क पर बेहोश देखिये।।

## किस दर्द की बात करें



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

दर्द दर्द की बात करें तो हो जाते अधीर।
किस दर्द की बात करें,
आंसू पाले गंभीर।।
कश्मीर में बेदखल हुए अपने ही घर से लोग,
शैतानों को लगे,निर्दोषों को सताने के रोग,
धर्म आड़ में आतंक फैलाकर छोड़ रहे ज़मीर।
किस दर्द की बात करें, आंसू पाले गंभीर।।
जाति,धर्म,ऊँच,नीच की बगिया सज रही,
उस पर अमीर गरीब की खाई बढ़ रही,
संभलने की जगह बिखर रहे, बढ़ाते पीर।
किस दर्द की बात करें आंसू पाले गंभीर।।
कभी भाषा में उलझे,कभी कन्याओं पे सितम,
कभी दहेज तांडव,कभी कोख में रोके जनम,
मनुष्य ही मनुष्य के पांव की बन रहे जंजीर।
किस दर्द की बात करें आंसू पाले गंभीर।।
आज तो परेशानियों की हद ही हो गई,
सनातन को लेकर ही बहस छिड़ गई,
'गीता' ज्ञान समझ ले न खींच स्वयं पे लकीर।
किस दर्द की बात करें आंसू पाले गंभीर।।

## दर्द



डॉ डी डी देसाई

न जाने दर्द को हर बार,
कैसे मिलता हैं...रास्ता मेरा ?
न जाने कैसे वाकिफ़ हैं मुझसे,
भलीभांति जानता हैं ठिकाना मेरा।
बिना किसी रोक ठोक के,
पहुँच ही जाता हैं मेरे दरवाजे पर
बिन बुलाये मेहमान की तरह।
शायद भाता हैं उसे मेरा अतिथ्य...
यहीं का हो कर रह जाता हैं..
शरद जोशी के अतिथि की तरह।
न जाने दर्द को हर बार,
कैसे मिलता हैं...रास्ता मेरा ?
झरोखे से आती रोशनी की तरह...
दरारों से आती हवाओं की तरह....
पहुँच जाता हैं मेरी कुटिया में
जो पहले से ही घायल पड़ी हैं।
यादों से लथपथ देह...
अश्कों से तर हुए सपने....
निचोड़ने आ जाता हैं दर्द कहीं से।
न जाने दर्द को हर बार,
कैसे मिलता हैं...रास्ता मेरा ?
पहुँच ही जाता हैं मेरे दर..
दुल्हन के जीवन में ससुराल की तरह...
किशोरावस्था में शराब की लत की तरह...
भूख से पीड़ित को अकाल की तरह...
धमक ही जाता हैं मेरे आँगन
निडर.... बेखौफ.....दर्द।
अबकी बार आया हैं दर्द....
वामन का अवतार लेकर।
मुझे राजाबली समझ माँग बैठा हैं..
तीन पग की जगह मुझसे..
एक पैर रखा मेरे हौसलों पर..
दूसरा...मेरा अस्तित्व पर...
तीसरा.... बची थी मेरी साँसे
कुचल के चला गया दर्द....
न जाने कैसे.. इस बार...
सुकून दे गया...हमेशा के लिए।

## शिवाय



टी तारासिंह
हैदराबाद

कर ले शिवार की पूजा-आराधना
बना ले अपना जीवन सुखमय
शिवार है निरंकार , अर्धनारीश्वर
समुद्र मंथन मे विश पीकर निलकंटेश्वर बने
देवो ओर असूरो के महादेव बने
तीनो लोको के देव त्रिदेव बने
प्रतिदिन स्नान करके
माथे पर तिलक लगा ले
शिवार के लिंग की पूजा करे
गंगाजल से लिंग का अभिषेक करे
फल फुल बेलपत्र लिंग पर चलाये
सबकी मनोकामना पूरी करते
शिवार है भाग्य के देवता
करे देते सबकी मुरादे पूरी ।।

## बंजारे सा मन



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

बंजारे सा ये मन मेरा,
न मझधार का डर,
न किनारे की फिकर,
न ही कोई डेरा,
मालूम नहीं किस ठोर बसेरा।
हर मन एक बंजारा ही है,
खोज रहा एक अनजानी राह,
कभी मिले मंज़िल, कभी गुमराह,
हर दिन है एक नई तलाश,
गढ़ रहा सपने ,बन संगतराश,
रहा नित नई कल्पना तराश।।
कोई ख्वाब पूरा, कोई अधूरा,
फिर भी हिम्मत की बिछि है बिसात,
कई भटकाव, कई बाधाएँ,
कई भ्रमजाल, अनगिनत राहें।
है आगे बढ़ने का जज़्बा और जुनून,
नित नई है धुन, नये मजमून।।।
ग़र जीवन में कुछ पाने की है प्यास,
कुछ कर गुजरने की है आस,
तो मन को बंजारा ही रहने दो,
उसमें जज्बा और साहस भर दो।
लेकर हाथों में हौसले का त्रिशूल,
शिवशंकर भोलेनाथ का दम भर लो,
उसे जिंदगी की जंग से जूझने दो,।।
एक अनोखा अजूबा रचने दो।।

## वादा



संजीव ठाकुर,
रायपुर

मुश्किलों में साथ देने का वादा तो करो
हाथों में हाथ देने का इरादा तो करो।।
सो जाऊगा गहरी नींद पल दो पल।
सपनो में आने का वादा तो करो।।
जमाना ऐसा ही है ऐसा ही रहेगा।
थोड़ा मुस्कुराने में इज़ाफा तो करो।।
मजबूर नहीं करते साथ चलने को।
पायल छनकाने का इरादा तो करो।।
बेरंग,बेनूर जिंदगी क्यों जिए हम।
प्यार के रंगों का इज़ाफा तो करो।
'संजीव' हवाओं पर लिखते तेरा नाम।
याद आने झूठा का दिखावा तो करो।।

## यमुना का कायाकल्प



कुमुद बाला,
हैदराबाद

शपथ से पहले दिल्ली की सफाई,
थिरक रहा यमुना का पानी
हो रहा नदी का कायाकल्प,
अब है लिखी जा रही नई कहानी
दिया सरकार ने संदेश , जागो प्राणी , तुम भी जागो
अपना आँगन खुद साफ करो,गैरों पर मत बिल फाड़ो
अपने घर का कचरा तुम, अर्पित न करो अब यमुना में
स्वच्छता के हैं खिल गये फूल,अब तुम मत चादर तानो
नवजीवन की बगिया खिलरही,बस याद रखो यह बात जुबानी
हो रहा नदी का कायाकल्प , अब है लिखी जा रही नई कहानी
फ़र्ज़ तुम्हारा बनता है,तुम हो सदी के विकसित प्राणी
क्यों मूरख तू लुटिया डुबोये , बनता जब पंडित ज्ञानी
जारी कर चेतावनी , भाषण दे , ज्ञानी बनते अज्ञानी
जल है तो है जीवन, समझा सबको, अनमोल है पानी
यही हमारी परंपरा, है अनमोल संस्कृति की बहुत मेहरबानी
हो रहा नदी का कायाकल्प,अब है लिखी जा रही नई कहानी
नदिया स्वच्छ,मनुष्यता स्वस्थ और अपना भविष्य सुरक्षित
चिंतन, मनन, पठन , पाठन से, होंगी व्यवस्थाएँ संरक्षित
सहयोग सबका, विकास सबका, यह नीति पूर्ण नियोजित
सच्चाई का करो सामना, होगी हरियाली संयुक्त अपेक्षित
घर से आँगन,नगर से शहर,
मुस्कायेगी स्वच्छता फिरअभिमानी
हो रहा नदी का कायाकल्प ,
अब है लिखी जा रही नई कहानी
यमुना का सफाई अभियान , मिटेंगे गंदगी के निशान
नहाके फिर से चाँदनी में,दिखेगा उज्ज्वल ताजमहल
कुतुबमीनार भी मचल-मचल कर ,फिर दर्पण देखेगा
यमुना आरती के सुवास से , फिर महकेगा हर कानन
आत्मविश्वास का दीप जलेगा , फिर लहरों में आयेगी रवानी
हो रहा नदी का कायाकल्प , अब है लिखी जा रही नई कहानी

## अपनों ने...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

चुप चुप से क्यों बैठे हो,
कुछ बोलो,कुछ बात करो
कितने अच्छे लगते हो
मेरी आंखों को कभी पढ़ लिया करो
चाहत तुझे पाने की,चाहत मुझे भी
छोड़ों टकराहटें,
देखो दिल बेचैन प्यासा लगता है
अपनों ने अकेला इतना कर दिया
कि अब अकेलापन ही अपना लगता है
यादें जो बीते पलों की बाते हैं
दिल में गहराई से समाई हैं
करूं कितनी भी कोशिश भूलने की
पर आंखों में बन पानी उतर आई हैं
कब तक यूं ही अनजान बन खफा रहोगे
पहल तो करो,
अन्यथा सफ़र चुभन सा लगता है
अपनों ने...
कुछ बेचैन सी होती है महसूस
कुछ तो है इन हवाओं में
अब पता नहीं तू कहां है
तेरी धुंधली तस्वीर है आंखों में
जो भी हो, मैं बाजी जीतना नहीं चाहता
कब तक इंतजार , मनुआ उलझा सा लगता है
अपनों ने..

## नियत



हेमंत सुराना,
उदयपुर

रंग देख नियत बदली,
इंसान ने नजरें भी बदली
नजरें कमजोर हो गई,
नियत चोर हो गई
दिखावे में है इंसान,
मगर नियत से है पहचान
नकली चेहरे सामने आए,
असली सूरत छुपी रहे जैसी नियत वैसी नियति,
नियत ही नियति तय करती
मकसद सदा सही हो, नियत में ना खोट हो
दिल सदा सच्चा हो , नियत सदा साफ हो
खुदा भी नहीं बक्शता, जो नियत खराब रखना
नियत को आईना बना दो, नियत को आईना बना दो ।

## वजह



-बलविंदर सिंह,
गुरदासपुर

बिन वजह मुखड़े से मुखड़ा मोड़ कर।
आदमी टूटे है रिश्ते तोड़ कर।
प्यार को फिर जोड़ने में हर्ज क्या,
रख ले गुल्लक में पैसे जोड़ कर।
सहरा से क्यों बदआशीषें लेता है,
पानियों को पानियों में छोड़ कर।
पत्थरों के साथ कर ली दोस्ती
दर्पणों को तोड़कर मचकोड़ कर।
उस खुदा ने रात का सृजन किया,
सूरजों को मुट्ठी में नीचोड़ कर।
ग़ज़ल लिखना खेल नहीं है बालमा
तारों को फिर जोड़ देना तोड़ कर।

## शिव शंभो



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

शंभो हर हर शंभो,
महादेव सदाशिव शंभो,
संकट हरण शिव शंभो ।
शक्ति ज्योतिर्लिंग शंभो,
भक्ति अनुरक्ति शिव शंभो ।
निराकार निराडंबर देव,
नीलकण्ठ शंकर महादेव ।
भस्मांगधारी हे भोलेनाथ,
भुजंगधारी हे कैलाशनाथ।
एकमात्र ही है देवाधिदेव,
एक लोटा जल से प्रसन्न होवे।
अर्धनारीश्वर है नटराजेश्वर,
नारी के मान सम्मान प्रदायक।
गोर-गरीब धनी नामी भक्तजन,
लिंगाभिषेक कर तर जाएँ मन।
जगत कल्याणार्थ स्वयं पी गए,
हालाहल की धार गंगाधर कहलाए।

## सपने तैरते मिलेंगे



रमेश गायकवाड
राग़ा, हैदराबाद

विचलित मत हो जाओ
मेरी भावनाओं की
वेदनाओं से ,
झूझते हुए पल
बिछड़े रिश्तों से
जीवन की
अनुभूति पाएंगे
तुम्हें अमृत पिलाने
ज़हर कंठ में बंधा हूं
कर्तव्य निष्ठा पथ और
संकल्पों से बिखरे लम्हें
आईने जैसी दिखाई देगी
विच्छेद मन की पीड़ा
समय रेखा ढो ढोकर
विद्रोह पुकार की गूंज
प्रेम के प्रतीक घायल दिल में
चमकीले सपने तैरते मिलेंगे
वेदना में तड़पकर निरंतर संघर्ष पथ में
परिवर्तन की आशा से
जीत जीत कर भी हारा
हार हार कर भी जीता
पर हमेशा सपने तैरते मिलेंगे ।।

## बाज़ारों में कहाँ बिकती है खुशी



हरि प्रकाश मारू -
हैदराबाद

हाँ, ना , नहीं
यही बातें दुनियां ने कही।
समझें तो सही।
नहीं समझे तो
दुनियां तुम्हारी नहीं।
क्या करोगे
उन्हें खुश कर कर,
जो तुम्हारी
किसी बात पर खुश नहीं।
सजाई महफीलें
हम ने भी थी बहुत।
पर वो ना आये
जिन्हें खुश करने की तमन्ना थी।
खुशी तोहफे में भी दे देते,
पर बाज़ारों में कहाँ बिकती है खुशी ।

## प्रकृति के रूप अनेक



कमलेश झा

है सजीव यह प्रकृति सारी,
रंग-बिरंगी, न्यारी-न्यारी।
कहीं बहे मंद मंद बयार,
कहीं दिखे हरियाली अपार।
सूरज तपे, चमके दिनभर,
चाँद करे फिर रात असर।
तारों की झिलमिल रोशनी,
छटा बिखरे चांदनी ।
सागर की उठती हैं लहरें,
पहाड़ों गाती है गजलें ।
नदियाँ का वह कल-कल धार,व
न में कोयल गए गीत मल्हार।
फूलों में खुशबू बसती ,
भंवरों की गुंजन हंसती ।
हर रूप में संजीवनी शक्ति,
प्रकृति की अनुपम यह भक्ति।
संभालो इसको, रखो ध्यान,
हरियाली से जीवन संधान।
सुनो धरा की मूक पुकार,
संरक्षण से करो जीवन नौका पार।

## ज़िन्दगी



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

कैसे कैसे रूप
यहाँ दिखाती है ज़िन्दगी।
छाँव कभी धूप
जहाँ दिखाती है ज़िन्दगी।
मसले समझ नहीं
आते जीवन के यहाँ
फ़ुर्सत कभी मसरूफ़ दिखाती है ज़िन्दगी।
ज़ुबान से ज़हर उगले वो नागिन ही है
ज़ुबाँ से असली रंगत बताती है ज़िन्दगी।
अति सुंदर गुलों में विषैले कीट होते हैं
मोहती सुंदरता नाच नचाती है ज़िन्दगी।
दौलत अपने पास हो तो सब बात करते हैं
ग़रीबी में अपनों को दूर कराती है ज़िन्दगी।
अपनों ने जब लूटा तो वक़्त ठहर गया
अपनों से बर्बाद कराती है ज़िन्दगी।
गमों में भी जो ख़ुद के ज़ख्म सीता रहा
उसी को ख़ुशियां दिखाती है ज़िंदगी।
रोज नया रंग जब सामने आया अपनों का
गैरों और अपनों से पहचान कराती है ज़िंदगी।
देखा है क़रीब से ज़िन्दगी को रेणू ने
देख परायों को आबाद कराती है ज़िन्दगी।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

वार्ता साप्ताहिकी
हैदराबाद, निज़ामाबाद, विशाखापट्टणम
रविवार 23, फरवरी 2025


# मोदी-शाह नए चेहरों को ही सीएम क्यों बनाते हैं?

## कभी इंदिरा गांधी भी ऐसा किया करती थीं

रेखा गुप्ता को दिल्ली का सीएम बनाकर बीजेपी ने अपनी एक रवायत कायम रखी। वो रवायत है- नए और कम चर्चित चेहरों को सीएम बनाकर चौंकाना। बीजेपी आलाकमान ने पिछले 11 सालों में कम से कम 13 राज्यों में ऐसा किया। इसमें एमपी में मोहन यादव, राजस्थान में भजनलाल शर्मा और हरियाणा में नायब सिंह सैनी शामिल हैं। बीजेपी बड़े और चर्चित नामों की बजाय नए चेहरों पर दांव क्यों लगाती है, इससे पार्टी को फायदा होगा या नुकसान और क्या पहले भी ऐसा हुआ है; इसकी पडताल करती रिपोर्ट।

2014 लोकसभा चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष। यहीं से बीजेपी में एक नए युग की शुरुआत मानी जाती है। लोकसभा चुनाव के 5 महीने बाद अक्टूबर 2014 में महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव हुए। दोनों राज्यों में बीजेपी को जीत मिली।

हरियाणा में बीजेपी ने राम बिलास शर्मा, कैप्टन अभिमन्यु, ओम प्रकाश धनकड़ और अनिल विज जैसे पुराने और चर्चित नेताओं की बजाय मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाकर बीजेपी ने चौंका दिया। इसी पैटर्न पर महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सीएम बनाए गए। यहां से शुरू हुई रवायत एक-दो अपवाद छोड़कर लगातार जारी है और इसमें सबसे लेटेस्ट नाम दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का जुड़ा है। वो पहली बार विधायक बनी हैं और सीधे मुख्यमंत्री बना दी गईं, जबकि होड़ में प्रवेश वर्मा जैसे चर्चित नेता भी थे। प्रवेश वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे और दिल्ली के बड़े जाट नेता हैं।

2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद केशव प्रसाद मौर्य को सीएम बनाने की हवा तेज थी। वो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। इसके अलावा मनोज सिन्हा के नाम की भी चर्चा थी, लेकिन ऐन मौके पर योगी आदित्यनाथ के नाम का ऐलान कर दिया गया।

2023 में मध्य प्रदेश में बीजेपी ने चुनाव जीतने के बाद बीजेपी ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया, जबकि शिवराज 15 साल से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। सीएम के नाम का ऐलान होने से ठीक पहले की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें मोहन यादव पीछे कहीं बैठे दिख रहे थे।

2023 चुनाव के बाद यही पैटर्न राजस्थान में दिखा, जब वसुंधरा राजे जैसी कद्दावर नेता की जगह पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा को सीएम बनाया गया। इसी साल छत्तीसगढ़ में सीएम बने विष्णुदेव साय भी अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरे थे। 2024 में हरियाणा चुनाव से कुछ महीने पहले बीजेपी ने अचानक मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सिंह सैनी को सीएम बना दिया। जबकि अनिल विज जैसे नेता कतार में थे। बीजेपी के नए-चेहरों पर दांव लगाने की स्ट्रेटजी के पीछे 2 बड़ी वजहें हो सकती हैं नरेंद्र मोदी की लीडरशिप को पार्टी चैलेंज नहीं देना चाहती। 2014 चुनाव से पहले बीजेपी के प्रधानमंत्री पद के दावेदारों पर मंथन चल रहा था तो पीएम मोदी के अलावा शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे जैसा नेता भी कतार में थे। यानी ये दोनों नेता तब तक नरेंद्र मोदी के समकक्ष थे। जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से हाईकमान ने कमल का फूल उन्हीं के हाथों में दे दिया है। देशभर में चुनाव कहीं भी हो और किसी भी तरह का हो, बीजेपी का मतलब मोदी ही होता है। इस स्ट्रेटजी को सारी विपक्षियां पार्टी मिलकर भी नहीं तोड़ पातीं।

इसलिए पार्टी मोदी-शाह की लीडरशिप को कोई चुनौती नहीं देना चाहती। नए चेहरों को सीएम की कुर्सी पर बैठाना और पुराने कद्दावर नेताओं को पीछे कर देना इसी स्ट्रेटजी का हिस्सा है। मोदी और शाह ऐसे नेताओं को पसंद नहीं करते जिनका अपना जनाधार हो। इसकी जगह वो लो-प्रोफाइल चेहरों के साथ ज्यादा सहज होते हैं। इसलिए भी पार्टी नए चेहरों को तरजीह देती है। योगी आदित्यनाथ एक तरह से अपवाद हैं, क्योंकि उन्हें संघ के दबाव में सीएम बनाया गया था।







पुरानी पीढ़ी से बीजेपी की कमान लेकर नई पीढ़ी को सौंपना।

2014 के बाद जितने भी राज्यों में बीजेपी जीती, उसकी दो कैटेगरी हैं। पहली- जिन राज्यों में पहले से बीजेपी सरकार थी और फिर सरकार आई। जैसे- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़। इन राज्यों में एस्टैब्लिश लीडरशिप थी। लेकिन ये लीडर्स या तो बहुत लंबे समय से सीएम थे या तो अपने राजनीतिक करियर के पीक पर या ढलान पर थे। बीजेपी ने जनरेशन शिफ्ट किया है। इसमें चौंकाने वाली बात नहीं थी। दूसरी- हरियाणा, असम, त्रिपुरा जैसे राज्य जहां बीजेपी की सरकार पहले से नहीं थी। वहां नाम चौंकाने वाले कह सकते हैं, लेकिन वहां लीडरशिप और कद्दावर नेता थे ही नहीं। असम में पहले बीजेपी ने सर्बानंद सोनोवाल को सीएम बनाया जो असम गण परिषद से आए थे फिर हिमंत बिस्वा सरमा को सीएम बनाया जो कांग्रेस से आए थे।

अगर आप बीजेपी के नए मुख्यमंत्रियों की उम्र देंखेगे तो औसत 55 साल है। जैसे- मोहन यादव, भजन लाल शर्मा, योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फडणवीस, रेखा गुप्ता। ये सभी लीडर्स अगले 15-20 साल तक पार्टी को उस स्टेट में लीड कर सकते हैं, जिस तरह वसुंधरा, येदियुरप्पा और खुद पीएम मोदी ने किया।

पीएम मोदी से पहले पार्टी का कोर वोट बैंक ज्यादातर अपर कास्ट और बनिया माना जाता था। नई लीडरशिप से जातीय समीकरण भी साधा जा रहा है। 2009 में बीजेपी का ओबीसी वोट प्रतिशत 18.6% था, जो 2014 में बढ़कर 37.6% हो गया। 2019 में 44% और 2024 में लगभग बराबर था। वहीं, 2019 में बीजेपी को SC-ST के 16.7% वोट मिले, जो 2024 में बढ़कर 20.8% हो गए।

'बीजेपी ने बड़े राज्यों में नए चेहरों के साथ उनकी जमीनी ताकत, अन्य विधायकों का समर्थन और मजबूत पकड़ भी देखी। इन राज्यों में नए चेहरों को सीएम बनाने से पार्टी को आने वाले चुनावों में फायदा मिलने की उम्मीद है। बीजेपी ये संदेश देना चाहती है कि पार्टी में हर कार्यकर्ता अहम है। यहां कोई बड़ा छोटा नहीं। किसी को कभी भी मौका मिल सकता है। पीएम मोदी, इंदिरा गांधी का समय दोहरा रहे हैं। 1970 और 1980 के दशक में जिस तरह इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री बनते ही सारे समकक्ष नेताओं को पीछे कर दिया था, नरेंद्र मोदी भी बिल्कुल वैसा ही कर रहे हैं। इंदिरा गांधी के दौर में मुख्यमंत्री की कुर्सी 'म्यूजिकल चेयर' बन गई थी। मुख्यमंत्री आते थे, उस पर बैठते थे और चले जाते थे, लेकिन उससे कांग्रेस की जड़ें खोखली हो गईं।' जाने-माने कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण ने 40 साल पहले एक चर्चित कार्टून भी बनाया था, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चुनाव से जुड़ा था। इसमें एक लाइन में कई नेता उस वक्त की इंदिरा गांधी के अभिवादन के लिए खड़े हैं। उन्हीं में से किसी और चुनकर इंदिरा गांधी कहती हैं, 'अब आप नए मुख्यमंत्री हैं, आपका नाम क्या है?' 1980 में जब इंदिरा गांधी दूसरी बार प्रधानमंत्री बनीं तो उन्होंने कई राज्यों में छोटे कद के नेताओं को सीएम बनाना शुरू कर दिया। कर्नाटक में गुंडू राव, महाराष्ट्र में एआर अंतुले, राजस्थान में जगन्नाथ पहाड़िया और मध्य प्रदेश में अर्जुन सिंह जैसे नए चेहरों पर दांव लगाया। इंदिरा गांधी ने तानाशाही वाली सरकार चलाई, जिसके 30 साल बाद बहुत बुरे नतीजे देखने को मिले। 2014 के बाद से कांग्रेस केंद्र समेत लगभग सभी राज्यों से साफ हो गई।

'कांग्रेस के उदाहरण की बीजेपी के मौजूदा हाल से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि कांग्रेस के पास संघ जैसा कोई संगठन नहीं था। कांग्रेस में जो प्रधानमंत्री कह देता था, पार्टी को वो मानना पड़ता था। फिर चाहे इंदिरा गांधी हों, राजीव गांधी हों या नरसिम्हा राव। लेकिन अब कैप्चरिंग की जद्दोजहद दो संगठनों के बीच है- एक संघ और दूसरी बीजेपी। दोनों के बीच कंट्रोल और कैप्चरिंग का कॉम्पिटिशन है। अभी सत्ता नरेंद्र मोदी के पास है, लेकिन हस्तक्षेप संघ का होता है।'

# महाकुंभ से वाराणसी ही क्यों जाते हैं नागा साधु



### 12 साल में दो ही ऐसे मौके; महाशिवरात्रि और मसाने की होली से क्या है संबंध

प्रयागराज महाकुंभ में तीन अमृत स्नान के बाद सभी 7 शैव यानी संन्यासी अखाड़े वाराणसी कूच कर गए हैं। अब काशी के घाटों और मठों में नागा संन्यासियों के दर्शन हो रहे हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर अखाड़ों के नागा साधु और महामंडलेश्वर अपने मठ-मंदिर में लौटने की जगह काशी ही क्यों जाते हैं, वहां क्या करेंगे, ऐसा क्या रहस्य और परंपरा है?

प्रयागराज कुंभ या महाकुंभ के बाद अखाड़ों के काशी जाने की परंपरा आदिशंकराचार्य ने शुरू की थी। तब से यह परंपरा चली आ रही है। अखाड़े 6 साल पर लगने वाले अर्धकुंभ या 12 साल पर लगने वाले कुंभ के बाद ही काशी जाते हैं। 12 साल में दो बार ही ऐसे मौके आते हैं।

अखाड़ों के प्रयागराज से काशी जाने की कहानी श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत यमुना पुरी महाराज बताते हैं। वे कहते हैं- महाकुंभ में सभी अखाड़े के साधु-संत, संन्यासी, नागा-वैरागी, नर-नारी, देव और किन्नर गंगा-यमुना-सरस्वती के त्रिवेणी में ग्रहीय संयोग में डुबकी लगाकर मां गंगा को अपना सर्वस्व दान करते हैं।

यमुना पुरी पौराणिक कथा का जिक्र करते हैं। उनके मुताबिक जब गंगा पृथ्वी पर आ रही थीं, तब त्रिदेव ने मां गंगा को यह वरदान दिया कि हे गंगे! भूलोक पर आपको पुण्य फल की प्राप्ति का सुलभ साधन आपके मानस पुत्र और साधु-संन्यासी होंगे। सभी लोगों ने महाकुंभ में साधु संत-महात्माओं और नागा-वैरागी की शोभा यात्रा देखी है। अखाड़े अमृत स्नान करते हैं। इसके पीछे के रहस्य को सचिव महानिर्वाणी महंत यमुना पुरी महाराज बताते हैं- नागा संन्यासी और उनके अखाड़े के प्रमुख अपने इष्ट देव को सबसे पहले गंगा जल का स्पर्श कराते हैं। फिर त्रिवेणी जल में डुबकी लगाकर अपनी जप-तप साधना से अर्जित पुण्य को एक बालक की तरह उन्हें आचमन के जरिए समर्पित कर देते हैं।

यमुना पुरी के मुताबिक, काशी में अमृत स्नान की परंपरा महाकुंभ से थोड़ी अलग है। महाकुंभ में अखाड़े अलग-अलग समय पर स्नान के लिए जाते हैं तो काशी में एकसाथ स्नान करते हैं। गंगा में अमृत स्नान के बाद काशी विश्वनाथ पर जलाभिषेक करते हैं। अखाड़े अपने आराध्य देव भगवान शिव को स्पर्श करते हैं। भगवान शिव सृष्टि के महान ऊर्जा पुंज हैं। संन्यासी संत महात्मा काशी आकार भगवान शिव के विराट स्वरूप के ऊर्जा पुंज से आध्यात्मिक ऊर्जा ग्रहण करते हैं।

महाकुंभ के बाद ही नागा साधु और अखाड़े काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जाते हैं। महाकुंभ के बाद वे भोलेनाथ को यह सूचना देने जाते हैं कि प्रभु आपकी कृपा से हमने प्रथम आराधना संपन्न की है। वहीं, जो नए नागा साधु बने होते हैं वे भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर अपनी आगे की तपस्या शुरू करते हैं। कुंभ और महाकुंभ में ही नागा साधु बनाए जाते हैं।

### संन्यासी ही क्यों काशी जाते हैं, वैष्णव अखाड़े क्यों नहीं?

आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर प्रकाशानंद गिरी ने बताया, महाकुंभ से काशी प्रवास की परंपरा सिर्फ संन्यासी अखाड़े में ही होती है। संन्यासी अखाड़े भगवान शिव के उपासक हैं, क्योंकि शिव ही हमारे गुरु-इष्ट और सब कुछ हैं। शिव के बिना हम अधूरे हैं और शिव भी हमारे बिना अधूरे ही हैं। वहीं वैष्णव अखाड़े भगवान विष्णु को अपना सब कुछ मानते हैं। इसलिए वे महाकुंभ से काशी के आयोजन में शामिल नहीं होते।

### मसाने की होली की परंपरा क्या है?

काशी में खेली जाने वाली मसान होली को चिता भस्म होली के नाम से भी जाना जाता है। चिता की राख से होली खेलने की परंपरा वर्षों पुरानी है। यह होली देवों के देव महादेव को समर्पित है। मसान की होली को मृत्यु पर विजय का प्रतीक माना गया है। इस बार 10 मार्च को हरिश्चंद्र घाट और 11 मार्च को मणिकर्णिका घाट पर मसाने की होली खेली जाएगी।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान भोलेनाथ ने यमराज को हराने के बाद चिता की राख से होली खेली थी। तभी से इस दिन को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष मसाने की होली खेली जाती है। यह उत्सव 2 दिन तक मनाया जाता है। पहले दिन लोग चिता की राख को एकत्रित करते हैं और इसके दूसरे दिन होली खेलते हैं। पिछले 10 वर्षों से इस उत्सव में अत्यधिक भीड़ होने लगी है, श्मशान घाट पर महिलाएं भी जाने लगी हैं। लेकिन काशी के विद्वानों का कहना है कि ऐसा कहीं नहीं लिखा गया है कि चिता की भस्म से होली श्मशान घाट में जाकर खेली जाए।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी कहते हैं- अखाड़ों में चिता भस्म की होली खेलने की परंपरा नहीं है। बहुत होता है तो हम लोग गाय के गोबर की होली खेल लेते हैं।

### 40 दिन काशी में रहते हैं अखाड़े

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने बताया, प्रयागराज के महाकुंभ से काशी का प्रवास 40 दिन ( बसंत पंचमी से लेकर होली तक) का होता है। इस बीच साधु-संत काशीपुराधिपति भगवान महादेव के विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन पूजन कर उन्हें रिझाने की कोशिश करते हैं। काशी में रहकर संन्यासी भगवान शंकर के साथ होली खेलते हैं। इसके बाद वह हरिद्वार और दूसरी जगह अपने मठ अखाड़ों के मुख्यालय के लिए जाते हैं।

काशी में अष्ट कौशल के काम का बंटवारा जूना अखाड़े के थानापति डॉ. शिवानंद पुरी ने बताया कि महाकुंभ के बाद काशी में संन्यासी अखाड़े की नई सरकार के जिम्मेदार संत-महात्माओं को उनकी योग्यता के अनुसार मोहर और सर्टिफिकेट दिया जाता है। मोहर की परंपरा को एक तरह से अखाड़े द्वारा मठ-मंदिर की व्यवस्था संभालने के उत्तरदायित्व के रूप में समझा जा सकता है। इसके अलावा सर्टिफिकेट देने के पीछे का कारण, नागा संन्यासी की पहचान से है कि वे किस अखाड़े से हैं। इसके चलते यह जरूरी होता है।

### अभी 10 हजार से ज्यादा नागा संन्यासी काशी में

इस समय काशी में 10 हजार से अधिक नागा संन्यासी मौजूद हैं। वे गंगा घाट और मठ-मंदिरों में पूजा कर रहे हैं। सातों शैव अखाड़े के महामंडलेश्वर और आचार्य महामंडलेश्वर भी पहुंचने लगे हैं। सभी महाशिवरात्रि तक पहुंच जाएंगे।

# छत्रपति संभाजी महाराज की कहानी हर घर पहुँचनी चाहिए


श्री श्री रवि शंकर

संभाजी महाराज हमारे देश भारत की शान और गौरव हैं। उनके गुण आने वाली पीढ़ियों के युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे। आजकल मनुष्य अपने विश्वास, मूल्यों और सिद्धांतों को तुच्छ भौतिकवाद के लिए त्याग रहा है, जबकि संभाजी महाराज इतने महान थे कि उन्होंने प्रतिकूल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने धर्म के विश्वास और सिद्धांतों को नहीं छोड़ा। यहाँ तक कि जब उन्हें क्रूर यातनाएँ दी गईं। उन्होंने अंतिम सांस तक धर्म और नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए संघर्ष किया। ऐसी अद्भुत वीरता, प्रतिबद्धता, मूल्य और दृढ़ सिद्धांतों की कहानी देश के हर कोने तक पहुंचनी चाहिए। संभाजी महाराज ने मात्र 32 वर्ष की आयु में धर्म और शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने अन्याय और बुराई के आगे झुकने से इनकार कर दिया।

सिर्फ शांति की बात करने से समाज में शांति नहीं आएगी। समाज में किसी भी अन्याय से लड़ने के लिए शक्ति, बुद्धि, प्रतिबद्धता, साहस और मूल्यों का प्रभावी संयोजन आवश्यक है।

छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके परिवार द्वारा धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदानों और योगदान को स्वीकार किया जाना चाहिए।

दुर्भाग्यवश आज का युवा आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है। पारंपरिक नामों को आधुनिक नामों में बदल रहा है। और अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों को भूल रहा है। सत्य से बड़ा कोई सिद्धांत नहीं है। हमें अपनी जड़ों, संस्कृति और परंपराओं को नहीं छोड़ना चाहिए।


छत्रपति संभाजी महाराज

मैं आग्रह करता हूँ कि NCERT की पुस्तकों में ऐसी वीरता और आस्था की कहानियों को अधिक शामिल किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ संबाजी महाराज जैसे महापुरुषों की प्रेरणादायक कहानियों से अवगत हो सकें।

2004 में नई दिल्ली में एक सड़क का नाम औरंगज़ेब के नाम पर रखा गया था, जिसने देश को लूटा और अन्याय फैलाया! मैंने इसके खिलाफ लिखा था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। 2014 में इस सड़क का नाम बदलकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया।

### जर्मनी में हिटलर के नाम सड़क नहीं

जर्मनी में एक भी सड़क का नाम हिटलर के नाम पर नहीं रखा गया है, जबकि उसने वहाँ शासन किया था। सद्दाम हुसैन की एक भी प्रतिमा नहीं मिलेगी। लेकिन हमारे देश में हमने उन लोगों के नाम पर सड़कें और शहरों का नामकरण किया, जिन्होंने मानवता के साथ बहुत अन्याय किया। यह देश का अपमान है। किसी भी अन्याय या गलत कार्य का समर्थन नहीं किया जाना चाहिए और न ही इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

हमें किसी विशेष समुदाय से कोई शिकायत नहीं है। यही सनातन धर्म की विशेषता है – विविधता में एकता। हम वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास रखते हैं। जिसका अर्थ है - पूरा विश्व एक परिवार है। और किसी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है। लेकिन अन्याय नहीं होना चाहिए और इसका समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। कई लोग मानते थे कि बाबरी मस्जिद बिना किसी मंदिर को नष्ट किए बनाई गई थी! हर जगह से प्रमाण सामने आ रहे हैं – जैसे काशी विश्वनाथ मंदिर, ज्ञानवापी मंदिर... कई हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ वहां मिली हैं। मैं कहूँगा कि यह हमारी शिक्षा प्रणाली की गलती है। हमें निश्चित रूप से अपने बच्चों को इन तथ्यों और अपनी 'सच्ची', 'समृद्ध' इतिहास की शिक्षा देनी चाहिए। संपूर्ण हिंदुस्तान को एकजुट होकर इस पर बात करनी चाहिए। मुझे खुशी है कि संभाजी महाराज के नाम पर एक पूरी ब्रिगेड तैयार है – संभाजी ब्रिगेड।

### गलत इतिहास गढ़ा गया

इतिहासकारों ने हमारे देश का गलत इतिहास गढ़कर पेश किया। युवा पीढ़ी को भारतीय विरासत, संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं की इन महान गाथाओं के बारे में अधिक जागरूक बनाया जाना चाहिए। मैं उन सभी युवाओं को बधाई देता हूँ जो आज भी संभाजी महाराज के विचारों को जीवित रखे हुए हैं।



# विजया एकादशी पर इस मुहूर्त में करें श्रीहरि का पूजन

हिंदू धर्म में हर तिथि हर व्रत का अलग-अलग महत्व है। साल में 24 एकादशी के व्रत रखें जाते हैं। हर महीने में 2 बार एकादशी व्रत किया जाता है। एक कृष्ण और दूसरा शुक्ल पक्ष में। धार्मिक मान्यता है कि एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा करने से जातक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। फाल्गुन मास की पहली एकादशी को भगवान विष्णु के निमित्त विजया एकादशी का व्रत किया जाता है।

भगवान विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए एकादशी के व्रत का विशेष महत्व है। जीवन में जो भी परेशानियां हैं वो सभी एकादशी के व्रत से दूर हो जाती हैं। महीने में दो एकादशी होती है और इस तरह से साल भर में कुल चौबीस एकादशी होती है। जल्द ही विजया एकादशी आने वाली है और इस बार विजया एकादशी 24 फरवरी को मनाई जाएगी।

विजया एकादशी का मतलब है विजय दिलाने वाली एकादशी, जो शत्रुओं पर विजय पाना चाहते हैं वो इस दिन व्रत रख सकते हैं। आपको जीवन में सुख चाहिए, समृद्धि चाहिए, परेशानियों पर विजय चाहिए, जीवन में खुशहाली चाहिए, दुःख पर विजय चाहिए तो विजया एकादशी के दिन अवश्य व्रत रखे और भगवान विष्णु का पूजन करें।

**विजया एकादशी शुभ मुहूर्त**

विजया एकादशी की तिथि 23 फरवरी को दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 24 फरवरी को दोपहर 1 बजकर 44 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, 24 फरवरी को ही विजया एकादशी मनाई जाएगी।

**विजया एकादशी पूजन विधि**

एकादशी के दिन सुबह उठकर स्नान करें और पीले चन्दन/पीले फूल/पीली मिठाई/लौंग सुपारी इत्यादि से पूजन करें। धूप दीप जलाएं और एकादशी की कथा सुने और मन ही मन विष्णु जी से अपनी समस्या कहें। कथा सम्पूर्ण होने पर श्रीविष्णु जी की आरती करें। ब्राह्मणों और जरूरतमंद लोगों को सामर्थ्य अनुसार दान भी दें उसके बाद स्वयं खाना खाएं।

**विजया एकादशी उपाय**

**सुबह के समय जल्दी उठें और जल में केसर डालकर स्नान करें।**

**सूर्य नारायण को जल में केसर के डाल कर अर्घ्य दें।**

**भगवान विष्णु या राम दरबार के चित्र को अपने सामने स्थापित करें।**

**ॐ क्लीं कृष्णाय नमः मंत्र का तीन माला जाप करें।**

**विजया एकादशी कथा**

ऐसा कहा जाता है कि त्रेता युग में जब भगवान श्री राम लंका पर चढ़ाई करने के लिए समुद्र तट पर पहुँचे, तब मर्यादा पुरुषोत्तम ने समुद्र देवता से मार्ग देने की प्रार्थना की परन्तु समुद्र देव ने श्री राम को लंका जाने का मार्ग नहीं दिया तब श्री राम ने वकदालभ्य मुनि की आज्ञा के अनुसार विजय एकादशी का व्रत विधि पूर्वक किया जिसके प्रभाव से समुद्र ने प्रभु राम को मार्ग प्रदान किया। इसके साथ ही विजया एकादशी का व्रत रावण पर विजय प्रदान कराने में सहायक सिद्ध हुआ और तभी से इस तिथि को विजया एकादशी के नाम से जाना जाता है।

# उत्तराखंड ही नहीं, दिल्ली में भी है नीम करोली बाबा का आश्रम



बाबा नीम करौली के दर्शन करने लोग उत्तराखंड के नैनीताल जाते हैं। हालांकि, ज्यादातर लोगों को नहीं पता कि दिल्ली में भी नीम करौली बाबा का आश्रम है। इस आश्रम और यहा स्थित मंदिर को भक्त बहुत चमत्कारी मानते हैं। इस आश्रम व मंदिर को दिल्ली के लोग बिड़ला हनुमान मंदिर के नाम से भी जानते हैं।

कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण में बाबा नीम करौली का योगदान था। उन्होंने ही इस मंदिर की नींव खुदवाई, जिसका शिलान्यास दिसंबर 1965 तब के तत्कालीन गृह मंत्री गुलजारी लाल नंदा ने किया था। इस मंदिर के चमत्कारों के कई किस्से भी लोग जानते हैं।

**जमीन से प्रकट हुई थी हनुमान जी की मूर्ति**

यह मंदिर दिल्ली के उत्तरी क्षेत्र में यमुना नदी के पास महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित है। कहा जाता है कि इस मंदिर की प्रतिमा स्वयं प्रकट हुई थी। लोकल 18 से बात करते हुए मंदिर के वर्तमान पुजारी गोपाल स्वामी बताते हैं कि 1961 में बाबा नीम करौली बाबा द्वारा इस मंदिर की खुदाई कराई गई। खुदाई के दौरान यहां पर हनुमान जी की मूर्ति प्रकट हुई थी। छोटे आश्रम के साथ इस मंदिर का निर्माण बाबा नीम करौली ने कराया था।

**नीम करोली बाबा का आश्रम**

मंदिर के अंदर ही नीम करौली बाबा का आश्रम भी स्थित है। यह आश्रम साधना और शांति का केंद्र है। यहां भक्त बाबा के आशीर्वाद और उनकी शिक्षाओं का अनुभव करने आते हैं। यहा का वातावरण आध्यात्मिक और शांतिपूर्ण है, जो भक्तों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। बाबा के अनुयायी मानते हैं कि बाबा का आशीर्वाद उन्हें हर संकट से बचाता है और उनकी समस्याओं का समाधान करता है। दिल्ली का यह मंदिर न केवल एक पूजा स्थल है। बल्कि, यह स्थान बाबा के अद्वितीय चमत्कारों और उनकी शिक्षाओं का साक्षी भी है।

**कैसे पहुंचे यहां**

यह मंदिर उत्तरी नई दिल्ली में यमुना नदी के पास महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित है। दिल्ली मेट्रो और स्थानीय परिवहन के माध्यम से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। यहां का नजदीकी मेट्रो स्टेशन कश्मीरी गेट और सिविल लाइन है। यहां का शांतिपूर्ण वातावरण और बाबा के चमत्कारिक मूर्ति दर्शन हर भक्त के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित होते हैं।

# आज महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती



महर्षि दयानंद सरस्वती 19वीं सदी के महान समाज सुधारक और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे। स्वामी पूर्णानंद सरस्वती से संन्यास दीक्षा लेने के बाद उनका नाम दयानंद सरस्वती पड़ा। वे आर्य समाज के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। उनके आदर्शों से प्रेरित होकर बाद में बाल गंगाधर तिलक, राम प्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आज़ाद जैसे महान देशभक्तों ने राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया।

**महर्षि सरस्वती जयंती क्यों मनाई जाती है?**

महर्षि सरस्वती का उल्लेख कई महत्वपूर्ण हिंदू धर्मग्रंथों में मिलता है। दयानंद सरस्वती के सम्मान में हर साल महर्षि सरस्वती जयंती मनाई जाती है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली में भी सुधार किए, जिससे महिलाओं को शिक्षा और अन्य अधिकार प्राप्त करने में मदद मिली। उन्होंने उस समय भारत में अंग्रेजों द्वारा प्रचारित औपचारिक अवधारणाओं की आलोचना की। इसके अतिरिक्त, दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश नामक पुस्तक लिखी , जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज में वैदिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2025 में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती कब है?

पंचांग के अनुसार महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को मनाई जाती है, जो 23 फरवरी 2025, रविवार को पड़ रही है।

**महर्षि सरस्वती जयंती कैसे मनाएं?**

सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। दयानंद जी की शिक्षाओं और नैतिकता से जुड़े उनके कार्यों को याद करें। लोग दयानंद सरस्वती जयंती पर उनके अच्छे कार्यों को दूसरों के साथ साझा करने के लिए समारोह आयोजित करते हैं।

महर्षि दयानंद सरस्वती कौन थे?

दयानंद सरस्वती का जन्म 1824 में गुजरात के टंकारा में करशनजी लालजी कापड़ी और यशोदाबाई के घर हुआ था। वे एक स्व-शिक्षित व्यक्ति थे जिन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# बज्रेश्वरी मंदिर में क्यों रोते हैं भगवान? किसी संकट का देते हैं संकेत या छिपा है कोई



हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में एक ऐसा मंदिर है जहां भगवान रोते हैं। यह सुनकर आश्चर्य हो सकता है लेकिन यह सच है। कांगड़ा के बज्रेश्वरी देवी मंदिर में भैरव बाबा की एक अनोखी प्रतिमा है। इस प्रतिमा के बारे में कहा जाता है कि जब भी आसपास के क्षेत्रों में कोई परेशानी आने वाली होती है तो भैरव बाबा की इस मूर्ति से आंसुओं का गिरना शुरू हो जाता है। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण पांडवों ने किया था।

**भैरव बाबा की प्रतिमा का इतिहास**

बज्रेश्वरी देवी मंदिर में स्थापित भैरव बाबा की प्रतिमा के बारे में बताया जाता है कि यह प्रतिमा 5 हजार साल से भी ज्यादा पुरानी है। इस मंदिर के पुजारी बताते हैं कि जब भी उन्हें प्रतिमा से आंसू गिरते हुए दिखते हैं, तो वह भक्तों के संकट काटने के लिए प्रभु की विशेष पूजा-अर्चना शुरू कर देते हैं। इसके अलावा हवन भी किया जाता है।

**स्थानीय लोगों का मानना**

स्थानीय लोगों का मानना है कि भैरव बाबा की प्रतिमा से आंसू गिरना एक अपशकुन का संकेत होता है। उनका मानना है कि जब भी कोई आपदा आने वाली होती है तो भैरव बाबा की प्रतिमा रोने लगती है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण**

हालांकि वैज्ञानिक इस बात को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि भैरव बाबा की प्रतिमा में कुछ ऐसे रसायन हैं जो नमी के संपर्क में आने पर प्रतिक्रिया करते हैं और आंसू जैसे दिखने वाले तरल पदार्थ का स्राव करते हैं।

**भक्तों की आस्था**

चाहे वैज्ञानिक कुछ भी कहें लेकिन भक्तों की आस्था इस प्रतिमा के साथ जुड़ी हुई है। वे मानते हैं कि भैरव बाबा उनकी रक्षा करते हैं और उन्हें आने वाले संकटों से आगाह करते हैं। यही कारण है कि बज्रेश्वरी देवी मंदिर में हमेशा भक्तों की भीड़ लगी रहती है।

**मंदिर की अन्य विशेषताएं**

बज्रेश्वरी देवी मंदिर न केवल भैरव बाबा की प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है बल्कि यह अपनी वास्तुकला के लिए भी जाना जाता है। यह मंदिर नागर शैली में बनाया गया है और इसमें कई सुंदर मूर्तियां और नक्काशी हैं। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है और इसे बहुत पवित्र माना जाता है। यहां मां सती का दाहिना वक्षस्थल गिरा था। इसलिए इसे स्तनपीठ भी कहा गया है और स्तनपीठ भी अधिष्ठात्री बज्रेश्वरी देवी है। स्तनभाग गिरने पर वह शक्ति जिस रूप में प्रकट हुई वह बज्रेश्वरी कहलाती हैं। मंदिर परिसर में ही भगवान लाल भैरव का भी मंदिर है।

**मंदिर कैसे पहुंचे?**

**हवाई मार्ग:** कांगड़ा का निकटतम हवाई अड्डा गगल एयरपोर्ट है, जो मंदिर से 11 किलोमीटर दूर है। यहां से टैक्सी या ऑटो रिक्शा लिया जा सकता है।

**रेल मार्ग:** कांगड़ा का अपना रेलवे स्टेशन है, लेकिन यह नैरो गेज (छोटी लाइन) पर है, इसलिए यह सभी बड़े स्टेशनों से जुड़ा नहीं है। नजदीकी ब्रॉड गेज (बड़ी लाइन) स्टेशन पठानकोट है, जो यहां से 87 किलोमीटर दूर है।

**सड़क मार्ग:** कांगड़ा उत्तर भारत के प्रमुख शहरों से सड़क मार्ग द्वारा अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। कई शहरों से यहां के लिए सीधी बसें उपलब्ध हैं।

बज्रेश्वरी देवी मंदिर एक अद्भुत जगह है। यहां आप न केवल भगवान के दर्शन कर सकते हैं बल्कि भैरव बाबा की अनोखी प्रतिमा के बारे में भी जान सकते हैं। अगर आप कांगड़ा जाते हैं तो इस मंदिर के दर्शन करना न भूलें।

# महाशिवरात्रि पर धन प्राप्ति के लिए करें इन में से कोई एक उपाय

महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है और इस दिन व्रत रखा जाएगा और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा की जाएगी। शिव पुराण में पूजा के अलावा भी भगवान शिव को प्रसन्न करने के कुछ विशेष उपाय बताए गए हैं। इन उपाय को करने से भगवान शिव अति शीघ्र प्रसन्न होकर आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और आपको धन संपत्ति के साथ ही ऐश्वर्य और वैभव प्रदान करते हैं।

**शिव मंदिर में दीपक जलाएं**

महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में रात को दीपक जलाने का महत्व जानिए। इससे धन की प्राप्ति हो सकती है। शिव पुराण के अनुसार, कुबेर ने पिछले जन्म में रात में शिवलिंग के पास दीपक जलाया था। इससे वे अगले जन्म में देवताओं के कोषाध्यक्ष बने। मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर ऐसा करने से आपको भी धन की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि की रात को आप भी शिव मंदिर में दीपक जला सकते हैं।

**पारद शिवलिंग की स्थापना**

महाशिवरात्रि पर घर में पारद शिवलिंग स्थापित करने से धन की कमी दूर होती है और लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इसके लिए छोटा सा पारद शिवलिंग महाशिवरात्रि पर घर में लाकर घर के मंदिर में रखें। शिवरात्रि से रोजाना पूजा शुरू करें। ऐसा करने से घर से गरीबी दूर होती है और धन-संपत्ति की प्राप्ति होती है।

**स्फटिक के शिवलिंग की पूजा**

यदि आप चाहें तो शिवरात्रि पर स्फटिक के शिवलिंग की पूजा कर सकते हैं। घर के मंदिर में जल, दूध, दही, घी, शहद, और शक्कर से इस शिवलिंग को स्नान कराएं। मंत्र - ॐ नमः शिवाय। मंत्र जप कम से कम 108 बार करें। इस उपाय को करने से आपके हाथ से होने वाला फालतू खर्च रुकता है और आप धन की बचत कर पाने में सक्षम बनते हैं।

**हनुमानजी की पूजा**

शिवरात्रि पर हनुमान चालीसा पढ़ने के फायदे बहुत खास माने जाते हैं। हनुमानजी, भगवान शिव के अवतार हैं। इस दिन हनुमान चालीसा का पाठ करने से शिवजी और हनुमानजी दोनों ही प्रसन्न होते हैं। इससे भक्तों की सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं। मान्यता है कि हनुमानजी, भगवान शिव के अंश हैं। शिवरात्रि के दिन हनुमान चालीसा पढ़ने से भक्तों पर दोनों देवताओं की कृपा बरसती है। इससे जीवन की मुश्किलें आसान हो जाती हैं।

**सुहागिन को करें दान**

शिवरात्रि पर सुहागिन महिलाओं को दान करने से आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ती है। ऐसा करने से रिश्तों में मधुरता आ सकती है और समस्याएं दूर हो सकती हैं। सुहाग के सामान में लाल साड़ी, लाल चूड़ियां, कुमकुम जैसी चीजें शामिल हैं। मान्यता है कि सुहाग का सामान उपहार में देने से पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। लाल रंग को शुभ और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसलिए लाल साड़ी, लाल चूड़ियां जैसी चीजें उपहार में देना विशेष रूप से फलदायी माना गया है।

**खीर और घी का दान**

शिवरात्रि पर बिल्व वृक्ष के नीचे खड़े होकर खीर और घी दान करने से महालक्ष्मी की कृपा मिलती है। इससे जीवनभर सुख-सुविधाएं और कार्यों में सफलता मिलती है। मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन बिल्व वृक्ष के नीचे खड़े होकर खीर और घी का दान करने से भक्तों पर महालक्ष्मी की विशेष कृपा होती है। ऐसा करने वाले लोग जीवन में सभी सुख-सुविधाएं पाते हैं। साथ ही, उनके सभी काम सफल होते हैं।

**अनाज और धन का दान**

महाशिवरात्रि पर जरूरतमंदों की मदद करने का महत्व बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार, गरीबों को अनाज और धन दान करने से पुराने पापों का प्रभाव खत्म होता है। इससे अक्षय पुण्य मिलता है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दान-पुण्य करने की परंपरा है।

# कभी हार नहीं मानते इस मूलांक के लोग

**जन्मतिथि से जानिए खूबियां**

अंक ज्योतिष के अनुसार व्यक्ति की जन्मतिथि से उसकी कमियों व खूबियों के बारे में जाना जा सकता है। इसे मूलांक कहते हैं और मूलांक बहुत खास होता है। अंक ज्योतिष शास्त्र में एक ऐसे मूलांक के बारे में भी बताया गया है जिसे सफलता पाने के लिए कम से कम 30 की उम्र इंतजार करना पड़ता है।

**मूलांक 8 वाले लोग**

अंक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मूलांक 8 वाले लोगों को स्वामी ग्रह शनि होता है और इसलिए यह शनिदेव का प्रिय मूलांक माना गया है। जिन लोगों का जन्म किसी भी महीने की 8, 17 या 26 तारीख को हुआ है उनका मूलांक 8 होगा।



**होते हैं बहुत मेहनती**

मूलांक 8 वाले लोग बहुत मेहनती और कर्मठ होते हैं। यह जिस काम का करने की ठान लें उसे पूरा करके ही दम लेते हैं। बावजूद इसके इन लोगों को सफलता के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

**देरी से मिलती है सफलता**

मूलांक 8 वाले लोगों को करियर के शुरुआती दौर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से इन्हें आसानी से सफलता नहीं मिलती। अंक ज्योतिष के अनुसार इन लोगों को सफलता के लिए 30 से 35 की उम्र तक का इंतजार करना पड़ता है।

**बेशुमार धन दौलत**

एक बार सफल होने के बाद यह कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते। इन लोगों को जीवन में बेशुमार धन, दौलत और शोहरत हासिल होती है। जीवनभर अच्छी किस्मत इनका साथ नहीं छोड़ती और शनिदेव की विशेष कृपा बनी रहती है।

**नहीं मानते हार**

मूलांक 8 वाले लोगों अपने कर्म व मेहनत पर पूरा भरोसा होता है। वह बार बार असफल होने के बाद भी कभी हार नहीं मानते और लगातार मेहनत करते हैं। ये लोग बहुत ही आत्मविश्वासी और महत्वकांक्षी होते हैं।

# प्रशांत नील- जूनियर एनटीआर की फिल्म पर आया नया अपडेट, फैंस का जल्द खत्म होगा इंतजार



साल 2019 से जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील के संभावित प्रोजेक्ट को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। आखिरकार 9 अगस्त 2024 को इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई। फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी अब इसको लेकर एक नया अपडेट सामने आया है।

### कब शुरू होगी शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चार साल की लंबे इंतजार के बाद 'एनटीआर 31' की शूटिंग इस महीने से शुरू होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का अस्थायी नाम ड्रैगन रखा गया है। इसके पहले शेड्यूल की शुरुआत जल्द ही होगी, जो लगभग एक हफ्ते से दस दिन तक चलने की उम्मीद है। हालांकि, जूनियर एनटीआर इस फिल्म की शूटिंग मार्च से पहले शुरू नहीं करेंगे।

### जूनियर एनटीआर कब शुरू करेंगे शूटिंग

इस फिल्म को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, क्योंकि जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील दोनों के पास पहले से ही कई बड़ी परियोजनाएं हैं। प्रशांत नील के पास फिल्म 'सलार पार्ट 2' है, जबकि जूनियर एनटीआर के पास 'देवरा 2' और 'वॉर 2' जैसी फिल्में हैं। पहले 'देवरा' के प्रमोशन के दौरान जूनियर एनटीआर और निर्देशक कोरतल्ला शिव ने संकेत दिया था कि देवरा का दूसरा भाग 2025 में शुरू हो सकता है, जिसके बाद जूनियर एनटीआर एनटीआर 31 पर पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

### ये कलाकार भी आ सकते हैं नजर

रिपोट्र्स में यह भी कहा जा रहा है कि मलयालम अभिनेता टोविनो थॉमस और कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि इस बारे में निर्माताओं ने अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### अगले साल रिलीज होगी फिल्म

एनटीआर की प्री-प्रोडक्शन प्रक्रिया इस साल के शुरू में एक मुहूर्त पूजा के साथ शुरू हुई थी। निर्माता फिल्म को 9 जनवरी 2026 को बड़े पैमाने पर थियेटर में रिलीज करने की तैयारी में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रशांत नील ने कहा कि उनकी यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी, जो प्रवासियों की कहानी पर आधारित होगी।

# इसलिए फिल्म निर्माता बनना चाहते थे अनुराग कश्यप, सिनेमा को लेकर की अपने मन की बात



अनुराग कश्यप ने सिनेमा के प्रति को दिखाया है। निर्माता अनुराग कश्यप ने कहा कि जब चीजें खराब हो जाती हैं, तो वे खुद को याद दिलाते हैं कि वे कहां से आए हैं। अनुराग ने यह भी कहा कि उनके पास आज इंडस्ट्री में काम कर रहे, कई स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं की तुलना में अधिक विशेषाधिकार हैं और यही वह चीज है जिस पर वे अपने रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं के बजाय ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

### इसलिए फिल्म निर्माता बनना चाहते थे अनुराग

फोर्ब्स को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इन दिनों दर्शक बड़े बजट की फिल्मों को देखना पसंद करते हैं, इस बीच वे स्ट्रीमिंग पर आने वाली छोटी फिल्मों का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भविष्य की ओर देखना बंद कर दिया है। अब मैं उन चीजों पर बात करना चाहता हूं, जिस पर बात करना लोगों ने बंद कर दिया है। मैं एक फिल्म निर्माता बनना चाहता था क्योंकि मुझे बड़े पर्दे पर फिल्में देखना पसंद है।

### सिनेमा से है बेहद प्यार

अनुराग कश्यप ने कहा कि मैं घर पर जो रुकावटें आती हैं, उसके कारण घर पर फिल्में देखना पसंद नहीं करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे सिनेमा में ही फिल्म देखने में मजा आता है। अनुराग कश्यप ने कहा, क्या होगा अगर सब कुछ खराब हो जाए। अगर मेरा सारा काम गलत हो जाए। मैं जहां से आया हूं, वहीं चला जाऊंगा। मैं सिनेमा से बहुत प्यार करता हूं।

### निर्माताओं के साथ होती है तुलना

अन्य निर्माताओं के साथ तुलना किए जाने पर अनुराग बसु ने कहा कि मेरी अन्य निर्देशकों के साथ तुलना क्यों की जाती है। मुझे एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता क्यों नहीं माना जाता। बता दें कि निर्माता अनुराग कश्यप की कन्नड़ फिल्म टाइगर्स पॉन्ड बर्निल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई।

# 'मुझे और ट्रोल करो, इससे फायदा होगा', 'रंग' के डांस स्टेप की ट्रोलिंग पर बोले वीर पहाड़िया



अभिनेता वीर पहाड़िया ने 'स्काई फोर्स' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस फिल्म में वीर पहाड़िया के डांस की काफी आलोचना और ट्रोलिंग हुई। अब वीर ने ट्रोलर्स को जवाब दिया है। उन्होंने कहा, ट्रोलिंग करना उनके लिए वाकई बेहद खास रहा। इससे सोशल मीडिया पर उनकी प्रोफाइल भी चर्चा में रही है।

### डांस स्टेप की ट्रोलिंग से हुआ फायदा

हाउटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में वीर पहाड़िया ने बताया कि वे अब ट्रोल होने के लिए जीते हैं। 'रंग' गाने में अपने वायरल डांस स्टेप को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे ये पसंद आया। मैंने अब तक कई सारे अभिनेताओं को देखा जो ट्रोल होते हैं। जिनके हमशक्ल होते हैं और उनके मीम भी बनते हैं। मैं भी अब उसी कैटेगरी में आ गया हूं। 20 दिन पहले मुझे कौन जानता था? अब अगर मैं यहां लंगड़ी करूंगा, तो वे मुझे पहचान लेंगे।

### शादी में भी डांस कर चुके हैं वीर

इंटरव्यू में वीर ने कहा, मैं पहली बार बताना चाहता हूं कि जब से मेरा गाना आया और जब से यह वायरल हुआ और ट्रोल हुआ, तब से मेरी व्यस्तता इतनी बढ़ गई है कि उसके बाद मेरे लिए बहुत सारे दरवाजे और रास्ते खुल गए हैं। मैं पहले ही दो शादियों में परफॉर्म कर चुका हूं। मैंने दुल्हन के साथ वह लंगड़ी स्टेप किया। वीर ने बताया कि वे इस दौरान दूल्हे से मजाक भी किया कि ये मेरा पांचवा फेरा है। अगर मैंने दो फेरे और किए तो दुल्हन मेरी हो जाएगी।

### ट्रोलिंग से मिला फायदा

वीर पहाड़िया ने कहा कि अब उनके काम के कारण लोग उन्हें जानते हैं। उन्हें अपनी फिल्म में एक शानदार हिट गाना मिल गया है। अब मुझे कई अच्छे काम भी मिलेंगे क्योंकि लोग मेरे बारे में जानते हैं। जो लोग ट्रोल कर रहे हैं, मैं उनसे यही कहूंगा कि वे और भी ज्यादा ट्रोल करें ताकि मुझे और भी ज्यादा काम मिले।

# पुलिस ने अचानक क्यों रुकवाई सूर्या फिल्म की शूटिंग



तमिल सुपरस्टार सूर्या जल्द ही फिल्म 'सूर्या 45' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में उत्साह देखने को मिल रहा है। अभिनेता पिछले कुछ समय से इस फिल्म की ताबड़तोड़ शूटिंग कर रहे थे। हालांकि, इस बीच फिल्म को लेकर एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने शूटिंग सेट पर पहुंचकर अचानक इसका फिल्मांकन रुकवा दिया। दरअसल, चेन्नई के केलंबक्कम-वंडालूर क्षेत्र के वेलिचाई गांव में शूटिंग के लिए अस्थायी मंच तैयार किए गए थे, जिसके कारण स्थानीय लोगों को अचानक सड़क बंद होने से समस्या होने लगी। इसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। बाद में, केलंबक्कम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उचित अनुमति न होने का हवाला देते हुए इसकी शूटिंग को रोक दिया। अधिकारियों ने टीम को ताम्बरम मेट्रोपोलिटन पुलिस कमिश्नर के कार्यालय से पूर्व अनुमति प्राप्त करने की सलाह दी। बता दें कि निर्माता इस फिल्म को सितंबर महीने में भव्य रूप से रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं।

### ये सितारे सूर्या के साथ आएंगे नजर

फिल्म में मुख्य भूमिका में सूर्या और तृषा कृष्णन हैं। यह जोड़ी दो दशकों बाद एक साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। इसके अलावा स्वासिका, इंद्रांस, योगी बाबू, शिवदा, नट्टी सुब्रमण्यम और सुप्रीत रेड्डी जैसे कलाकार भी फिल्म का हिस्सा हैं।

### पिछले साल से चल रही शूटिंग

संगीतकार ए आर रहमान को फिल्म का संगीत देने के लिए चुना गया था, लेकिन अब इस जिम्मेदारी को साईं अभ्यंकर ने संभाल लिया है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी का जिम्मा जीके विश्वनाथ ने लिया है और संपादन आर कलैवनान द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग नवंबर 2024 में पोलाची से शुरू हुई थी।

### इस फिल्म में भी दिखेंगे सूर्या

हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह फिल्म एक एक्शन-ड्रामा होगी, जिसमें एक नायक की यात्रा को पर्दे पर दिखाया जाएगा। सूर्या के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वह 'रेट्रो' फिल्म में भी नजर आएंगे, जिसे कार्तिक सुब्बाराज ने डायरेक्ट किया है। यह गैंगस्टर ड्रामा 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# अतीत कभी शांत नहीं रहता, धांसू अंदाज में मोहनलाल ने 'दृश्यम 3' का किया एलान



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल जल्द ही दृश्यम फ्रेंचाइजी के अगले भाग में नजर आने वाले हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद ही सोशल मीडिया के जरिए दी है। गुरुवार (20 फरवरी) को इस बात यह पुष्टि की कि वह फिल्मकार जीतू जोसेफ के साथ 'दृश्यम 3' में काम करने जा रहे हैं।

### मोहनलाल ने कंफर्म की दृश्यम 3

मोहनलाल ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से लिखा, अतीत कभी शांत नहीं रहता। दृश्यम 3 कंफर्म। इस एलान के बाद फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। लोग सोशल मीडिया पर कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, क्लासिक क्रिमिनल वापस आ रहा है। एक और यूजर ने लिखा, इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। इसके अलावा और भी यूजर्स कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

'दृश्यम' फिल्म जॉर्जकुट्टी (मोहनलाल) और उनके परिवार की संघर्षपूर्ण कहानी को बयां करती है। फिल्म में वह उस समय संदेह के घेरे में आ जाते हैं जब पुलिस इंस्पेक्टर जनरल के बेटे की हत्या हो जाती है। इस फिल्म को एंटनी पेरुंबवूर ने आशीर्वाद सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया था। यह साल 2013 में बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी।

### 2022 में आया था सीक्वल

फिल्म के सफलता को देखते हुए 'दृश्यम' का सीक्वल 'दृश्यम 2' 2022 में रिलीज किया गया था। यह फिल्म भी दर्शकों को काफी ज्यादा पसंद आई थी। 'दृश्यम' की अपार सफलता और सराहना के बाद अब तक इस फिल्म को कई भाषाओं में रीमेक किया जा चुका है। इनमें हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, चाइनीज और सिंहली भाषा शामिल हैं।

### हिंदी में फिल्म रही थी जबर्दस्त हिट

हिंदी में बनी दृश्यम फ्रेंचाइजी की फिल्मों में अजय देवगन नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर हिंदी संस्करण ने जमकर कमाई की थी। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी फिल्म के दूसरे भाग ने टिकट खिड़की पर 239.67 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

# विश्वक सेन ने 'लैला' को मिली आलोचनाओं पर मांगी माफी, मेकर्स और फैंस का जताया आभार



अभिनेता विश्वक सेन की फिल्म 'लैला' 14 फरवरी को काफी विवादों के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म को लेकर बहुत से विवाद हुए। शुरुआत हुई प्री रिलीज इवेंट में जब अभिनेता प्रुध्वी ने एक विवादास्पद राजनीतिक बयान दिया। इसके बाद से ही ट्विटर पर #BoycottLaila ट्रेंड करने लगा।

### फिल्म की हो रही आलोचना

'लैला' को लेकर चल रहे विवाद के बाद विश्वक सेन ने अपने प्रशंसकों से पोस्ट कर माफी मांगी। उन्होंने फैंस को भरोसा दिलाया कि उनकी फिल्म बेहतरीन एंटरटेनिंग फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म को बहुत सारी नकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। कई लोगों ने फिल्म के कंटेंट को अश्लील और घटिया बताया है।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर मांगी माफी

विवादों से घिरी फिल्म की आलोचना को भी अब अभिनेता ने स्वीकार किया है। उन्होंने लिखा, मैं स्वीकार करता हूं कि मेरी हालिया फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी हैं। मेरी पिछली फिल्म को रचनात्मक आलोचना मिली थी, जिसे मैं दिल से स्वीकार करता हूं और माफी भी मांगता हूं।

### फैंस को दिया धन्यवाद

विश्वक सेन ने अपने इस पोस्ट पर फैंस का धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि वे फैंस से माफी मांगते हैं, उन्होंने कहा कि वे हमेशा ऑडियंस को कुछ नया देने की कोशिश करते हैं। मैं अपने प्रशंसकों से वादा करता हूं कि मेरी फिल्म मास हो या क्लास उसमें कुछ भी अश्लील न हो इसका ध्यान रखूंगा। मैं अगर कुछ खराब काम करता हूं तो आप उसकी आलोचना कर सकते हैं। आप लोग ही हैं, जो हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। आप जो प्यार हमें देते हैं, वो कोई नहीं कर सकता।

### निर्देशक और प्रोड्यूसर का जताया आभार

विश्वक ने पोस्ट पर लिखा, मैं प्रोड्यूसर और निर्देशकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। जिन्होंने इस पूरी फिल्म यात्रा के दौरान मुझ पर विश्वास किया और मेरी मदद की। मैं लेखक और निर्देशकों का भी आभार जताता हूं, जिन्होंने मुझ पर एक अभिनेता के तौर पर विश्वास जताया। अभिनेता ने कहा, मैं जल्द ही कुछ बेहतरीन लेकर लौटूंगा।

## कृति और कबीर की शादी की अफवाहें झूठी

# अभी शादी नहीं करेंगी एक्ट्रेस दिल्ली एयरपोर्ट पर दोनों साथ दिखे थे



कृति सेनन काफी दिनों से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह है कि एक्ट्रेस बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों के जल्द ही शादी करने की अफवाह भी सामने आई थी। हालांकि शादी की अफवाह झूठी साबित हुई हैं।

### साल 2025 में शादी नहीं करेंगी कृति

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, कृति और कबीर साल 2025 में शादी नहीं करेंगे। इसकी वजह एक्ट्रेस का बिजी वर्क शेड्यूल बताया जा रहा है। एक्ट्रेस 15 फरवरी को रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ नई दिल्ली एयरपोर्ट पर नजर आई थीं। जिससे ये अनुमान लगाया जा रहा था कि वो कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थी। अब कृति के दिल्ली जाने की असल वजह सामने आई है। एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू करने के लिए दिल्ली गई थीं।

### रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर के साथ दिखीं कृति

15 फरवरी को दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर साथ दिखे। जिसके बाद दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। एक्ट्रेस के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर दिल्ली के रहने वाले हैं। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगाने लगे थे कि कृति, कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थीं।

कृति और कबीर दिल्ली एयरपोर्ट पर साथ नजर आए थे।

### दोनों ने न्यू ईयर साथ सेलिब्रेट किया

कृति सेनन और बिजनेसमैन कबीर बहिया अक्सर साथ नजर आते हैं। दोनों ने न्यू ईयर और क्रिसमस भी साथ में सेलिब्रेट किया था। दोनों को राहत फतेह अली खान के कॉन्सर्ट में साथ देखा गया था। एक्ट्रेस की बहन नूपुर सेनन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कॉन्सर्ट की कुछ इंस्टाग्राम स्टोरीज शेयर की थीं। ऐसा माना जा रहा था कि कृति सेनन न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए दुबई गई हुई थीं। कृति और कबीर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

### बिजनेसमैन हैं कबीर बहिया

हालांकि, कृति और कबीर ने अब तक अपने रिश्ते को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। कबीर बहिया वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिज्म लिमिटेड के संस्थापक हैं। उनके पिता साउथॉल ट्रैवल के मालिक हैं, जो ब्रिटेन की एक ट्रैवल एजेंसी है।

कबीर बहिया वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिज्म लिमिटेड के संस्थापक हैं।

### जल्द ही फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी कृति

कृति सेनन जल्द ही धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी। फिल्म मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया। फिल्म की शूटिंग पूरी करने के लिए कृति दिल्ली में हैं। एक्ट्रेस ने इससे पहले साल 2024 में तीन बड़ी फिल्मों में काम किया। शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिखाई दी थीं। वहीं, करीना कपूर खान और तब्बू के साथ फिल्म क्रू में भी नजर आईं थी। साथ ही फिल्म दो पत्ती में कृति ने एक्टिंग के साथ फिल्म का प्रोडक्शन भी किया था।

# जब नूतन का बोल्ड अंदाज देख चौंक गए थे दर्शक



नूतन ने अपने करियर की शुरुआत बतौर बाल कलाकार फिल्म 'नल दमयंती' से की थी। आगे चलकर नूतन ने फिल्मों में मुख्य नायिका के रोल किए। नूतन इतनी शिद्दत से अपने किरदार निभाती थीं दर्शक बस उन्हें देखते ही रह जाते थे, उनकी तारीफ करते नहीं थकते थे। जानिए, नूतन की ऐसी ही कुछ फिल्मों के बारे में, जिनमें उनके किरदारों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

### सुजाता

फिल्म 'सुजाता (1959)' छुआछात की समस्या के ईद-गिर्द बुनी गई एक प्रेम कहानी है। इस फिल्म में एक अछूत महिला सुजाता के रोल में नूतन नजर आई थीं। फिल्म में सुजाता की पीड़ा को उन्होंने बहुत ही उम्दा तरीके से पर्दे पर उकेरा था। इस फिल्म के लिए नूतन को बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

### दिल्ली का ठग

फिल्म 'दिल्ली का ठग(1958)' में नूतन ने किशोर कुमार के साथ अभिनय किया था। इस फिल्म में वह एक तैराक आशा के रोल में नजर आईं। फिल्म में जब नूतन की एंट्री होती है तो वह एक स्विमिंग कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेती हुई नजर आती हैं। ऐसे में इस सीन में नूतन की एंट्री स्विम सूट में होती है। इस सीन ने 50 के दशक में दर्शकों के बीच तहलका ही मचा दिया था। नूतन का बोल्ड अंदाज देखकर दर्शक हैरान रह गए थे।

### बंदिनी

साल 1963 में फिल्म 'बंदिनी' में नूतन ने कल्याणी नाम की महिला का किरदार निभाया था। यह एक दर्द भरी प्रेम कहानी वाली फिल्म थी। फिल्म में कल्याणी एक खून के इल्जाम में जेल में है। वहां एक जेल के डॉक्टर (धर्मेंद्र) को उससे प्रेम हो जाता है। लेकिन कल्याणी डॉक्टर के प्रेम को नहीं स्वीकारती है, दरअसल, अतीत में वह किसी और व्यक्ति से प्रेम करती थी। इस फिल्म में नूतन पर कई गीत फिल्माए गए जो आज भी बहुत चर्चित है, इन्हीं में एक गीत 'ओ मेरे मांझी' भी शामिल है।

### पेइंग गेस्ट

1957 में रिलीज हुई देव आनंद की फिल्म 'पेइंग गेस्ट' में नूतन ने शांति का किरदार निभाया। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। जहां नूतन गंभीर किरदारों को बखूबी निभा लेती थीं, वहीं 'पेइंग गेस्ट' में उन्होंने रोमांस के साथ कॉमेडी भी की। इस फिल्म में शांति के रोल में दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद किया।

### ये फिल्में भी रहीं खूब चर्चित

सुनील दत्त के साथ 1965 में 'खानदान' और 1967 में फिल्म 'मिलन' में नूतन नजर आईं, दोनों ही फिल्मों में उन्होंने राधा नाम की लड़की का रोल किया। दोनों ही फिल्म अलग-अलग जॉनर की थीं। लेकिन सुनील दत्त और नूतन की जोड़ी को पर्दे पर काफी पसंद किया गया। वहीं 'मैं तुलसी तेरे आंगन की (1978)' और सौदागर (1973) में भी नूतन ने यादगार किरदार निभाए।

# समांथा चली गईं अज्ञातवास में रहने !

प्रेम की असल परीक्षा मुश्किल समय में ही होती है, लेकिन फिल्म निर्देशक राज निदिमोरू संग हाल के दिनों में खूब देखी गई समांथा रुथ प्रभु अब दक्षिण में एकांतवास कर रही हैं। राज की कंपनी में जो हलचल मची है, वह जगजाहिर है ही।

अभिनेत्री समांथा रुथ प्रभु की पहली शादी अभिनेता नागा चैतन्या के साथ लंबी नहीं चली। नागा ने बीते दिनों शोभिता धूलिपाला से दूसरी शादी कर ली और उनके चेहरे की खुशी बताती है कि उनके लिए ये फैसला कितना सही रही। एक विषाक्त रिश्ते से रहने से बेहतर उन्हें लगा अपना नया आसमान चुनना।

नया आसमान अभिनेत्री समांथा को भी तब मिलता दिख रहा था, जब वह अपनी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' के निर्देशकों में से एक राज निदिमोरू के साथ दोस्ती बढ़ाती दिखीं। सीरीज के निर्माण के दौरान भी दोनों की निकटता खास चर्चा में रही और सीरीज रिलीज होने के बाद भी दोनों खूब साथ साथ देखे गए।

चर्चा यही रही कि समांथा को नया जीवन साथी मिल गया है लेकिन तभी राज और डीके की कंपनी पर फर्जीवाड़े की गाज गिरी और कंपनी में हंगामा मच गया। समांथा के बारे में जब पता किया गया तो जानकारी मिली कि मुंबई में ये बवाल मचते ही वह दक्षिण के एक ऐसे सुरम्य स्थान पर निकल गईं, जहां वह कुछ दिनों तक किसी के संपर्क में नहीं रहेगी।

जिस एकांतवास में वह रहने गई हैं, वहां मोबाइल रखने पर पाबंदी है। बताया जा रहा है कि यहां से वह महाशिवरात्रि का पर्व मनाकर ही लौटेंगी। वैसे जहां समाथां हैं वह जगह हिंदी फिल्म अभिनेत्रियों की पसंदीदा जगह रही है। धरती बचाने की मुहिम के साथ शुरू हुए जिस अभियान के लिए ये रिसॉर्ट बना है, उसके बनाने में भी पर्यावरण नष्ट करने के तमाम मामले सामने आते रहे हैं।





# भारत और चीन का नाम लेकर ट्रंप ने खाई कसम, कहा टैरिफ लगाकर लेंगे दम

वॉशिंगटन,22 फरवरी (एजेंसियां)। करीब 10 दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर गए थे।सिर्फ भारत को ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को विश्वास था कि नरेंद्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप को टैरिफ को लेकर समझाने का प्रयास करेंगे।साथ ही टैरिफ वॉर को कम कराने की कोशिश करेंगे।लेकिन ऐसा नहीं हो सका।उल्टा अब भारत इस टैरिफ के निशाने पर आ गया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब भारत का नाम लेकर रेसीप्रोकल टेरिफ लगाने की कसम खाई है।साथ ही कहा है कि इस पर जल्द ऐलान हो जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया है कि भारत और चीन जैसे उन देशों पर वैसा ही टैरिफ लगाया जाएगा जैसा कि वो दूसरे देशों के सामान पर लगाते हैं।खास बात तो ये है कि ट्रंप पहले से ही भारत को



टैरिफ किंग नाम से संबोधित करते हुए आ रहे हैं।ग्लोबल प्लेटफॉर्म्स पर ट्रंप ने भारत के टैरिफ की आलोचना की है।टैरिफ को लेकर उन्होंने अपने चुनावी कैंपेन में भी जिक्र किया है।ऐसे में अब वो अपनी उस बात को आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं।साथ ही टैरिफ को लेकर किसी तरह की रियायत देने के मूड में नहीं है।आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर उन्होंने क्या है।शुक्रवारको दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के प्रमुख डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अब अमेरिका भी वैसा ही टैरिफ लगाएगा, जैसा दूसरे देश अमेरिकी सामान पर लगा रहे हैं।उन्होंने कहा कि वो जल्द ही रेसीप्रोकल टैरिफ का ऐलान करेंगे।ट्रंप ने कहा कि टैरिफ को लेकर कोई रियायत नहीं बरती जाएगी।जैसा बाकी देश उन पर टैरिफ लगाते हैं, वैसा हह टैरिफ हम उन लगाएंगे।उन्होंने कहा कि हम निष्पक्ष होना चाहते हैं।जैसा भारत और चीन उनके सामान पर टैरिफ लगा रहे हैं, वैसा ही टैरिफ उन देशों के सामान भी पर लगाया जाएगा।ऐसा अमेरिका ने कभी नहीं किया है।उन्होंने कहा कि वो कोविड से पहले ऐसा ही करना चाहते थे.भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने से पहले डोनाल्ड ट्रंप भारत की टैरिफ पॉलिसी की कई बार आलोचना कर चुके हैं।उन्होंने कई बार मंचों से कहा है कि भारत में टैरिफ ज्यादा लगाया जाता है।यही वजह है कि वो भारत को टैरिफ किंग कहने से भी नहीं चूकते हैं।उन्होंने, एलन मस्क और पीएम मोदी के बीच की मुलाकात पर कहा कि एलन मस्क भारत में बिजनेस करना चाहते हैं।लेकिन भारत में काम करने की सबसे बड़ी समस्या वहां का हाई टैरिफ है।यही वजह है कि भारत में बिजनेस करना काफी मुश्किल है। ट्रंप ने हर्ले डेविडसन का उदाहरण दिया।जिसे भारत में भारी टैरिफ का सामना करना पड़ा था।उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनियों को विदेशी धरती पर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ऐसा करने में भारत सबसे पहले पायदान पर दिखाई दे रहा है।अगर को अमेरिकी ऐसा करने से इनकार करती है तो भारत उसपर भारी टैरिफ लगाता है।

## एलन मस्क की टेस्ला को ऑफर्स की भरमार, कर्नाटक, तेलंगाना के बाद आंध्र प्रदेश भी तैयार



वॉशिंगटन,22 फरवरी (एजेंसियां)। टेस्ला अब भारत में आने को तैयार है और जब से टेस्ला ने भारत में अपना प्लाट लगाने का प्लान किया है तब से हर राज्य यही चाहते हैं कि हमारे राज्य में टेस्ला अपना प्लाट लगाए।ऐसे में आंध्र प्रदेश ने एलन मस्क की कंपनी को अपने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन का मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने का ऑफर दिया है।राज्य सरकार ने टेस्ला को आकर्षित करने के लिए पोर्ट कनेक्टिविटी और पर्याप्त भूमि की पेशकश की है।इसके लिए नारा लोकेश ने 2024 में टेस्ला के सीएफओ से मुलाकात की थी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मस्क की बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मस्क की बैठक तथा भारत में कंपनी की भर्ती प्रक्रिया के बाद, आंध्र प्रदेश ने अपने प्रयासों को नवीनीकृत कर दिया है.सूत्रो ने बताया कि आंध्र प्रदेश ने तैयार भूमि पार्सल सहित कई आकर्षक प्रोत्साहनों पर भी काम किया है।शुरुआत में, कंपनी रेडीमेड कारों की आयात कर सकती है और फिर धीरे-धीरे विनिर्माण सुविधा स्थापित कर सकती है.कंपनी के मुंबई और दिल्ली में शोरूम खोलने की चर्चा भी खबरों में बनी हुई है। राज्य ने यह भी कहा है कि भारत में ईवी-फोर - व्हीलर की सबसे अधिक ब्रिकी दक्षिण भारत में होती है और कंपनी को आंध्र प्रदेश में विनिर्माण सुविधा स्थापित करनी चाहिए।ईवी बिक्री के नंबर बताते हैं कि ईवी कार की लगभग 60 प्रतिशत बिक्री चार दक्षिणी राज्यों केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक में होती है।बता दें, कि यह पहली बार नहीं है जब राज्य सरकार ने कंपनी को प्रस्ताव दिया है। 2017 में, नायडू ने टेस्ला के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे और मस्क ने रायलसीमा में 4 मेगावाट क्षमता की दो सौर ऊर्जा भंडारण इकाइयों की स्थापना के लिए तकनीकी विशेषज्ञता बढ़ाने का वादा किया था।

## अपने आशियाने का सपना होगा पूरा! होम लोन पर मिल सकती है और छूट, रिजर्व बैंक का संकेत समझिए

नई दिल्ली,22 फरवरी (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आने वाले महीनों में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। विकसित देशों के केंद्रीय बैंक महंगाई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, लेकिन रिजर्व बैंक की प्राथमिकता फिलहाल विकास को बढ़ावा देना है। अलग ब्याज दरों में फिर से कटौती होती है तो इससे होम लोन, कार लोन आदि और सस्ते हो जाएंगे। साथ ही ईएमआई का बोझ भी कम होगा। रिजर्व बैंक का मानना है कि महंगाई दर जल्द ही सरकार की ओर से तय सीमा के अंदर आ जाएगी। इसके लिए वह ब्याज दरों में कटौती के अलावा भी कई कदम उठा सकता है। ये बात मौद्रिक नीति समिति की हालिया बैठक के विवरण से पता चलती है। यह बैठक शुक्रवार को हुई। बता दें कि इस महीने 5 से 7 फरवरी तक एमपीसी की बैठक हुई थी।

**25 बेसिस पॉइंट की हुई है कटौती**

रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को मीटिंग में लिए गए फैसलों की घोषणा की थी। उस समय केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी। यह अब 0.25% कम होकर 6.25% हो गया है। 5 साल में यह पहली बार था जब ब्याज दरों में कमी की गई। अब इसका असर दिखने लगा है। एसबीआई और पीएनबी समेत कई बैंक ब्याज दरें घटा चुके




हैं और लोगों को सस्ता लोन मिल रहा है।

**महंगाई पर कम पड़ेगा असर**

एमपीसीने यह भी संकेत दिया कि वैश्विक व्यापार चुनौतियों का महंगाई पर बहुत कम असर पड़ेगा। साथ ही, ऊंची वास्तविक ब्याज दरें कर्ज की लागत को और कम करने का मौका देती हैं। वास्तविक ब्याज दर का मतलब है, ब्याज दर और महंगाई दर के बीच का अंतर। अगर ब्याज दर ज्यादा है और महंगाई कम है तो वास्तविक ब्याज दर ऊंची होती है।

**क्या है रिजर्व बैंक का प्लान?**

एमपीसी के वे बाहरी सदस्य जो पिछली दो बैठकों में ब्याज दरों में कटौती के पक्ष में थे, उनका मानना है कि मौजूदा मौद्रिक नीति बहुत सख्त है। कर्ज वृद्धि दर में गिरावट को देखते हुए खपत और निवेश को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कमी करना जरूरी है। यानी रिजर्व बैंक आने वाले दिनों में ब्याज दरों में और कमी कर सकता है।

## चीन से भारत में डंप किए जाने वाले सस्ते स्टील पर सरकार कसेगी शिकंजा! एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने की है तैयारी

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। चीन से भारत में आयात होने वाले सस्ते स्टील के चलते घरेलू स्टील कंपनियों की चुनौतियां बढ़ गई है।ऐसे में भारत सरकार घरेलू उत्पादन करने वाली स्टील कंपनियों को राहत देने पर विचार कर रही है।सरकार जल्द ही चीन से आयात होने वाले सस्ते स्टील पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगा सकती है।टाटा समूह की देश की सबसे बड़ी स्टील कंपनी टाटा स्टील के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) टीवी नरेंद्रन ने कहा कि सरकार स्टील इंडस्ट्री के एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने के अनुरोध पर बहुत गंभीरता से विचार कर रही है। क्योंकि सस्ते चीनी आयात भारतीय बाजार में बाढ़ की तरह आ रहे हैं और अमेरिका में टैरिफ में संभावित वृद्धि के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। नरेंद्रन ने कहा, उन्हें विश्वास है कि इंडस्ट्री से विस्तृत स्पष्टीकरण लेने के बाद सरकार जल्द ही इस मुद्दे को लेकर अपडेट जारी करेगी।भारतीय स्टील एसोसिएशन (आईएसए) ने डंपिंग को लेकर पहले ही डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडी (डीजीटीआर) के पास एक आवेदन दिया हुआ है, जिसपर विचार किया जा रहा है।

नरेंद्रन ने कहा कि भारत स्टील उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे अच्छी जगहों में से एक है।भारतीय स्टील इंडस्ट्री ने सबसे आधुनिक और किफायती स्टील प्लांट बनाए हैं.देश में लौह अयस्क का भी बहुत भंडार है, लेकिन समस्या यह है कि विदेशी संस्थाएं कम कीमत पर स्टील बेचने को तैयार हैं।उन्होंने आगे कहा कि चीनी स्टील इंडस्ट्री बड़े घाटे में है और वहां की ज्यादातर



सरकारी स्टील कंपनियां घाटा दर्ज कर रही हैं।भारत की स्टील इंडस्ट्री को निजी कंपनियां संचालित करती हैं।

अगर यहां कंपनियां मुनाफा नहीं कमाएंगी, तो नई क्षमता में निवेश कैसे करेंगी।नरेंद्रन ने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति आयात पर शुल्क बढ़ाने के अपने प्रस्ताव पर आगे बढ़ते हैं तो इससे टाटा स्टील को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान होगा.उन्होंने बताया कि टाटा स्टील अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं से अमेरिकी बाजार में भी स्टील का निर्यात करती है, जो टैरिफ में वृद्धि से सीधे प्रभावित होगी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान भारत का स्टील निर्यात 28.9 प्रतिशत घटकर 3.99 मिलियन टन रह गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5.61 मिलियन टन था।भारत वर्तमान में स्टील का शुद्ध आयातक है और वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-जनवरी के दौरान 8.29 मिलियन टन स्टील का आयात किया है।

## टाटा कैपिटल आईपीओ लॉन्च करने से पहले ले सकती है बड़ा फैसला, अगले हफ्ते होगी कंपनी की बोर्ड बैठक

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। टाटा समूह की एनबीएफसी कंपनी टाटा कैपिटल इस साल आईपीओ लाकर कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराने की तैयारी में है।लेकिन उससे पहले कंपनी ने बड़ा फैसला किया है।कंपनी ने राइट्स इश्यू के जरिए शेयर बेचने की तैयारी में है जिससे मौजूदा शेयरधारकों से पैसे जुटाये जा सके।मंगलवार 24 फरवरी 2025 को टाटा कैपिटल के बोर्ड की बैठक होने वाली है जिसमें राइट्स इश्यू को लेकर फैसला लिया जा सकता है।स्टॉक एक्सचेंज को दिए गए जानकारी में टाटा कैपिटल ने बताया कि 24 फरवरी को कंपनी के बोर्ड की बैठक बुलाई गई है जिसमें कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों से राइट्स इश्यू के जरिए फंड जुटाये जाने पर विचार किया जाएगा।आपको बता दें टाटा कैपिटल का आईपीओ इस साल




सितंबर महीने से पहले लॉन्च हो सकता है।कंपनी आईपीओ के जरिए कैपिटल मार्केट से 15000 करोड़ रुपये जुटा सकती है।आईपीओ में नए शेयर्स के साथ ऑफर फॉर सेल के जरिए ये रकम जुटाया जा सकता है।भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के तहत सितंबर 2025 से पहले टाटा कैपिटल को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराना जरूरी है क्योंकि टाटा कैपिटल अपर-लेयर एनबीएफसी है। टाटा समूह ने टाटा कैपिटल के आईपीओ लाने की तैयारी शुरू कर दी है।ग्रुप ने हाल ही में कोटक इंवेस्टमेंट बैंक को आईपीओ लाने की तैयारी शुरू करने को कहा है।बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के तहत टाटा समूह की दो एनबीएफसी टाटा संस और टाटा कैपिटल को सितंबर 2025 तक स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराना जरूरी है।टाटा कैपिटल में 93 फीसदी हिस्सेदारी टाटा संस के पास है। इससे पहले नवंबर 2023 में टाटा समूह अपनी कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज का आईपीओ लेकर आई थी और 30 नवंबर 2023 को कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग हुई थी।500 रुपये के इश्यू प्राइस पर टाटा टेक्नोलॉजीज का आईपीओ आया था और स्टॉक 140 फीसदी के उछाल के साथ 1200 रुपये पर लिस्ट हुआ था।लिस्टिंग के पहले ही दिन शेयरहोल्डर्स को उनके निवेश पर मल्टीबैगर रिटर्न मिल गया। इससे पहले साल 2003-04 में टाटा समूह की आईटी कंपनी टीसीएस का आईपीओ आया था।

## विप्रो वाले अजीम प्रेमजी ने इन 9 कंपनियों पर लगाया है दांव, आप भी खरीदना चाहेंगे?

मुंबई,22 फरवरी (एजेंसियां)। अजीम हाशिम प्रेमजी को तो जानते ही होंगे। वह मशहूर सॉफ्टवेयर कंपनी विप्रो के चेयरमैन थे। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक उनका नेटवर्थ 35.9 बिलियन डॉलर बताया जाता है। उनकी इनवेस्टमेंट कंपनी प्रेमजी इन्वेस्ट , ने बीते शुक्रवार को ओपन मार्केट में नौ कंपनियों के ढेरों शेयर खरीदे। इनमें भारती एयरटेल, जिंदल स्टील एंड पावर और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इस सौदे की कुल कीमत 446 करोड़ रुपये रही। अन्य छह कंपनियों में अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन , अंबुजा सीमेंट्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस शामिल हैं।

**किस कंपनी के कितने शेयर खरीदे**

प्रेमजी इन्वेस्ट ने अपनी सहयोगी कंपनी के माध्यम से ये शेयर खरीदे हैं। इस सौदे में भारती एयरटेल के 5.44 लाख शेयर, जिंदल स्टील पावर के 9.72 लाख शेयर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के 5.70 लाख शेयर खरीदे गए। इंफोसिस के 3.28 लाख शेयर भी इस सौदे का हिस्सा रहे। ब्लॉक डील के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

**और कौन सी कंपनी में कितने शेयर**


इनके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक के 3.33 लाख शेयर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के 8.13 लाख शेयर, अंबुजा सीमेंट्स के 5.14 लाख शेयर भी खरीदे गए। एपीएसईजेड के 1.09 लाख शेयर और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के 84,375 शेयर भी प्रेमजी इन्वेस्ट ने अपने पोर्टफोलियो में जोड़े। ये शेयर 477.2 रुपये से लेकर 1,807.15 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर खरीदे गए। इस तरह कुल सौदे की कीमत 446.38 करोड़ रुपये हुई। दूसरी तरफ, तारिश इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी ने इन नौ कंपनियों के शेयर बेचे। यह कंपनी हशम इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ी है। हशम इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी, सेबी के साथ रजिस्टर्ड वेंचर कैपिटल फंड्स को निवेश सलाहकार सेवाएं देती है। इसकी मूल कंपनी अज़ीम प्रेमजी ट्रस्टी कंपनी है, जिसके मुख्य प्रमोटर खुद अज़ीम प्रेमजी हैं।

## केवाईसी नियमों का पालन करने के बावजूद क्रिप्टो इंडस्ट्री को सीकेवाईसी एक्सेस क्यों नहीं?

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में क्रिप्टो इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है, लेकिन रेगुलेटरी असमानताएं अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।क्रिप्टो एक्सचेंज और वॉलेट सर्विस प्रोवाइडर्स को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (धन शोधन निवारण अधिनियम), 2002 के तहत (अपने ग्राहक को जानें ) नियमों का पालन करना अनिवार्य है।इन्हें यूजर्स की पहचान वेरिफाई करना होता है, सभी ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड रखना होता है और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट इंडिया को भेजनी होती है।इसके बावजूद, इन प्लेटफॉर्म्स को सेंट्रल केवाईसी सिस्टम में शामिल नहीं किया गया है, जिससे उनके लिए केवाईसी प्रोसेस जटिल और महंगा हो जाता है।

**क्या है सीकेवाईसी**

सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री एक सरकारी डेटाबेस है, जो



फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को कस्टमर्स की केवाईसी जानकारी को एक ही स्थान से वेरिफाई करने की सुविधा देता है।इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि सुरक्षा और दक्षता भी बढ़ती है।वर्तमान में, सीकेवाईसी तक पहुंच सिर्फ उन्हीं फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को दी जाती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक , भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड , बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण और पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा रेगुलेट हैं।हालांकि, क्रिप्टो प्लेटफॉर्म्स को भी पीएमएलए के तहत 'रिपोर्टिंग एंटिटी' माना जाता है, फिर भी उन्हें इस सुविधा से बाहर रखा गया है। सीकेवाईसी एक्सेस न होने के कारण क्रिप्टो प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स की पहचान मैन्युअली वेरिफाई करनी पड़ती है, जिससे प्रोसेस धीमा और महंगा हो जाता है।पारंपरिक फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को जहां मजबूत केवाईसी और फ्रॉड रोकने वाले टूल्स मिलते हैं, वहीं क्रिप्टो प्लेटफॉर्म्स को ये सुविधाएं नहीं दी जातीं।इससे न केवल उनकी संचालन लागत बढ़ती है, बल्कि धोखाधड़ी रोकने की उनकी क्षमता भी सीमित हो जाती है।भारत ने फिनटेक के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन क्रिप्टो इंडस्ट्री को पारंपरिक वित्तीय संस्थानों से अलग रखने की नीति इस क्षेत्र की वृद्धि में रुकावट डाल रही है.

**क्या चाहती है क्रिप्टो इंडस्ट्री**


केवाईसी नियमों को एकीकृत करने के लिए पूर्व वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक हाई लेवल समिति गठित की गई थी।लेकिन अब तक इस चर्चा में क्रिप्टो एक्सचेंज जैसे वर्चुअल एसेट सर्विस प्रोवाइडर्स को शामिल नहीं किया गया है।क्रिप्टो उद्योग किसी विशेष रियायत की मांग नहीं कर रहा, बल्कि मौजूदा नियामक ढांचे तक समान और निष्पक्ष पहुंच चाहता है।यदि सभी वित्तीय संस्थाओं, जिनमें वीडीए भी शामिल हैं, को एक जैसे अनुपालन मानकों के तहत लाया जाए, तो यह प्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी बन सकती है।क्रिप्टो प्लेटफॉर्म को सीकेवाईसी तक पहुंच देने से न केवल नियामकों बल्कि व्यवसायों और उपयोगकर्ताओं को भी लाभ मिलेगा।इससे क्रिप्टो कंपनियां बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों की तरह ही एएमएल और केवाईसी मानकों का पालन कर सकेंगी, जिससे अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।साथ ही, उपयोगकर्ताओं के लिए ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया आसान होगी और सुरक्षा एवं निगरानी मजबूत होने से उपभोक्ताओं का विश्वास भी बढ़ेगा।

## जीडीपी: 'भारत की वृद्धि दर में वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में हो सकता है सुधार', यूबीआई ने किया यह दावा

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है, जिसमें जीडीपी वृद्धि 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में यह आकंड़ा 5.4 प्रतिशत था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच जो नकारात्मक अंतर, वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में देखा गया, उसमें तीसरी तिमाही में सुधार हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत (जो दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत थी) हो जाएगी, क्योंकि एच 1-वित्तीयवर्ष25 में जीडीपी और जीवीए वृद्धि के बीच देखा गया नकारात्मक अंतर संभवतः क्यू 3वित्तीय वर्ष25 में बेअसर हो गया। रिपोर्ट ने पूरे साल के लिए जीडीपी विकास पूर्वानुमान को 6.4 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है, जिसके लिए वित्त वर्ष की दूसरी छमाही (एच -2) में लगभग 6.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता होगी, जबकि पहली छमाही में यह 6 प्रतिशत थी।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-41
सूर्यास्त - 18-20
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | लग्नारंभ समय |
|---|---|
| सूर्य- कुंभ मे | कुंभ... 06-05 बजे |
| चंद्र- धनु मे | मीन.... 07-44 बजे |
| मंगल मिथुन मे | मेष--- 09-20 बजे |
| बुध- कुंभ मे | वृष--- 11-04 बजे |
| गुरु- वृष मे | मिथुन.. 13-05 बजे |
| शुक्र- मीन मे | कर्क.... 14-57 बजे |
| शनि- कुंभ मे | सिंह--- 17-30 बजे |
| राहु- मीन मे | कन्या... 19-36 बजे |
| केतु- कन्या मे | तुला.... 21-42 बजे |
| | वृश्चिक... 23-52 बजे |
| | धनु...... 02-05 बजे |
| | मकर... 04-25 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- दशमी . 13-56 तक उपरान्त एकादशी
मास • फाल्गुन कृष्ण , रविवार 23 February
नक्षत्र • मूल 18-42 तक उपरान्त पूर्वाषाढा
योग • वज्र 11-18 तक उप सिद्धी
करण- विष्टी 13-56 तक उप बव
विशेष:- अस्तं शनि पश्चिम
व्रत -त्योहार • भद्रा काल - 13-56 तक

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 16:52 से 18:20 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:41 - 08:07 | अशुभ | शुभ | 18:20 - 19:52 | शुभ |
| चंचल | 08:07 - 09:34 | शुभ | अमृत | 19:52 - 21:24 | शुभ |
| लाभ | 09:34 - 11:02 | शुभ | चंचल | 21:24 - 22:57 | शुभ |
| अमृत. | 11:02 - 12:30 | शुभ | रोग. | 22:57 - 00:29 | अशुभ |
| काल. | 12:30 - 13:57 | अशुभ | काल | 00:29 - 02:02 | अशुभ |
| शुभ | 13:57 - 15:25 | शुभ | लाभ | 02:02 - 03:34 | शुभ |
| रोग | 15:25 - 16:52 | अशुभ | उत्पात | 03:34 - 05:06 | अशुभ |
| उत्पात | 16:52 - 18:20 | अशुभ | शुभ | 05:06 - 06:41 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
जिस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आपने नींव बिछाने का कार्य किया था उसका फल आज से आपको मिलने लगेगा । हालांकि कुछ महत्वपूर्ण संकेतो को आप शायद न देख पाओ और निराशा और आलसीपन आप में विकसित हो सकता है। अगर आप अपने प्रयासों में कमी लाएंगे तो आपकी सारी की गई मेहनत पर पानी फिर सकता है , इसलिए जरुरी है की आप अपने प्रयासों को मजबूती से करना जारी रखे।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आप में अति आत्मविश्वास पैदा होगा क्योकि आपके सारे कार्य बड़ी खूबसूरती के साथ क्रियान्वयन हो रहे है। आज समय है की आप अपना कदम पीछे ले और सोचे की वास्तव में आप के लिए क्या आवश्यक है , उसका मूल्यांकन करे और ध्यान दे की आप अपनी क्षमताओ से क्या हासिल कर सकते हैं । आपको ध्यान रखना है की आपकी जितनी चादर है उतना ही पाव फैलाये ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है। आज का दिन किसी भी बड़े निवेश या खरीद के लिए उपयुक्त नहीं है। आज धन के मामलो में किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करे अन्यथा आपको काफी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ सकता है , फिर भी सही समय पर पर्याप्त विवेक के साथ आसानी से आप अपने धन की रक्षा कर सकते हैं। आज यात्रा के लिए न कोई योजना बनाये और न ही कोई भुगतान करें।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आपने पिछले कुछ दिनों में कुछ अधिक खर्च किया है जिसके आप आदी नहीं हैं । आज सतर्कता की अवस्था आप के अंदर रहेगी । आपके दृष्टिकोण में एक उल्लेखनीय बदलाव आएगा और आप अपने बजट को सख्त बनाने और धन संचय पर अधिक जोर देंगे , हालाँकि आपको अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाना होगा की आपका धन बर्बाद और खत्म हो जाएगा ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आपको अपने कार्यस्थल पर सावधानी बरतनी आवश्यक है। आप ये भूल रहे है , की आज के आधुनिक कार्यालयों में कुछ भी छुपा हुआ नहीं है , इसलिए आपको स्थितियों के मुताबिक खुद को ढालना पड़ सकता है । आज आपको विवेक की जरुरत है और अगर आप उसे अनदेखा करते है , तो आपको अपने करियर के संदर्भ में कीमत चुकानी पड़ सकती है , इसलिए चौकन्ना रहने की जरुरत है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
अपने बेकार हो गए प्रयासों से निराश न हो , आपको फिर से खड़े होकर प्रयास और कार्य करने की जरुरत है ! बेशक आपके द्वारा दी गयी जानकारियों से अहम मुद्दों का हल न निकला हो , लेकिन आपको इससे कुछ जटिल विवरणों की एक बेहतर जानकारी मिलेगी । आप आज के दिन का आनंद ले क्यों की अतीत के निवेश से आपको आर्थिक रूप से लाभ होगा ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप अपने कार्यों को पूरा करने के लिए थोड़ा रुकने की जरुरत है एवं आपको कुछ समय निकालने की जरुरत है , ताकि आप अपने अतीत के अनुभवों पर विचार कर सके । आप अपने अतीत का मूल्यांकन करें की किस चीज को आपको बदलने की जरुरत है और किस चीज को ग्रहण करने की जरुरत है ताकि आप अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल कर सके ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज्ञाकारी होना अच्छा है, लेकिन दूसरों के मुताबिक कार्य करना सही नहीं है । आप और आपके विचार सब से अलग है ।आपको जो सही लगे वह करे और लोगो की बातो में आने से बचे । आप अपने व्यय योजना में अपने खर्चो को कम करने की कोशिश कर रहे है ताकि सकारात्मक वित्तीय बदलाव आये , इसलिए आगे बढे और योजना को अंजाम दे !

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज जहा तक पैसे की बात है तो आप के लिए एक भाग्यशाली दिन है। अगर अतीत में आपने किसी को धन उधार दिया है तो आपको अपने पैसे वापस मिल सकते हैं।आपकी किस्मत चिट फंड या जुए के किसी अन्य रूप में आपको वितीय लाभ पंहुचा सकती है । छात्रों का करियर सही दिशा में आगे बढेगा या किसी भी परीक्षा में अगर वे बैठेंगे तो उन्हें अच्छा परिणाम मिलेगा ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप एक किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जो आपको एक आकर्षक कैरियर के अवसर प्रदान करेगा । हालांकि,इसे स्वीकार करने से पहले परिणाम के बारे में लम्बा और कठिन सोचने की जरूरत है क्योकि सब चमकती हुई चीज़ सोना नहीं होती । ये आप के आस पास के लोगों को प्रभावित करेगा लेकिन ये दिन इस तरह के एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए उतना अच्छा नहीं है ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप एक साथ कई परियोजनाओं के बोझ तले दबा हुआ सा महसूस कर सकते हैं। आप अपने कार्य को कुछ देर से शुरू कर पायेंगे क्यों की काम के बोझ से आप अपने को थका हुआ महसूस करेंगे । आप एक के बाद एक काम के कारण अपने आपको एक दुष्चक्र में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपनी प्राथमिकताएं तय करे और यदि संभव हो तो एक ब्रेक ले या संक्षिप्त समय अपने लिए निकाले ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपके प्रतियोगी आपको नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे , लेकिन आपकी विस्फोटक आत्मविश्वास की भावना आपको अपराजेय रखेगी । इस समय आप अपना विनम्र स्वाभाव बंद करे ताकि कोई आपका अनुचित लाभ न ले । आपको कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है जिसका इंतजार आप लम्बे समय से कर रहे थे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# देवेंद्र यादव, सुबोध, ढेबर, आकाश समेत 13 पर एफआईआर

## सड़क जाम में यात्री बसें, पब्लिक और एंबुलेंस फंसी रही, एक दिन पहले जेल से छूटे थे

भिलाई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, सुबोध हरितवाल, आकाश शर्मा समेत 13 लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। बलौदाबाजार हिंसा मामले में देवेंद्र यादव 7 महीने बाद शुक्रवार को जेल से रिहा हुए। पुलिस ने जश्न के दौरान सड़क जाम करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। मामला गंज थाना क्षेत्र का है।

एफआईआर में देवेन्द्र यादव, सुबोध हरितवाल, शांतनु झा, आकाश शर्मा, शोएब ढेबर, अतीक मेमन, फराज, फरदीन खोखर, अनवर हुसैन, शेख वसीम, नीता लोधी, बाबी पांडे, शिबली मेराज खान का नाम शामिल है। इनमें नीता लोधी भिलाई नगर निगम की पूर्व महापौर हैं। गंज थाने में बीएनएस की धारा 126(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

एफआईआर के मुताबिक, देवेंद्र यादव के जेल परिसर से बाहर आने के बाद ये सभी नेता 500 से 600 की संख्या में सड़क पर जमा हो गए। जेल गेट के ठीक सामने कई गाड़ियां खड़ी कर दी गईं, जिससे पूरी सड़क जाम हो गई।



चेतावनी दिए जाने के बावजूद किसी ने नहीं सुनी। कई यात्री बसें, आम लोग और एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहीं।

इसके पहले बातचीत में देवेंद्र ने कहा था जहां उनकी जरूरत होगी वे बिना डरे जाएंगे। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच मांगी है। देवेंद्र को बर्थडे के दूसरे दिन 20 फरवरी को बेल मिली थी। वे 17 अगस्त 2024 से यानी 188 दिन जेल में बंद थे। इसके साथ ही भिलाई विधायक को सुप्रीम कोर्ट ने एक और राहत दी है। देवेंद्र की विधायकी निरस्त करने वाली पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय की याचिका पर रोक लगा दी गई है। प्रेम प्रकाश पांडेय की याचिका हाईकोर्ट में सुनवाई के लायक है या नहीं, अप्रैल में इस पर सुनवाई होगी। देवेंद्र ने अपने खिलाफ दायर अर्जी को खारिज करने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

देवेंद्र यादव की विधायकी को चुनौती देते हुए प्रेमप्रकाश पांडेय ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी। इसमें देवेंद्र यादव पर नामांकन पत्र में आपराधिक केस और संपत्ति की जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया। याचिका में बताया गया कि चुनाव आयोग प्रत्येक प्रत्याशी से शपथपत्र में आपराधिक और संपत्ति संबंधी मामलों की जानकारी मांगता है।

लेकिन, आयोग से जानकारी छिपाना प्रावधानों का उल्लंघन है। कोई उम्मीदवार इस तरह की जानकारी छिपाता है, तो उसका निर्वाचन शून्य घोषित किया जा सकता है। याचिका में कहा गया है देवेंद्र यादव ने जनप्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन कर अपनी संपत्ति की जानकारी छिपाई है। साथ ही आपराधिक केस का भी शपथपत्र में जिक्र नहीं किया है।

बलौदाबाजार हिंसा से पहले एक सभा में भाग लेने के बाद ही देवेंद्र यादव पर मामला दर्ज हुआ और वे जेल गए। क्या अब वो ऐसी किसी सभा में भाग लेने जाएंगे या उससे बचेंगे। इस सवाल पर देवेंद्र यादव ने कहा कि वहां पर अपने लोगों के बीच उनकी आवाज बनकर विरोध दर्ज कराने गए थे। उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

देवेंद्र यादव रायपुर से भिलाई घर पहुंचे तो पत्नी श्रुतिका ने उनकी आरती करते स्वागत किया। इसके बाद देवेंद्र घर के अंदर अपनी मां से मिलने पहुंचे। वहां मां ने अपने बेटे को गले से लगा लिया। इस दौरान मां और बेटे दोनों के आंसू छलक उठे।

10 जून 2024 को बलौदाबाजार में सतनामी समाज ने जैतखाम तोड़े जाने का विरोध करते हुए कलेक्टर और एसपी ऑफिस जला दिया था। इस मामले में भीड़ को भड़काने, आंदोलनकारियों का साथ देने का आरोप लगाकर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर केस दर्ज किया गया था। विधायक देवेंद्र यादव की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपने बचाव में कहा गया कि बलौदाबाजार हिंसा घटना वाले दिन वह सिर्फ सभा में शामिल हुए, लेकिन वो मंच पर नहीं गए, उन्होंने मंच से कोई भाषण नहीं दिया।

## साय कैबिनेट मीटिंग बजट से पहले 4 विधेयक को मंजूरी

### धान खरीदी के लिए 3300 करोड़ की अतिरिक्त राशि, आईएफएस को पीसीसीएफ के बराबर मिलेगी सैलरी

रायपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी यानी सोमवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले साय कैबिनेट की बैठक में 4 विधेयकों को मंजूरी दी गई है। इनमें स्टांप ड्यूटी संशोधन, लोकतंत्र सेनानी सम्मान, अनुपूरक बजट, 2025-26 के बजट अनुमान शामिल हैं। ये सभी विधेयक बजट सत्र में पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही 30 साल की सेवा पूरी कर चुके छत्तीसगढ़ कैडर के आईएफएस अफसरों को पीसीसीएफ के बराबर सैलरी दी जाएगी। इसके पहले की मीटिंग में पुलिस भर्ती में एसटी कैंडिडेट्स को स्पेशल छूट की मंजूरी मिली थी। इससे पहले दिसंबर 2024 में साय कैबिनेट की आखिरी बैठक हुई थी, जिसमें साय सरकार ने राइस मिलर्स के साथ विवाद के बाद उसे सुलझाने की कोशिश की थी। सरकार ने तय किया था कि मिलर्स को प्रोत्साहन राशि की दूसरी किश्त जारी की जाएगी।

# भाजपा विधायक बोले- हेकड़ी निकाल दूंगा, अंदर करवा दूंगा

## लोगों को धमकाया, कहा- चमचागिरी मत करो, पंचायत चुनाव प्रचार में निकले थे रोहित साहू

गरियाबंद, 22 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में राजिम से भाजपा विधायक रोहित साहू का एक विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो गुरुवार की शाम पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान का बताया जा रहा है। मंच से विधायक एक शख्स से कहते हुए दिख रहे हैं कि तुम्हारी हेकड़ी निकाल दूंगा, जेल में अंदर करवा दूंगा, बिना दारू पीए आना, कांग्रेसी वाली बात मत कर। विधायक ने शख्स को धमकाते हुए कहा कि रोहित साहू जितना सीधा है, उतना ही टेढ़ा भी है, तुम रोहित साहू को नहीं जानते। दरअसल विधायक साहू पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रचार में निकले थे, इस दौरान वे लोगों पर ही भड़क गए।

बोरसी में एक सभा के दौरान विधायक साहू ने मंच से गांव के लोगों को कांग्रेसी और पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल का 'तलवा चाटने वाला' कह दिया। समर्थकों की मानें तो ये सुनते ही भीड़ भड़क गई। वायरल वीडियो में विधायक कहते दिख रहे हैं कि 'रोहित साहू ल सीधा झन समझ, तोर अमितेष शुक्ला ल पानी पिया दे हंव मय ह, चमचागिरी झन कर इहां। तय दारू पीके मोर सामने बात मत कर समझ गेस। अभी अंदर करवाहूं।

इसका हिंदी में मतलब है कि रोहित साहू को सीधा मत समझो, तुम्हारे अमितेश शुक्ला को पानी पिला दिया हूं मैं। चमचागिरी मत करो, तुम शराब पीके मेरे सामने बात मत करो। अभी अंदर करवा दूंगा।

अरंड गांव में जब ग्रामीणों ने विधायक से सड़क, पानी और बिजली की मांग रखी तो विधायक का जवाब सुनकर लोग दंग रह गए। उन्होंने साफ कह दिया कि विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र से उन्हें वोट नहीं मिला तो यहां सुविधाएं भी नहीं दी जाएगी।

बता दें कि विधायक रोहित साहू जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से बीजेपी की अधिकृत प्रत्याशी नंदनी कोमल ढीढी के लिए प्रचार कर रहे हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी हुमा देवी सांग चुनाव लड़ रही है। हुमा देवी सांग कांग्रेस नेता हेमंत सांग की पत्नी है। हेमंत सांग कुछ दिनों पहले ही रायपुर जेल से जमानत पर रिहा हुए हैं। उन्हें बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार किया गया था।

इस क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़ मजबूत है। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे भी चुनावी मैदान में हैं। मधुबाला को बीजेपी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी नहीं बनाया, जिसके बाद उन्होंने बगावत करके निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया।

बीजेपी अधिकृत प्रत्याशी को कमजोर पड़ता देख विधायक रोहित साहू ने खुद प्रचार का जिम्मा संभाला। अब उनका जनता से बदसलूकी का वीडियो वायरल हो रहा है। विधायक से इस मामले में बात करने की कोशिश की गई, लेकिन वे कॉल नहीं उठा रहे। यहां कल यानी 23 फरवरी को मतदान होंगे।

# सड़क हादसे में तीन महाकुंभ श्रद्धालुओं की मौत, आठ घायल

कोंडागांव, 22 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 2 अलग-अलग सड़क हादसे में महाकुंभ के 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हैं। पहला हादसा कोंडागांव में हुआ है। यहां 2 लोगों की मौत हो गई और 4 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं अंबिकापुर में 1 की मौत हुई है। 4 लोग घायल हैं।

कोंडागांव में मरने वालों का नाम गीता शेखर (49) और संतोष रेड्डी (45) है। दोनों बेंगलुरु के रहने वाले थे, जो कुंभ रहे थे। कार की डिक्की काटकर शवों को निकाला गया। वहीं अंबिकापुर में बबलू कुमार मंडल (65) की जान गई है, जो अंबिकापुर के गांधीनगर का रहने वाला था। ये कुंभ से लौट रहे थे।

मिली जानकारी के मुताबिक बेंगलुरु से एक परिवार प्रयागराज महाकुंभ जा रहा था, तभी सुबह 6 बजे नेशनल हाइवे 30 पर हादसे का शिकार हो गए। उनकी कार बोरगांव और फरसगांव के बीच पुल से टकराकर पलट गई। हादसे में 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। घायलों को फरसगांव अस्पताल से रायपुर रेफर कर दिया गया है। घायलों में एस सुषमा (38), विशाल रेड्डी (10) एस शोभा (39) और ड्राइवर रवि तेजा (35) शामिल है। हादसे में कार पूरी तरह से डैमेज हो गई है। पुलिस के मुताबिक, एक्सयूवी कार में सवार सभी 6 लोग एक ही परिवार के थे। वहीं प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर गणेशपुर के पास शनिवार को तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हुई है। कार सवार 4 लोग घायल हो गए। संजीवनी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। मामला प्रतापपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, टोयोटा कार सवार सभी एक ही परिवार के थे। वे प्रयागराज से लौट रहे थे, तभी सुबह 5 बजे कार के सामने अचानक सियार के आ जाने पर चालक ने ब्रेक लगाया। कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में बबलू कुमार मंडल (65) के सिर में चोट आई। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला और निजी वाहनों से अंबिकापुर लाया गया। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में बबलू कुमार मंडल को जांच के बाद डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज जारी है। उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## तीन अर्थियां एक साथ उठीं, हादसे में 7 की मौत

### कुंभ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी हुई थी दुर्घटनाग्रस्त, आज हुआ अंतिम संस्कार

हजारीबाग, 22 फरवरी (एजेंसियां)। सड़क हादसे के शिकार हजारीबाग निवासी 7 लोगों के शव का शनिवार को अलग-अलग समय पर अंतिम संस्कार किया गया। इसमें से कटकमसांडी प्रखंड के पिता-पुत्र की अर्थी एक साथ उठी। कुछ देर बाद पड़ोसी मतिया देवी का शव भी निकाला गया। तीनों शव एक साथ श्मशान घाट लाए गए। वहीं, बाकी हजारीबाग के नवादा निवासी मृतकों के शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। सभी कुंभ स्नान से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी 20 फरवरी को जौनपुर (यूपी) में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। गाड़ी में हजारीबाग के 10 लोग सवार थे, जिनमें से 7 की मौत हो गई। जबकि तीन का इलाज चल रहा है।

# बोकारो डीसी विजया जाधव के आवास में चोरी

## लाखों के जेवरात सहित सूट, परफ्यूम, लिपस्टिक गायब, संविदाकर्मी आरोपी

बोकारो, 22 फरवरी (एजेंसियां)। बोकारो डीसी विजया जाधव के निजी कमरे से नकद 95 हजार सहित लाखों रुपए के जेवरात की चोरी हुई है। इस संबंध में डीसी आवास में कार्यरत होमगार्ड सोनी कुमारी ने बीएस सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें डीसी आवास में संविदा पर कार्यरत दो महिला कर्मियों को आरोपी बनाया गया है। आवास में चोरी की जानकारी 20 फरवरी को हुआ। इसके बाद बोकारो पुलिस जांच में जुटी। मीडिया को देर रात घटना की जानकारी हुई। पुलिस पड़ताल के क्रम में आवास में कार्यरत दोनों संविदाकर्मियों से लगातार पूछताछ कर रही है।

सोनी ने आवेदन में बताया कि डीसी आवास में देखरेख व सुरक्षा के लिए उसके अलावा दो अन्य होमगार्ड मंजू कुमारी व गोमा कुमारी प्रतिनियुक्त हैं। इसके अलावा संविदा पर कार्यरत दो अन्य महिला पारो देवी व अंबिका भी कार्यरत हैं, जो साफ-सफाई व आवास का काम करती हैं। इन पांचों को ही डीसी के निजी कमरे में जाने की अनुमति है।



18 फरवरी को डीसी की अनुपस्थिति में महिला पारो देवी कमरे में जाकर सफाई कर रही थी, लेकिन अपने निर्धारित समय से पहले ही करीब 12.30 बजे तक बेटी की तबीयत खराब होने का बात कह आवास से निकल गई।

20 फरवरी को 95 हजार रुपए नकद व कबर्ड में रखी हीरा जड़ित सोने की अंगूठी, गले का हार, हीरे के कान का सेट, कीमती साड़ी, सूट, परफ्यूम, लिपस्टिक आदि सामान गायब मिले। सिटी पुलिस ने मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही शक के आधार पर सफाई कर्मी पारो देवी व अंबिका कुमारी से पूछताछ कर रही है।

20 फरवरी को डीसी आवास में कार्यरत सभी कर्मियों से पूछताछ की गई तो सभी ने जानकारी होने से इनकार कर दिया। इसके बाद सिटी पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और एक बार फिर से पूछताछ की, लेकिन सभी के इनकार करने पर डॉग स्क्वॉड टीम को बुलाया गया।

डॉग स्क्वॉड टीम की शंका पारो देवी पर गई, तो उससे कड़ाई से पूछताछ की गई। उसने अपना जुर्म कुबूल लिया। पूछताछ में उसने बताया कि चोरी के बाद उसे गलती का एहसास हुआ, तो उसने जेवरात की पोटली चास के शिवपुरी कॉलोनी स्थित महतो बांध तालाब में फेंक दी। शुक्रवार को पुलिस ने गोताखोर टीम बुलाया और तालाब में छानबीन की, लेकिन देर शाम तक सामान की बरामदगी नहीं हुई थी।

# जनपद सदस्य प्रत्याशी को आया हार्टअटैक, मौत

## प्रचार से लौटकर रात को सोए, सुबह नहीं उठे, स्थानीय बोले- तनाव में थे

जशपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। जशपुर जिले के जनपद पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी संजय लहरे की हार्टअटैक से मौत हो गई। वे पत्थलगांव जनपद क्षेत्र के बूढ़ाडांड़ गांव के निवासी थे। संजय अलमारी चुनाव चिन्ह पर बूढ़ाडांड़, डुडूगजोर और गाला शिवपुर गांवों से चुनाव लड़ रहे थे। मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र का है। शुक्रवार रात को चुनाव प्रचार से लौटने के बाद संजय ने भोजन किया और सोने चले गए। सुबह जब पत्नी ने उन्हें जगाने की कोशिश की, तो वे अचेत मिले। परिवार तुरंत उन्हें अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि प्रचार के दौरान उनकी



तबीयत खराब चल रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनावी तनाव का उनकी सेहत पर असर पड़ रहा था। संजय के अचानक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पत्थलगांव एसडीओपी ध्रुबेश जायसवाल ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल के टॉयलेट में हुए ब्लास्ट में चौथी कक्षा की बच्ची बुरी तरह झुलसी, परिजनों में आक्रोश

बिलासपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। बिलासपुर के सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल में शुक्रवार को हुए एक बड़े हादसे ने स्कूल प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्कूल के टॉयलेट में हुए सोडियम ब्लास्ट से चौथी कक्षा की एक मासूम बच्ची बुरी तरह झुलस गई है। इस घटना के बाद से स्कूल प्रशासन घिर गया है और परिजनों में जबरदस्त आक्रोश है।

इस घटना के विरोध में शनिवार सुबह से ही बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल के बाहर इकट्ठा हुए और स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगने लगे। परिजनों का कहना है कि वे सुबह 7 बजे से स्कूल गेट पर खड़े हैं, लेकिन अब तक प्रबंधन ने उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। अभिभावको का कहना है कि हम लोग चाहते हैं कि स्कूल प्रशासन के इंचार्ज, फादर या प्रिंसिपल खुद सामने आकर बताए कि आखिर इस घटना की सच्चाई क्या है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई हो रही है। परिजनों ने इस हादसे को स्कूल प्रशासन की लापरवाही बताया और कहा कि इसे बच्चों की शरारत बताकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, इस ब्लास्ट में इस्तेमाल हुआ सोडियम लैब से नहीं निकाला गया था, बल्कि ऑनलाइन पटना से मंगाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि यह किसी शिक्षक के लिए मंगाया गया था। परिजनों का कहना है कि इस घटना के पीछे किसी बड़े स्तर की लापरवाही हो सकती है, जिसकी गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने कहा कि यह पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी इस स्कूल में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन स्कूल प्रशासन ने हमेशा हल्के में लेकर मामले को टाल दिया। अब हम चाहते हैं कि 24 घंटे के अंदर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और इन बच्चों को स्कूल से निकाला जाए। इस बीच, स्कूल प्रशासन ने अभी तक कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, अब तक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम उठाते नहीं दिख रहे।

# रांची में बदला मौसम, गरज के साथ बारिश

## 12 जिलों के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट ओलावृष्टि, मेघ गर्जन और बारिश भी होगी

रांची, 22 फरवरी (एजेंसियां)। रांची में मौसम का मिजाज फिर बदल गया है। सुबह से हल्की धूप थी। मौसम साफ था। दोपहर होते ही मौसम ने करवट ली। राजधानी रांची और आसपास के इलाके में तेज बारिश शुरू हो गई। वहीं हल्के से मध्यम दर्जे का मेघ गर्जन भी हो रहा है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले दो घंटे रांची का मौसम बदला रहेगा।

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने 22 फरवरी को राज्य के 12 जिलों के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना जताई गई है। कुछ जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है।


इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश खूंटी के तोरपा में 82.2 एमएम दर्ज की गई। गुरुवार से राज्य में बारिश हुई है। बारिश होने के बाद कई जिलों का अधिकतम तापमान 7 डिग्री तक गिर गया था। हालांकि, सबसे अधिक उच्चतम तापमान सरायकेला -खरसावां का 35.6 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के नामकुम में 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम केंद्र रांची के पूर्वानुमान के अनुसार आज राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां के साथ-साथ देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहिबगंज में ओलावृष्टि होने की संभावना है। इन्हीं जिलों में ओलावृष्टि के साथ-साथ मेघ गर्जन और तेज हवाओं का झोंका भी चल सकता है। मौसम विभाग ने हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की बात कही है। वहीं इन जिलों में वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। जबकि राज्य के पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा के अतिरिक्त संथाल परगना क्षेत्र के दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहिबगंज में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की बात कही गई है। इन इलाकों में मेघ गर्जन और वज्रपात की भी संभावना व्यक्त की गई है।

रांची मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस का अच्छा खासा असर झारखंड में देखने को मिल रहा है।

# पूर्वी सिंहभूम में बकरी चोरी के आरोप, भीड़ ने की दो लोगों की हत्या

## पलामू से टीएसपीसी का कमांडर गिरफ्तार



रांची, 22 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भीड़ ने एक पीट-पीटकर कथित तौर पर दो लोगों की हत्या कर दी। उन्हें एक बकरी की चोरी करते हुए पकड़ा गया था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा, घटना चकुलिया थाना क्षेत्र के जोडसा गांवा में शुक्रवार की रात हुई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रिशर्भ गर्ग ने कहा, दोनों को बकरी चुराते हुए उसके मालिक ने पकड़ लिया। इसके बाद मालिक ने भीड़ के साथ मिलकर उनकी पिटाई की और उनमें से एक वहीं गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि उन्हें एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा, हमने बकरी के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों को भी जल्द पकड़ा जाएगा।

**पलामू से टीएसपीसी का सदस्य गिरफ्तार**

भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह टीएसपीसी के एक सदस्य को पलामू जिले से गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अनिल भुइयां (35 वर्षीय) के रूप में हुई है और वह पिछले सात वर्षों से माओवाद से जुड़े कई मामलों में वांछित था। भुइयां को शुक्रवार रात विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदाग इलाके से गिरफ्तार किया गया, जब वह अपने परिवार से मिलने आया था।

विश्रामपुर के थाना प्रभारी सौरव कुमार ने कहा, 'हमें विश्रामपुर इलाके में भुइयां की मौजूदगी के बारे में गोपनीय सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम गठित की गई और उसे गिरफ्तार किया गया।' पुलिस अधिकारी ने कहा, 'तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) का स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर 2018 में मोहम्मदगंज में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल था, जहां उसने हमले का नेतृत्व किया था।'

# प्रयागराज जाने के लिए फिर उमड़ी भारी भीड़, हुई बेकाबू

## ट्रेन की एसी बोगी की खिड़की तोड़कर घुसे, रिजर्वेशन वाले कई यात्री छूटे

धनबाद, 22 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वालों की भारी भीड़ शुक्रवार रात को भी धनबाद स्टेशन पर उमड़ी। गंगा-सतलज में क्षमता से दोगुने लोग सवार हो गए। फिर रात 10:20 बजे 12323 हावड़ा-बाड़मेड़ के पहुंचते ही भीड़ बेकाबू हो गई। ट्रेन पहले से ठसाठस भरी थी। बोगियों के गेट अंदर से बंद थे। यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया।

दरवाजे-खिड़कियां पीटने लगे। आरपीएफ जवानों ने भी अंदर खड़े यात्रियों को गेट खोलने का इशारा किया। कुछ बोगियों के गेट खुले, पर अंदर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। पहले से आरक्षण कराने वाले कई यात्री भी सवार नहीं हो सके।

स्पेशल ट्रेन चलाने की अनाउंसमेंट होती रही, पर लोग



इंतजार करने को तैयार नहीं थे। कुछ उत्पाती तत्व एसी बोगी की खिड़की तोड़ अंदर घुस गए। रेलवे के सुरक्षाकर्मी रोकने के बजाय सिर्फ देखते रहे।

रात 8 बजे हावड़ा-दिल्ली राजधानी आई, तो बिना रिजर्वेशन टिकट के कई लोग सवार हो गए। आरपीएफ और कॉमर्शियल विभाग की टीम ने किसी तरह उन्हें समझा-बुझाकर ट्रेन से उतारा। उसके बाद 9:50 बजे खुलनेवाली गंगा-सतलज एक्सप्रेस में भी क्षमता से दोगुने यात्री बिना टिकट के लोग सवार हो गए।

# प्रेमिका के पिता ने दी धमकी, युवक ने दी जान

## घर में फंदे से लटका मिला शव वेंटिलेटर तोड़ भाई कमरे में घुसा

जमशेदपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर में एक युवक का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना गोलमुरी थाना क्षेत्र के तुइला डूंगरी मथुरा बागान में शनिवार की है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसकी गर्लफ्रेंड के पिता ने उसे धमकी दी थी। इसके बाद से युवक मानसिक रूप से परेशान था। सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मृतक का छोटा भाई वेंटिलेटर तोड़कर कमरे के अंदर दाखिल हुआ। यहां युवक फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 21 वर्षीय प्रेम कुमार के रूप में की गई।

इधर, घटना की सूचना के बाद



गोलमुरी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। फिर भी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस मृतक के परिवार और युवती के परिजनों से पूछताछ कर रही है।



# सीएम भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी

## दौसा जेल से कंट्रोल रूम को दो कॉल किए, कहा- रात 12 बजे से पहले मार दूंगा



दौसा, 22 फरवरी (एजेंसियां)। सीएम भजनलाल शर्मा को एक बार फिर दौसा जेल से जान से मारने की धमकी मिली है। सात महीने में ये दूसरी बार है, जब दौसा जेल से सीएम को धमकी भरा कॉल गया है।

मामला देर रात करीब 12 बजकर 45 मिनट का है। आरोपी ने श्यालवास स्थित सेंट्रल जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर कहा- आज रात 12 बजे से पहले मार दूंगा। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसपी गुरु शरण राव और नांगर डीएसपी चारुल गुप्ता मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि पॉक्सो के आरोपी ने दो कॉल किए थे।

प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि पॉक्सो के मामले में बंद आरोपी ने 12 बजकर 45 मिनट से लेकर 12 बजकर 55 मिनट के बीच 10 मिनट में दो कॉल किए। आरोपी ने जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया।

कॉल कर कहा था कि- सीएम को आज रात (शनिवार) 12 बजे से पहले जान से मार दूंगा। कंट्रोल रूम पर धमकी भरे कॉल के बाद पुलिस अधिकारी भी हरकत में आ गए। इसकी सूचना दौसा पुलिस को दी गई। एएसपी और डीएसपी के साथ पापदड़ा और नांगल थाने की पुलिस जेल में पहुंची और सर्च अभियान चलाया। बताया जा रहा है कि कुछ कैदियों के पास मोबाइल भी मिले हैं।

**7 महीने पहले भी दी थी मुख्यमंत्री धमकी**

श्यालावास जेल पिछले दिनों उस वक्त सुर्खियों में आई थी, 27 जुलाई 2024 में जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने जेल में सर्च अभियान चलाकर मोबाइल जब्त किए थे। वहीं मुख्यमंत्री को धमकी देने वाले कैदी के खिलाफ पापड़दा थाने में मामला दर्ज किया था। साथ ही जेल में सिम पहुंचने वाले एक जने को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

**जेल अधीक्षक समेत 3 सस्पेंड किए थे**

श्यालावास जेल से जुलाई में सीएम को धमकी देने के बाद हुए खुलासे से बाद जेल प्रशासन ने कार्यवाहक जेल अधीक्षक कैलाश दरोगा, जेलर बिहारी लाल और मुख्य प्रहरी अवधेश कुमार को सस्पेंड कर दिया था।

**13 महीने पहले भी मिली थी धमकी**

करीब 13 महीने पहले भी सीएम को धमकी मिली थी। जनवरी 2024 में जयपुर की सेंट्रल जेल में 5 साल से बंद पॉक्सो एक्ट के बंदी ने ही कंट्रोल रूम में कॉल कर सीएम को गोली मारने की धमकी दी थी। इसके बाद कॉल काटकर मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी आधार पर जांच शुरू की और धमकी देने वाले आरोपी की पहचान की थी। इस दौरान जेल में बंदियों से मोबाइल भी जब्त किए गए थे।

# ट्रैक्टर ने दो चचेरे भाइयों को कुचला, मौत

**टक्कर लगने ही उछल मिक्सर मशीन पर गिरा;बहन के लिए सामान खरीदने जा रहे थे**

अलवर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। अलवर में हुए एक सड़क हादसे में 2 भाइयों की मौत हो गई। मामला रात 8 बजे शहर के बगड़ तिराहा थाना क्षेत्र के केसरोली गांव की है। दोनों मृतक जुनेद (22) और मोमिन (15) चचेरे भाई है। उनकी बहन घर आने वाली थी, जिसके लिए वे सामान खरीदने जा रहे थे। इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जनरेल खान व फरीद ने बताया कि उनका भतीजा जुनेद व मोमिन बाइक से कुछ सामान लेने केसरोली मोड जा रहे थे। जुनेद की बहन घर आने वाली थी। जुनेद ने केसरोली मोड पर बहन की कार में सामान रख दिया। इसके बाद जुनेद व मोमिन घर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में केसरोली फोर्ट के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रैक्टर ने बाइक सवार दोनों भतीजों कुचल दिया।

# मधुमक्खियों का हमला, 150 फीट गहरी खाई में गिरे भाई-बहन

## युवक ने गिरते देखा, लेकिन डर के मारे किसी को नहीं बताया; 20 घंटे बाद मिले शव

निवाई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पहाड़ी पर स्थित मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे भाई-बहन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। बचने की कोशिश में दोनों 150 फीट गहरी खाई में गिर गए, डूबने से दोनों की मौत हो गई। घटना टोंक के निवाई की शुक्रवार दोपहर 2 बजे की है। 20 घंटे बाद आज भाई-बहन के शव बाहर निकाले। घटना के समय एक युवक वहां मौजूद था, जिसने दोनों को खाई में गिरते देखा, लेकिन डर के मारे उसने किसी को तुरंत सूचना नहीं दी। बाद में उसने पड़ोसी को बताया, जिससे पुलिस तक मामला पहुंचा।

डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया- हादसा निवाई में ब्राह्मणी माता मंदिर की पहाड़ी पर हुआ। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, आजमगढ़ का रहने वाला शिवा कीर (24) अपनी बहन संजना उर्फ आरती (22) के साथ मंदिर में दर्शन करने आया था। भाई-बहन पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले से बचने की



शिवा



संजना

कोशिश में दोनों असंतुलित होकर पहाड़ी से नीचे खाई में जा गिरे। वर्तमान में शिवा, निवाई में खलदेवत रोड पर पांचकुआं के पास रहता था।

सूचना के बाद शाम करीब 5 बजे तहसीलदार नरेश गुर्जर और पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी मौके पर पहुंचे। पहाड़ी के नीचे खाई में भरे पानी में हाई मास्ट लाइट की मदद से सिविल डिफेंस की टीम और स्थानीय लोगों ने रात 11 बजे तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों की मदद से शवों की तलाश शुरू की गई। सुबह 9 बजे SDRF की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय युवक मुबारक अली मंसूरी ने सुबह 9:30 बजे युवती का शव बाहर निकाला। करीब 15 मिनट बाद ही युवक का शव भी बरामद कर लिया गया।

युवक की मां मीरा ने बताया कि शिवा ने बहन संजना को ससुराल से कॉल कर बुलाया था। दोनों ने मंदिर दर्शन का प्लान बनाया था। शुक्रवार देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर तलाश शुरू की। दोनों का फोन भी बंद आ रहा था।

# राजस्थान में फिर बादल छाएंगे

**फरवरी के अंतिम दिनों में बदलेगा मौसम, हवा चलने से 2 से 3 डिग्री तक पारा गिरा**

जयपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में मौसम बदलाव के साथ एक बार फिर से रात में ठंडक बढ़ गई। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, नागौर समेत कुछ शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। दिन के तापमान में भी गिरावट होने से गर्मी कम हो गई। राज्य में अगले 5 दिन तक मौसम ड्राय रहेगा। फरवरी के आखिरी में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने का अनुमान है।

पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के अधिकांश शहरों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, उदयपुर समेत तमाम शहरों में मौसम साफ रहा। जयपुर, सीकर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में कल उत्तरी हवाओं का प्रभाव रहने से सुबह-शाम हल्की सर्दी रही। दिन में भी मौसम सुहावना रहा। कल दिन में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 31.9 डिग्री सेल्सियस रहा। फलोदी में अधिकतम तापमान 30.2, चित्तौड़गढ़ में 30.4, जोधपुर में 29.4, जैसलमेर में 28.8, कोटा में 28.9, भीलवाड़ा में 28.7, अजमेर में 28.2 और जयपुर में 28 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

कल दिन में सबसे ज्यादा ठंडक गंगानगर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में अधिकतम तापमान 22.8, सीकर में 23.2, पिलानी में 26.6 और अलवर में 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# समाज से बाहर शादी की सजा, 21 लाख जुर्माना

## 16 साल से मां-बाप से नहीं मिल पाया बेटा, खाप पंचायतों के पाप वायरल

जोधपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। हम अकेले नहीं हैं, जो बाहर जाकर शादी कर आए हैं। बाकी लोग भी हैं। ऐसे में ज्यादा दबाव हमारे परिवार पर क्यों बनाया जा रहा है। पांच-सात लोगों ने मिलकर दंड का फैसला कर लिया और परिवार का बहिष्कार कर दिया। ये दर्द उस परिवार का है, जिसके बेटे का समाज से बाहर शादी करने पर खाप पंचायत ने बहिष्कार कर दिया। परिवार के दर्द को खाप के एक पंच कालूराम की अहंकारी भरी तेज आवाज ने दबा दिया... जोधपुर की खाप पंचायत के ऐसे 2-3 वीडियो भास्कर के पास हैं। एक दूसरे वीडियो में जुर्माने के नाम पर 1 लाख रुपए की डिमांड की जा रही है। एक वीडियो में खाप का एक पंच जुर्माने में मिले नोट गिनता नजर आ रहा है।

**16 साल पहले शादी, आज तक समाज से बाहर**

चुन्नीलाल की शादी 16 वर्ष पहले बेंगलुरु निवासी युवती से हुई। गांव की खाप पंचायत को ये नागवार गुजरा। समाज से बहिष्कार कर दिया। चुन्नीलाल शादी के बाद बेंगलुरु में ही बस गया। बेंगलुरु में मिठाई की दुकान पर काम करता है। तीन बेटियां हैं। एक 15 साल की, दूसरी 11 व तीसरी 8 साल की है। चुन्नी लाल बोले- काकेलाव में माता-पिता सहित पूरा परिवार रहता है। मैं किसी से नहीं मिल सकता। पंचायत गांव आने की इजाजत देने के लिए 10 लाख मांग रही है। बच्चे जिद्द करते हैं दादा-दादी से मिलने की, लेकिन नहीं मिला सकता।

**समाज में शामिल होने की कीमत 21 लाख रुपए**

लोलावास निवासी राजाराम दिव्यांग हैं। ईमित्र का काम करता है। उसके पिता ने 2 साल पहले मध्य प्रदेश निवासी युवती से शादी कराई। खाप पंचायत को ये नागवार गुजरा। परिवार से 1 लाख रुपए का दंड ले चुके हैं। 21 लाख रुपए और चुकाने हैं। पिता ने बताया- पंचों ने हुक्का-पानी बंद कर दिया। गांव में कोई बात नहीं करता। समाज में शामिल होने के लिए इतना पैसा कहां से लाएं?

इसी तरह निंबली के कालूराम की 3 साल पहले यूपी में शादी हुई। पहले पिता को समाज से बाहर कर दिया और 11 हजार का जुर्माना वसूला। पिता की तबीयत बिगड़ने पर बेटा मिलने आ गया तो उससे 1 लाख रुपए का दंड लिया। जोधपुर के लूणी थाना क्षेत्र में काकेलाव भटिंडा, ढूंढली, शिवपुरा सहित 25 गांव खाप के फरमानों से पीड़ित हैं।

# भाजपा विधायक के चाचा पर करोड़ों का जुर्माना

## पूर्व मुखिया को क्या नई भूमिका मिलेगी, मंत्री और विधायक बनेंगे समधी?

जयपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। सियासत में दिन हमेशा एक जैसे नहीं रहते। जिन नेताओं की कभी सत्ता तंत्र में तूती बोलती थी। एक इशारे पर सब खड़े हो जाते थे। आज हालात बदल गए हैं। एक सत्ताधारी विधायक के चाचा और पूर्व मंत्री के भाई पर खान वाले महकमे ने करोड़ों की पैनल्टी लगा दी। अब राज रहते पैनल्टी लगे तो रिएक्शन तो होना ही था। सत्ताधारी विधायक कई जगह चक्कर काट चुके। फिलहाल राहत नहीं मिल पाई है। इलाके के साथ परिवार में भी इज्जत का सवाल बन गया है। विधायक ने कई मंत्रियों से लेकर सबसे बड़े दफ्तर तक भी गुहार लगाई। एक जगह तो मंत्री की बेरुखी की फोटो तक आ गई।

विपक्षी पार्टी में कहा जाता है कि जिसकी दिल्ली मजबूत हो, वही लंबी सियासी पारी खेल पाता है। इसके उदाहरण सबके सामने है। दिल्ली मजबूत करने के लिए वहां नरेटिव बनाने वालों को साधना जरूरी होता है। इसके लिए पहले पहचान तो बढ़ानी ही होती है। पार्टी के युवा नेता और पूर्व संगठन मुखिया हर साल देश और प्रदेश की राजधानी में ऐसे भोज देते रहे हैं। पिछले दिनों विपक्षी पार्टी के मुखिया ने भी देश की राजधानी में नरेटिव बनाने-बिगाड़ने वालों को लंच दिया। इसकी कई वजहों से चर्चा भी हुई। सुना है अब विपक्ष के नेता भी भोज देने की तैयारी में हैं। मतलब नरेटिव के खेल में कोई पीछे नहीं रहना चाहता। प्रोफेशनल रिश्ते कई बार पारिवारिक रिश्तों में बदल जाते हैं। अब नेता आपस में रिश्तेदार बनें तो चर्चाएं होना स्वाभाविक हैं। प्रदेश में बहुत से नेताओं में रिश्तेदारियां हैं। कई नेताओं की तो दूसरे दलों में रिश्तेदारियां हैं। इसी सामाजिक ताने-बाने के बीच अब सत्ता वाली पार्टी के दो नेताओं के समधी बनने की चर्चाएं हैं। मंत्री और सत्ताधारी विधायक पड़ोसी जिलों के हैं। सत्ताधारी विधायक के इलाके में तो चर्चाएं जोरों पर हैं, क्योंकि मंत्री के समधी बनने से पावर की फीलिंग भी आती है।जमीनों से जुड़े नेता-अफसरों के किस्से ही निराले होते हैं। क्योंकि जमीनों ने कई को फर्श से अर्श पर पहुंचा दिया। एक पूर्व आईएएस को पिछले दिनों एक संभावना वाली सरकारी जमीन की जानकारी मिली।

# घूसखोर इंजीनियर ने बेटे-बेटी को भी बना दिया करोड़पति

**एक ही दिन में बेटी को दो प्लॉट 'गिफ्ट', परिवार के नाम काली कमाई से खरीदी जमीनें**



जयपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दीपक कुमार मित्तल ने नौकरी में 'काली कमाई' से बेटे-बेटी को भी करोड़पति बना दिया। जिस भी बड़े शहर में नौकरी की, वहां की पॉश कॉलोनियों में प्लॉट खरीदता चला गया। इंजीनियर ने एक ही साल में करोड़ों की कीमत की 6 बार जमीन खरीद डाली। एक ही दिन में बेटी को दो प्लॉट 'गिफ्ट' भी कर दिए। बेटे-पत्नी-भाई के नाम पर भी कीमती जमीनों का रिकॉर्ड मिला है। एसीबी ने छापे की कार्रवाई में जहां हाथ डाला, वहां से जमीनों की सौदेबाजी के कागज मिले हैं। छापेमारी में शामिल रहे अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले बड़े से बड़े सरकारी अधिकारी के खिलाफ किसी भी रेड में जमीन खरीदने का ऐसा 'पैटर्न' देखने को नहीं मिला। मित्तल के पास नौकरी से पहले कोई संपत्ति नहीं थी। 28 साल की नौकरी में करोड़ों का मालिक बन बैठा। एसीबी की पड़ताल और क्या-क्या सामने आया।

**वर्ष 2022 में खरीदे 6 प्लॉट**

मूल रूप से गंगापुर सिटी के रहने वाले दीपक कुमार मित्तल ने अपनी 28 साल की नौकरी में जयपुर, अजमेर और उदयपुर में कुल 16 प्लॉट खरीदे। खास बात यह है कि इंजीनियर ने जमीनों में सबसे ज्यादा इन्वेस्टमेंट उदयपुर में किया है। अकेले 9 प्लॉट उदयपुर में खरीदे गए। कलड़वास विस्तार ग्रीवा, उदयपुर रीको आवासीय योजना में 69 वर्ग मीटर से लेकर 408 वर्ग मीटर तक के प्लॉट शामिल हैं।

इसके अलावा जयपुर की 4 पॉश कॉलोनियों में भी प्लॉट खरीदे, जो 150 वर्ग गज से लेकर 266 वर्ग गज तक के बीच की साइज के हैं। एसीबी ने इनकी कीमत अलग-अलग रूप से लाखों की बताई है, लेकिन मार्केट में पड़ताल करने पर एक-एक प्लॉट करोड़-करोड़ से ऊपर के हैं। अजमेर में भी दीपक कुमार मित्तल ने 3 प्लॉट खरीदे, जो 200-200 वर्ग गज के हैं। खास यह है कि इंजीनियर मित्तल ने अकेले 2022 में एक के बाद एक 6 प्लॉट खरीद डाले। इन प्लॉटों को दो महीने के अंतराल में खरीदा गया। इसके अलावा 2015 और 2023 में तीन-तीन प्लॉट खरीदे गए। 2015 में 3 में से 2 प्लॉट एक ही दिन 26 अक्टूबर को खरीदे गए थे। 2023 में 5 महीनों के अंदर 3 अलग-अलग प्लॉट खरीदे।

# पत्नी का पहले गला घोंटा, फिर भाई के साथ शव जलाया

## महिला ने पिता को कॉल पर कहा था- मुझे मार डालेंगे; खेतों में जाकर छिपा पति गिरफ्तार

धौलपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। धौलपुर में दहेज के लिए पति ने बड़े भाई के साथ मिलकर पत्नी की पहले चुन्नी से गला घोंटकर हत्या की और फिर भूसे के ढेर में शव को जला दिया। सैंपऊ थाना क्षेत्र के नुनहेरा गांव की इस वारदात में पुलिस ने पति कमल किशोर (24) को गिरफ्तार कर लिया है।

मौत से पहले महिला नीरज ने पिता को कॉल कर कहा था- 'आज मुझे मार डालेंगे'। सुबह हुए झगड़े में पति ने पीटा था। पिता ने बड़ी बेटी प्रीति को बताया था- जिसके बाद उसका पति और आरोपी मनीष भाई कमल से बात करने पहुंचा। तब तक नीरज की हत्या हो चुकी थी। वारदात के बाद कमल खेतों में छिपा था, जहां से पुलिस ने रात 10 बजे दबोच लिया। मनीष फरार है।

**नशे में की गई थी हत्या**

डीएसपी ग्रामीण अनूप कुमार ने कहा- पूछताछ में आरोपी पति बताया कि गुरुवार को वह नशे में था। शाम को खेत वाले मकान पर जाकर पत्नी का चुन्नी से गला घोंट दिया था। इसी दौरान बड़ा भाई मनीष वहां पहुंच गया था। दोनों भाइयों ने मिलकर नीरज के शव को भूसे के ढेर में फेंका और ऊपर से गोबर के कंडे डालकर जला दिया था। थाना प्रभारी वीरेंद्र मीणा ने बताया कि मनीष को पकड़ने के लिए टीमें तलाश कर रही है। आरोपियों की मां लक्ष्मी भी फरार है, जिसकी भी तलाश की जा रही है।

# थाने सूचना देने आए व्यक्ति-व्यापारी को डाला जेल में

## रात भर रखा, हेड-कॉन्स्टेबल पर रुपए मांगने और मारपीट के आरोप, एसपी को शिकायत

बाड़मेर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। बाड़मेर जिले के रीको थाने में अपने वाहन की रमेश कुमार दर्जी सूचना देने पहुंचा। जिसमें उसने अपना वाहन रीको थाना इलाके के गैराज मालिक रामाराम को देने और ट्रांसफर नहीं करने की बात बताई। रीको थाने तत्कालीन डीओ हेड कॉन्स्टेबल सवाईराम ने इस संबंध में गैराज मालिक रामाराम को फोन करके थाने बुलाया। थाने में दोनों पक्ष के आमने-सामने होने और शांति भंग के आरोप में दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

अब रामाराम ने रीको थाने के हेड कॉन्स्टेबल सवाईराम पर रुपए मांगने और मारपीट के आरोप लगाए और एसपी को शिकायत दर्ज करवाई है। हेड कॉन्स्टेबल ने कहा आरोप गलत है।

एसपी को दिए ज्ञापन के अनुसार 17 फरवरी को रमेश कुमार दर्जी अपने वाहन की सूचना देने के लिए रीको थाने पहुंचा। वहां पर अपना वाहन रीको इलाके स्थित वर्कशॉप महिंद्रा फर्स्ट चॉईस के मालिक रामाराम को बेचने और उनके ओर से गाड़ी अपने नाम ट्रांसफर नहीं करने की बात बताई।

रीको थाने के हेड कॉन्स्टेबल सवाईराम ने संबधित गैराज मालिक रामराम को फोन करके सूचना दी और थाने बुलाया। रमेश कुमार और रामाराम दोनों पक्षों से पूछताछ की गई। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और शांति भंग होने पर पुलिस ने गाड़ी की सूचना देने वाले रमेश कुमार और गैराम मालिक रामाराम दोनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।


# पूर्व सीएम वसुंधरा ने एकजुट, नो गुट, एक मुख का नारा दिया

**बोलीं- हम प्रदेशाध्यक्ष के साथ खड़े हैं; मदन राठौड़ को 7 महीने में दूसरी बार भाजपा की कमान**

जयपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ फिर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बन गए हैं। 7 महीने में दूसरी बार मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी उनके नाम की घोषणा हुई। इस दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने एकजुट, नो गुट, एक मुख का नारा दिया।

चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राठौड़ के नाम का ऐलान किया। प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन हुआ, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा था। उसके बाद से ही उनका फिर से अध्यक्ष बनना तय हो गया था।

प्रदेश प्रभारी राधामोहन दस अग्रवाल ने कहा- 3 लोगों ने राजस्थान में मेरे से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। मैंने उन्हें प्रदेश कार्यालय भेजा, लेकिन जब वे यहां आए तो बिना पर्चा भरे ही लौट गए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आपके लिए चुनौती भी है। क्योंकि प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। कभी-कभी ऐसा भी होता है, जब मुख्यमंत्री के पैर में पैर डालने से लगता है, सब कुछ काम हो गया, लेकिन ऐसा नहीं होता है। राजस्थान का हर नागरिक जब तक भाजपा का समर्थक और वोटर न बन जाए, तब तब संगठन का काम लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज भी विपक्ष में कुछ विधायक बचे हुए हैं। 11 कांग्रेसी सांसद हैं, लेकिन हमें राजस्थान में गुजरात




जैसी स्थिति पैदा करनी है। 10 में से 5 निगम ही हमारे पास है। 10 नगर परिषद हमारे पास है, 21 नगर परिषद हमारे पास नहीं है। नगर पालिका में 49 हमारे हैं, जबकि 100 कांग्रेस के है। इसी तरह के हालत पंचायतों के भी है। इसमें सुधार करना ही हमारी चुनौती है।

**राजे बोलीं- हम प्रदेशाध्यक्ष के साथ खड़े हैं**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि आज सर्वसम्मति के साथ मदन राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष चुना गया है, लेकिन इनका राजनीतिक जीवन उतार-चढ़ाव के साथ रहा है। हम तब भी आपके साथ थे, आज भी आपके साथ खड़े हैं। जो पार्टी के साथ चलता है, पार्टी उसे जरूर देखती है। इससे पहले जब आपने प्रदेशाध्यक्ष पद को संभाला था, तो मैंने पद, मद और कद पर कहा था। राधा मोहन जी आप बेबाक बोलते हो, सबको अपनी जगह बता देते हो। डिप्लोमेसी के बिना सीधे सच बोल देते हो। आपने सत्ता और संगठन को बराबर रखा है। यही हमारी पार्टी की शक्ति है। राजे ने मदन राठौड़ से कहा कि आप जो भी टीम बनाए, वो काबिल,जिम्मेदार ओर पार्टी को साथ लेकर चलने वाली हो। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- यह हमारी सरकार है, सबसे अच्छी सरकार है। उन्होंने कॉलेज टाइम की चर्चा करते हुए कहा कि हम खाना खाने एक होटल में जाते थे, वहां लिखा हुआ था अगर आप हमारी सेवाओं से संतुष्ट है, तो दूसरों को कहें और संतुष्ट नहीं है तो हमको कहें। मदन राठौड़ ने विजय रूपाणी की चर्चा करते हुए भी कहा- यह जहां से आते हैं, वहां 27 साल से भाजपा ने किसी और को पैर नहीं रखने दिया, राजस्थान में भी हमें वही व्यवस्था पैदा करनी है और इसका विशेष रूप से ध्यान रखने की जिम्मेदारी सभी कार्यकर्ताओं की बनती है, इसलिए याद रखें यह हमारी सरकार है, सबसे अच्छी सरकार है।

**25 राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नाम की घोषणा**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, सतीश पूनिया, सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, ओंकार सिंह लखावत, नारायण लाल पंचारिया, मंत्री मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, सीआर चौधरी, अलका गुर्जर, प्रभुलाल सैनी, अनीता भदेल, रमेश यादव, जसवंत सिंह गुर्जर, कनकमल कटारा, रामकिशोर मीणा, अजय पाल सिंह, निर्मल कुमावत, प्रसनजीत मेहता, प्रताप लाल, ओमप्रकाश के नाम शामिल है।

# कॉस्मेटोलॉजी भी आधुनिक जीवन शैली में महत्वपूर्ण : डॉ. मान सिंह

## पहली बार राष्ट्रीय रेलवे त्वचा विशेषज्ञ सम्मेलन-2025 इरिसेट में आयोजित



हैदराबाद, 22 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं में पहली बार राष्ट्रीय रेलवे त्वचा विशेषज्ञ सम्मेलन आज यानी 22 फरवरी, 2025 को भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान (इरिसेट), सिकंदराबाद के सभागार में शुरू हुआ। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. मान सिंह मुख्य अतिथि थे और उन्होंने सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. निर्मला राजाराम, प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डायरेक्टर (पीसीएमडी), एससीआर और मुख्य संरक्षक, रेल डर्म कॉन – 2025; डॉ. आई. शिव नागा प्रसाद, चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल रेलवे अस्पताल, लालगुडा और अध्यक्ष, रेल डर्म कॉन भी उपस्थित थे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे और मंडलों से सौ से अधिक त्वचा विशेषज्ञों और चिकित्सा पेशेवरों ने भारतीय रेलवे स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के अंतर्गत त्वचा संबंधी देखभाल में हुई प्रगति पर चर्चा की।रेल डर्म कॉन – 2025 के आयोजन समिति के सदस्य, डॉ. एन. रमेश, अध्यक्ष और आयोजन सचिव; डॉ. राजा नरसिम्हा राव, वैज्ञानिक सचिव; डॉ. नारायणस्वामी, वित्त सचिव; डॉ. एन.वी.बी.के साई, चीफ स्टाफ सर्जन–I/सेंट्रल हॉस्पिटल, लालागुडा और कार्यकारी सदस्य; डॉ. कृष्णवेणी एन, चीफ स्टाफ सर्जन–II/सेंट्रल हॉस्पिटल, लालागुडा और कार्यकारी सदस्य; डॉ. एच.के चालगेरी, मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/एससीआर और कार्यकारी सदस्य और डॉ. पद्मा, मुख्य सलाहकार त्वचा विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. मान सिंह ने कहा कि यह भारतीय रेलवे में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि भारतीय रेलवे के सभी त्वचा विशेषज्ञों को एक साथ आकर त्वचा विज्ञान पर चर्चा करने और ज्ञान को अद्यतन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि अधिकांश रेलवे कर्मचारी अत्यधिक मौसम की स्थिति में काम करेंगे और उन्हें प्रदूषण और खराब जलवायु का सामना करना पड़ेगा, इसलिए यह हमारा प्रमुख कर्तव्य है कि हम उनके स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करें ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपचार प्रदान किया जा सके, जिसके लिए इस प्रकार के सम्मेलन चिकित्सा पेशेवरों की मदद करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केवल त्वचा विज्ञान ही नहीं, बल्कि कॉस्मेटोलॉजी भी आधुनिक जीवन शैली में महत्वपूर्ण है। जी ने आगे कहा कि स्वास्थ्य निदेशालय, रेलवे बोर्ड हमेशा सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए तत्पर है। उन्होंने सभी प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशकों को त्वचा विज्ञान सहित चिकित्सा विभाग को मजबूत करने के लिए नवीनतम चिकित्सा उपकरणों की खरीद और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए सूचित किया, इससे स्नातकोत्तर/डीएनबी छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि, रेलवे बोर्ड भारतीय रेलवे में 10 अस्पताल स्थापित करने की प्रक्रिया में है, जिसमें केंद्रीय अस्पताल लालागुड़ा सहित पोस्ट ग्रेजुएट संस्थान स्थापित करने के लिए चिन्हित किया गया है। सभा को संबोधित करते हुए, श्री अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर ने पहली बार राष्ट्रीय त्वचा विशेषज्ञ सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, एससीआर और टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय सम्मेलन भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं के भीतर त्वचा संबंधी स्वास्थ्य सेवाओं को और बढ़ाने और रेलवे चिकित्सा पेशेवरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इससे पहले, डॉ. निर्मला राजाराम, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक (पीसीएमडी), एससीआर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. एन. रमेश, अध्यक्ष और आयोजन सचिव, रेल डर्म कॉन – 2025 ने परिचयात्मक नोट दिया।

# भट्टी ने पुलिस विभाग की आवश्यकताओं को पूरा करने का वादा किया

## डिप्टी सीएम ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा की



हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा, "राज्य का हर निवासी सुरक्षित महसूस करने का हकदार है और राज्य सरकार पुलिस विभाग की आवश्यकताओं को पूरा करने की जिम्मेदारी लेगी।" शनिवार को सचिवालय में बजट-पूर्व बैठकों के हिस्से के रूप में विभिन्न मुद्दों पर पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने शहरी राज्य के रूप में तेलंगाना के तेजी से विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में तीन मौजूदा शहरी क्षेत्रों के अलावा, फ्यूचर सिटी के रूप में जाना जाने वाला एक नया क्षेत्र भी काम में है। क्षेत्रीय रिंग रोड का निर्माण भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य के वित्तीय संसाधनों, जलवायु और रोजगार के अवसरों जैसे कारकों के कारण, हैदराबाद और पूरे राज्य में प्रवास में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर गृह विभाग को अपने सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को आश्वस्त किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में मुद्दों के समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना पुलिस की देश में अच्छी प्रतिष्ठा है, खासकर साइबर अपराध के मामलों को सुलझाने में वे देश में अग्रणी हैं, विक्रमार्क ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की और उन्हें यह भी निर्देश दिया कि जहां भी संभव हो, पुलिस क्वार्टरों के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को जहां भी संभव हो सीएसआर फंड जुटाने का प्रयास करना चाहिए और पुलिस विभाग को मजबूत करने के लिए धन का उपयोग करना चाहिए।

विक्रमार्क ने पिछले एक साल में पुलिस विभाग में भरे गए पदों और वर्तमान में रिक्तियों की भी समीक्षा की। पुलिस अधिकारियों ने ग्रेहाउंड, नारकोटिक्स, इंटेलिजेंस, फायर, पूर्व सैनिकों जैसे आठ डिवीजनों के लिए बजट आवश्यकताओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। डीजीपी जितेंद्र ने पूरे पुलिस विभाग के लिए बजट पर समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में विशेष मुख्य सचिव (वित्त) रामकृष्ण राव, गृह विभाग के प्रधान सचिव रवि गुप्ता, डीजी अभिलाष बिष्ट, ग्रेहाउंड्स, ऑक्टोपस के अतिरिक्त डीजी स्टीफन रविंद्र, हैदराबाद नगर आयुक्त सी वी आनंद, राचकोंडा सीपी सुधीर बाबू, साइबराबाद सीपी अविनाश मोहंती और अन्य उपस्थित थे।

# हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड ने कॉरिडोर के लिए प्रस्तावित मार्ग जारी

हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता) हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड ने कॉरिडोर IV के लिए प्रस्तावित मार्ग जारी किया है, जो मेट्रो के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में नागोल को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ेगा।

यह घोषणा शनिवार को की गई। नियोजित मार्ग में कई प्रमुख स्टेशन शामिल हैं जैसे नागोले (हवाई अड्डा), नागोले एक्स रोड, अलकापुरी जंक्शन, कामिनेनी अस्पताल, एलबी नगर (हवाई अड्डा), बैरमलगुडा, मैत्री नगर, कर्मघाट, चंपापेट रोड, ओवेसी अस्पताल, डीआरडीओ कंचनबाग, बालापुर रोड, चंद्रयानगुट्टा, बंदलागुडा रोड, मैलारदेवपल्ली, कटेदान, आरामघर, न्यू हाई कोर्ट, गगनपहाड़, सातमराई, सिद्दंती, शमशाबाद। कार्गो, और राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आरजीआईए)। हालाँकि, HMRL ने स्पष्ट किया कि स्टेशनों की संख्या, उनके स्थान और नाम अस्थायी हैं।

# सीएम ने एसएलबीसी सुरंग में हुए हादसे की समीक्षा की



हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एसएलबीसी सुरंग में हुए हादसे की समीक्षा की। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई विभाग के सलाहकार आदित्यनाथ दास, सीएम सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी उपस्थित थे। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने मुख्यमंत्री को एसएलबीसी दुर्घटना घटना और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी सीएम ने सुरंग में फंसे आठ मजदूरों को बचाने के लिए बचाव कार्य तेज करने का सुझाव दिया।दिया। सीएम ने घायलों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायें। सीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी रहेगी। मंत्री उत्तम ने सीएम को अवगत कराया कि एसडीआरएफ और एनआरडीएफ की टीमें घटनास्थल पर पहुंची है।सीएम ने सुझाव दिया कि सभी विभागों के अधिकारियों को राहत उपाय करने में सतर्क रहना चाहिए।

# नलगोंडा में पहला बर्डफ्लू मामला



हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता) तेलंगाना ने पूर्ववर्ती नलगोंडा जिले के चौटुप्पल मंडल के नीलापटला गांव में बर्डफ्लू का पहला पॉजिटिव मामला दर्ज किया है। शनिवार को यहां पशुपालन विभाग के शीर्ष सूत्रों ने इसकी पुष्टिकी। विभाग ने पोल्ट्री से एक किलोमीटर के दायरे में लोगों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है और मुर्गियों को मारने का अभियान शुरू किया जा चुका है। गांव और उसके आसपास के प्रभावित परिसर के एक किलोमीटर के दायरे में अन्य पोल्ट्री के साथ-साथ फार्म में भी जैव-सुरक्षा उपाय शुरू किए गए हैं।

सूत्रों ने डेक्कन क्रॉनिकल को बताया कि विभाग बर्डफ्लू को फैलने से रोकने के लिए नीलापटला के पोल्ट्री फार्मों में अगले 15 दिनों तक कीटाणुशोधन का काम करेगा। मुर्गियों की रहस्यमय परिस्थितियों में अचानक मौत की सूचना के बाद, पशु चिकित्सकों की एक टीम ने किसान पाशम शिवा के पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया और नमूने एकत्र किए हैदराबाद में पशुपालन विभाग में महामारी विज्ञान विंग के एक सूत्र ने पुष्टि की हमें संस्थान से एक रिपोर्ट मिली जिसमें पुष्टि की गई कि नमूनों का परीक्षण बर्डफ्लू के लिए सकारात्मक आया है।

# लोहिया विचार मंच का सम्मान समारोह



हैदराबाद, 22 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। लोहिया विचार मंच की एक बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन विचार के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह,पूर्व न्यायाधीश के द्वारा आयोजित किया गया।

इसके पहले दिसंबर 2024 को डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन और लोहिया विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में हैदराबाद में दो-दिवसीय पंचम राष्ट्रीय विचार मंथन का सफल आयोजन बदरीविशाल पित्ती की स्मृति में संपन्न हुआ था।

दो दिवसीय उस वैचारिक महायज्ञ को सफल बनाने में लोहिया विचार मंच के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह और उनकी पूरी टीम का अविस्मरणीय योगदान रहा।

